CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक | संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, बुधवार, 1 नवम्बर 2023 । वर्ष – 33 । अंक – 183 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 4.00 रु





करवा चौथ आज

■ अपनी ही पार्टी को उसके हाल पर छोड़ चुके हैं मोदी?
■ सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ असम में विपक्षी एकता की कोशिशें शुरू — पृष्ठ 4

■ इजराइल ने हमास के सैकड़ों ठिकानों पर किए हमले
■ हमास का उत्तरी ब्रिगेड कमांडर ढेर : आईडीएफ — पृष्ठ 9

राष्ट्रीय खेलों का मेरे दिल में विशेष स्थान है : रानी रामपाल — पृष्ठ 10

### हैकिंग अलर्ट पर सियासी बवाल

# विपक्षी नेताओं की जासूसी करवा रही सरकार : राहुल

**नई दिल्ली**, 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को सरकार पर जासूसी कराने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष के नेताओं के फोन की टेपिंग हो रही है और उनके कार्यालय में भी इसी तरह

- राहुल बोले, सरकार की नीतियों के खिलाफ लगातार आवाज उठाते रहेंगे, वे इससे डरने वाले नहीं हैं
- विपक्ष के नेताओं को एप्पल का नोटिस आया



मेरे ऑफिस के लोगों के साथ ही विपक्ष के कई नेताओं को यह मैसेज आया है। हमारे पास इसकी पूरी लिस्ट है : राहुल गांधी

की गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है लेकिन वह डरने वाले नहीं है और सरकार की नीतियों के खिलाफ लगातार आवाज उठाते रहेंगे। श्री गांधी ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विपक्ष के नेताओं की जासूसी हो रही है और उनका कार्यालय भी इसकी जद में है। विपक्ष के नेताओं को एप्पल का नोटिस आया है जिसमें लिखा है कि सरकार द्वारा आपके फोन को हैक करने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस नेता ने कहा ये मैसेज मेरे ऑफिस के लोगों के साथ ही विपक्ष के कई नेताओं को आया है। हमारे पास इसकी पूरी लिस्ट है। सरकार अब विपक्ष के नेताओं की जासूसी ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### मोदी सरकार में नंबर एक की हैसियत में है अडानी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार में उद्योगपति अडानी नंबर एक की हैसियत में है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वही करते हैं जो अडानी कहते हैं। श्री गांधी ने कहा मोदी की आत्मा अडानी में है और उनकी ताकत अडानी के पास है। श्री मोदी वही करने को विवश होते है जो अडानी उनसे करवाना चाहते हैं। देश के सभी क्षेत्रों के उद्योगों पर अडानी का एकाधिकार है और वह आए दिन हर उद्योग पर कब्जा कर रहे है। कांग्रेस नेता ने कहा कि जैसे ही अडानी पर सवाल उठाए जाते हैं ईडी, सीबीडी सक्रिय हो जाती हैं लेकिन मोदी सरकार को समझ लेना चाहिए कि अब अडानी बच नहीं सकते। पूरे देश की और पूरे विपक्ष की निगाह अडानी पर है और सरकार का प्रयास लोगों को भटकाने का है।

### इन नेताओं ने शेयर किए स्क्रीनशॉट्स

तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा
शिवसेना (उद्धव) प्रियंका चतुर्वेदी
कांग्रेस नेता शशि थरूर
कांग्रेस नेता पवन खेड़ा
कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल
कांग्रेस नेता राहुल गांधी के ऑफिस वर्कर्स
एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी
आप सांसद राघव चड्ढा
सपा नेता अखिलेश यादव

### एपल ने भी दिया स्पष्टीकरण

एपल कंपनी ने कहा, 'ऐसे हमलों का पता लगाना खतरे के खुफिया संकेतों पर निर्भर करता है जो अक्सर अपूर्ण और अधूरे होते हैं। यह संभव है कि एपल के खतरे संबंधी कुछ सूचनाएं गलत चेतावनी हो सकती हैं या कुछ हमलों का पता नहीं चल पाता।'

# भाजपा की नहीं, हमारी गारंटी पर छग के लोगों का भरोसा है : भूपेश

## सनातन क्या है बृजमोहन अग्रवाल को पता नहीं है?



**रायपुर**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज दो दिनों के बस्तर दौरे के लिए रवाना हुए।इस दौरान भाजपा के बयानों पर पलटवार किया।कांग्रेस सत्ता पाने के लिए घोषणाएं कर रही है भाजपा के इस बयान पर भूपेश बघेल ने कहा, भाजपा की कोई गारंटी नहीं है। धान का दाम 21 सौ रुपए, 5 साल बोनस देने की बात कही थी पर नहीं दिए। हमारी गारंटी पर छत्तीसगढ़ के लोगों का भरोसा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ दौरे पर भूपेश बघेल ने तंज कसते हुए कहा, 15 लाख आया क्या ? काला धन आया क्या ? काले धन की सूची कहां है ? प्रधानमंत्री बस्तर आ रहे हैं तो नगरनार निजी हाथों में नहीं जाएगा उसका आदेश लेकर आ रहे हैं क्या? पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल पर भूपेश बघेल ने निशाना साधा।उन्होंने कहा, सनातन क्या है बृजमोहन अग्रवाल को पता नहीं है? सनातन क्या है उनको नहीं मालूम क्या बात करेंगे।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र के बयान पर सीएम भूपेश बघेल ने पलटवार करते हुए कहा, उनके प्रति बहुत सहानुभूति है। मानसिक संतुलन बिगड़ चुका है। गजनी फिल्म में हीरो का स्मृति लोप होता है।गजनी का नहीं होता है। दिमागी इलाज ठीक करा लें। नागपुर नहीं तो राची चल दें। मुंबई से आकर फिल्मों की जानकारी रखते हैं ऐसी बात नहीं है हम छत्तीसगढ़ में भी रहकर फिल्मों के बारे में जानकारी रखते हैं। अमित जोगी के पाटन से चुनाव लड़ने के सवाल पर भूपेश बघेल ने कहा, पाटन से बहुत सारे लोगों ने नामांकन किया है अमित भी है या नहीं स्क्रूटनी के बाद पता चलेगा।

### सीएम भूपेश बघेल ने ट्वीट कर कहा

## छत्तीसगढ़ में 500 रुपए से भी कम में मिलेगा सिलेंडर

छत्तीसगढ़ में फिर कांग्रेस की सरकार बनी तो गैस सिलेंडर की कीमत 500 रुपए से कम हो जाएगा। सीएम भूपेश बघेल ने ट्वीट कर कहा, देश में सबसे सस्ता सिलेंडर छत्तीसगढ़ में मिलेगा। आज सिलेंडर की कीमत 974 रुपए है, 500 रुपए कांग्रेस की सरकार देगी तो सिलेंडर सिर्फ 474 रुपए में मिलेगा।

मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के बीच एक नवंबर को एलपीजी सिलेंडर के रेट भी अपडेट होंगे। मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मिजोरम और तेलंगाना में हो रहे इन चुनावों से करीब दो महीने पहले 30 अगस्त को मोदी सरकार ने बड़ी राहत देते हुए घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम 200 रुपये घटा दिए थे। दिल्ली में ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### कांग्रेस ने 17 घोषणाएं की, कम से कम एक गारंटी तो दे भाजपा

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, हमने 17 घोषणाएं की हैं, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने गारंटी भी दी है। भाजपा को कम से कम एक गारंटी देनी चाहिए थी।राहुल गांधी और प्रियंका गांधी जी ने गारंटी भी दी है। भाजपा को कम से कम एक गारंटी देनी चाहिए थी। प्रधानमंत्री को उड़ान योजना के तहत बस्तर को जोड़ने वाली उड़ानों को रद्द करने और छत्तीसगढ़ में कई ट्रेनों को रद्द करने पर संज्ञान लेना चाहिए।

## सार संक्षेप

### राज्यपाल ने राज्य स्थापना दिवस पर दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल श्री हरिचंदन ने कहा कि राज्य स्थापना के बाद छत्तीसगढ़ हर वर्ष विकास के नये आयाम गढ़ रहा है। राज्यपाल ने प्रदेशवासियों से आव्हान किया है कि छत्तीसगढ़ राज्य के लिए सभी ने जो मिलकर सपने देखे हैं, उसे पूर्ण करने के लिए एकजुट होकर कार्य करें एवं प्रदेश और देश की प्रगति में सहभागी बनें।

### राज्य स्थापना दिवस पर आज अवकाश, शासकीय भवनों में रहेगी रोशनी

**रायपुर।** राज्य शासन ने 'राज्य स्थापना दिवस' के उपलक्ष्य में एक नवंबर को छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया है। इस अवसर पर 1 नवम्बर की रात्रि में सभी जिला मुख्यालयों एवं राजधानी रायपुर, नया रायपुर अटल नगर में स्थित शासकीय भवनों पर रोशनी की जाएगी। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस सम्बंध में शासन के समस्त विभाग, अध्यक्ष राजस्व मंडल, बिलासपुर, समस्त विभागाध्यक्ष, समस्त संभागायुक्त, समस्त कलेक्टर तथा समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत को निर्देश जारी किए गए हैं।

### राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति ने सरदार पटेल को श्रद्धांजलि दी


**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल को आज उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सरदार पटेल की जयंती को देश भर में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है और इस दिन देश भर में एकता दौड़ तथा अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। श्रीमती मुर्मू और श्री धनखड़ ने मंगलवार को यहां पटेल चौक स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### मोदी को केजरीवाल से लगता है डर : आतिशी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से डर लगता है इसलिए दो नवम्बर को उन्हें गिरफ्तार करने की तैयारी है। सुश्री आतिशी ने कहा कि श्री केजरीवाल से ख़ौफ़ खाए बैठे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा उन्हें गिरफ्तार करने की तैयारी में है। भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी उनकी पार्टी को ख़त्म करना चाहते है, यही कारण कि एक के बाद एक झूठे आरोपों में पार्टी के शीर्ष नेताओं को गिरफ़्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

## कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे का आज प्रदेश दौरा

### महासमुंद व जगदलपुर में करेंगे सभा को संबोधित



**रायपुर**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एक बार फिर छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे हैं। 1 नवंबर, बुधवार को वे छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे महासमुंद और जगदलपुर जाएंगे। जहां वे विशाल जनसभा को संबोधित कर सकते हैं। हालांकि अभी उनका कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है। लेकिन जल्द ही उनका मिनट टू मिनट कार्यक्रम आ सकता है।

बता दें कि छत्तीसगढ़ में चुनाव के लिए कुछ ही दिन बच गए हैं। वहीं पहले चरण के चुनाव के लिए गिनती के दिन ही शेष रह गए हैं। ऐसे में पार्टियां प्रचार-प्रसार में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रही हैं। लगातार भाजपा और कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं का दौरा प्रदेश में हो रहा है। बीते शनिवार को ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रवास पर थे। इसके बाद सोमवार को भाजपा के प्रचार के लिए केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी छत्तीसगढ़ आए थे। इसके अलावा कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने के लिए राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने खैरागढ़ और बिलासपुर में सभा को संबोधित किया था। साथ ही कई बड़ी घोषणाएं भी की।

## भाजपा का घोषणा पत्र 2 नवम्बर को

**रायपुर**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। 2 नवंबर को भाजपा अपना घोषणा पत्र जारी कर सकती है। घोषणा पत्र समिति के संयोजक विजय बघेल और भाजपा के दिग्गज नेता घोषणा पत्र तैयार किया जा रहा है। संभवत- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीजेपी का घोषणा पत्र जारी कर सकते हैं। बताया जा रहा है कि भाजपा का घोषणा पत्र किसानों और युवाओं पर केंद्रित हो सकता है।



■ प्रधानमंत्री मोदी हो सकते हैं शामिल

अब जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसे जारी कर सकते हैं। बता दें कि 2 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वे कांकेर में चुनाव प्रचार करेंगे और चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। संभवत-इसी बीच वे घोषणा पत्र भी जारी कर सकते हैं। इसके बाद पीएम मोदी 4 नवंबर को दुर्ग में भी चुनाव प्रचार करेंगे। वहीं 14 नवंबर को वे फिर से छत्तीसगढ़ आ सकते हैं। जहां वे राजधानी रायपुर में रोड शो भी करेंगे।

### सुप्रीम कोर्ट में चुनावी बॉन्ड पर हुई सुनवाई

# चुनावी बॉन्ड से हो रही घूसखोरी

**नई दिल्ली**, 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजनीतिक दलों को चंदा देने की चुनावी बॉन्ड व्यवस्था के खिलाफ याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के पहले दिन याचिकाकर्ता पक्ष ने जिरह की। याचिकाकर्ताओं की तरफ से प्रशांत भूषण और कपिल सिब्बल समेत दूसरे वकीलों ने इस व्यवस्था को अपारदर्शी बताया और इससे भ्रष्टाचार की आशंका जताई। बुधवार को इस पर सरकार जवाब देगी।

वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट के सामने कहा कि चुनावी बॉन्ड योजना दरअसल कॉर्पोरेट घरानों से रिश्वत लेने का एक तरीका है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के बारे में जानकारी के नागरिकों के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करती है। शीर्ष अदालत के पिछले फैसलों का हवाला देते हुए भूषण ने कहा कि अगर नागरिकों को उम्मीदवारों के बारे में जानने का अधिकार है, तो उन्हें निश्चित रूप से यह भी जानने का अधिकार है कि राजनीतिक दल को कौन फंड कर रहा है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की एक संवैधानिक पीठ मामले की सुनवाई कर रही है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की जनहित याचिका पर दलील देते हुए भूषण ने बताया कि इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम ने एक अपारदर्शी उपकरण पेश किया है। इस वजह से सरकार के अलावा किसी को पता नहीं चल पाता कि किसने किसको कितना योगदान दिया। राजनीतिक दल को यह भी नहीं पता होगा कि किसने दान दिया है। भूषण ने यह भी कहा कि बीजेपी को पिछले 5 साल में 5271.97 करोड़ रुपए मिले जो कि इलेक्टोरल बॉन्ड के ज़रिए इस दौरान दिए गए चंदे का 74.72 प्रतिशत है।

■ चुनावी बॉन्ड में पारदर्शिता नहीं होने से भ्रष्टाचार को बढ़ावा : प्रशांत भूषण

# मराठा आरक्षण को लेकर आंदोलन हुआ हिंसक

**बीड**, 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर शुरू हुआ आंदोलन हिंसक हो गया है। यह राज्य के मराठवाड़ा इलाके के 8 जिलों में फैल गया है। इनके अलावा पुणे, अहमदनगर में भी प्रदर्शन हो रहे हैं। मुंबई-पुणे एक्सप्रेस पर 6 किमी जाम लग गया। इन शहरों में आगजनी की घटनाएं सामने आई हैं।

बीड और माजलगांव के बाद मंगलवार को जालना के पंचायत बॉडी ऑफिस में आग लगा दी गई। इसके पहले उमरगा कस्बे के नजदीक तुरोरी गांव में भी सोमवार देर रात आगजनी हुई। तुरोरी में प्रदर्शनकारियों ने कर्नाटक डिपो की एक बस में आग लगा दी थी। राज्य सरकार ने बुधवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है।

- पुणे-मुंबई हाईवे जाम, धाराशिव में ट्रेन रोकी
- सरकार ने आज सर्वदलीय बैठक बुलाई

**उस्मानाबाद में भी प्रशासन ने कर्फ्यू लगाया**– उधर, इस आंदोलन से सबसे ज्यादा प्रभावित बीड शहर के बाद उस्मानाबाद में भी प्रशासन ने कर्फ्यू लगा दिया है। बीड में इंटरनेट बंद कर दिया गया है। वहीं, जालना शहर में भी पिछले 12 घंटों में तीन लोगों ने सुसाइड करने की कोशिश की। यहां भी पिछले 13 दिनों से प्रदर्शन जारी है। शिंदे सरकार विधानसभा का स्पेशल सेशन बुलाने पर विचार कर रही है।

### चुनावी हलफनामे से हुआ बड़ा खुलासा

## सचिन व सारा अब नहीं है साथ

**जयपुर**, 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता सचिन पायलट अपनी पत्नी सारा अबदुल्ला से तलाक ले चुके हैं। उनके चुनावी हलफनामे से यह खुलासा हुआ है। सारा अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कांफ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला की बेटी हैं। सचिन पायलट और सारा अबदुल्ला की शादी 2004 में हुई थी। 25 नवंबर को होने वाले राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया 30 अक्टूबर को शुरू हुई थी। मंगलवार को टोंक विधानसभा सीट से सचिन पायलट ने अपना नामांकन दाखिल किया तो उनके तलाकशुदा होने की बात सामने आई। चुनावी हलफनामे में जीवनसाथी के आगे तलाकशुदा लिखा है।

■ सारा अब्दुल्ला से तलाक ले चुके हैं सचिन पायलट

**बेटों को आश्रित बताया**–सचिन पायलट और सारा अब्दुल्ला के दो बेटे आरन पायलट और विहान पायलट हैं। हलफनामे में सचिन पायलट ने बेटों को आश्रित बताया है। 2018 में चुनावी हलफनामे में सचिन पायलट ने सारा अब्दुल्ला की संपत्ति की डिटेल भी दी थी लेकिन इस बार हलफनामे में उनकी संपत्ति का विवरण नहीं है। सारा अब्दुल्ला और सचिन पायलट अमेरिका में पढ़ाई के दौरान संपर्क में आए थे। सचिन पायलट अमेरिका की पेंसिलवेनिया यूनिवर्सिटी के व्हॉर्टन स्कूल से एमबीए करने गए थे। यहीं उनकी मुलाकात सारा से हुई थी।

### गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी जानकारी

## अब तक 8,525 फिलिस्तीनी मारे गए, मृतकों में 130 स्वास्थ्य कार्यकर्ता


**तेल अवीव**, 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि 7 अक्टूबर के हमास के हमलों के बाद से इजरायली सेना के हमलों में 8,525 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-कुद्रा ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि मरने वालों में से 130 स्वास्थ्य कार्यकर्ता थे। बयान में यह भी कहा गया कि 15 अस्पताल नष्ट हो गए।

बयान में कहा गया है कि कम से कम 32 स्वास्थ्य देखभाल केंद्र भी नष्ट हो गए और काम नहीं कर रहे हैं। गाजा के अल-शिफा अस्पताल ने कहा कि ईंधन की कमी के कारण, अस्पताल के जनरेटर बंद हो जाएंगे, जिससे एक बड़ी स्वास्थ्य आपदा होगी। शिफा अस्पताल के प्रवक्ता महदित अब्बास ने बताया कि 50,000 विस्थापित लोग शिफा अस्पताल में हैं। इजरायल का यह आरोप कि अस्पताल हमास लड़ाकों का ठिकाना है, पूरी तरह से झूठ और निराधार है। अब्बास ने आगे कहा, इजरायली सेना अस्पताल में छिपे लड़ाकों की एक भी तस्वीर जारी नहीं कर सकी। वे कल्पना और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की दुनिया में गए, उसका समर्थन करने के लिए, जो उन्होंने अपनी कल्पना में खींची थी।

## मणिपुर में पुलिस अधिकारी की गोली मारकर हत्या

**इंफाल**, 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। संदिग्ध उग्रवादियों ने मंगलवार को मणिपुर के तेंगनौपाल जिले के मोरेह में एसडीपीओ की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि संदिग्ध आतंकवादियों ने पुलिस दल पर उस समय हमला किया जब वे मोरेह के ईस्टर्न शाइन स्कूल मैदान में एक हेलीपैड के प्रस्तावित निर्माण स्थल की समीक्षा कर रहे थे, जिसमें एसडीपीओ चिंगथम आनंद कुमार घायल हो गए, जिन्हें तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। मारे गए पुलिस अधिकारी के पेट में गोली लगी थी। सुरक्षा बलों ने इंफाल-ईस्ट और चुराचांदपुर में छापेमारी कर हथियार और विस्फोटक जब्त किए।

## चंद्रबाबू नायडू 52 दिन बाद जेल से रिहा हुए



**राजमुंदरी**, 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। कथित कौशल विकास घोटाले में 52 दिन जेल में बिताने के बाद आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्राबाबू नायडू मंगलवार को आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय से मिली अंतरिम जमानत के बाद राजमुंदरी केंद्रीय कारागार से बाहर आ गए। जेल से बाहर आने के बाद उनके परिवार के सदस्यों और तेलुगु देशम पार्टी के नेताओं और सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। जेल के बाहर लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अपने 40 साल लंबे राजनीतिक करियर में उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है। उन्होंने कहा, न तो मैंने कुछ गलत किया और न ही किसी को कुछ गलत करने दिया। नायडू ने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना तथा देश-विदेश के अन्य हिस्सों में तेलुगु लोगों को उनके समर्थन और एकजुटता के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि वह उनके समर्थन और मुख्यमंत्री के रूप में उनके किए गए विकास कार्यों को उजागर करने के लिए हमेशा उनके ऋणी रहेंगे। टीडीपी प्रमुख ने राजनीतिक दलों और उनके नेताओं को भी उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

### आतंकवाद — सेना के लिए फिर बनने लगी न उगली जाए, न निगली जाए की स्थिति

# एलओसी पर रहस्यमयी गोलीबारी से सेना परेशान

■ सीजफायर के 20 सालों में करीब 136 जवानों की मौत हुई

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। एलओसी पर जारी सीजफायर के बीच होने वाली रहस्यमयी गोलीबारी अर्थात स्नाइपर शाट की फिर से पाकिस्तान की ओर से शुरुआत होने से सेना परेशान हो उठी है। उसकी परेशानी इन घटनाओं में सीजफायर के 20 सालों में उसके 136 के करीब जवानों की हुई मौत है और उसकी हालत यह है कि वह इसके लिए किसी को दोषी ठहराने की स्थिति में इसलिए नहीं है क्योंकि अगर ऐसा करती है तो सीजफायर दांव पर लग जाता है।**

*पिछले हफ्ते दो सालों के अरसे के बाद कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में पाकिस्तानी स्नाइपरों द्वारा दागी गई गोली से सेना का एक जवान गंभीर रूप से जख्मी हो गया। यह कोई पहला मौका नहीं है जबकि एलओसी पर रहस्यमयी गोलीबारी से कोई जवान जख्मी हुआ हो या किसी जवान की मौत हुई हो। पिछले 20 सालों से जारी सीजफायर की अवधि में यह 137वीं घटना है और 136 जवान शहीद हो चुके हैं। जबकि वर्ष 2020 में तो जून के बाद 7 जवानों को सेना एलओसी पर खो चुकी है।*

***गोलीबारी के पीछे पाक सेना के निशानेबाज*** *–दरअसल इन रहस्यमयी गोलीबारी की घटनाओं के पीछे पाक सेना के वे निशानेबाज हैं जो स्नाईपर राइफलों से भारतीय जवानों को निशाना बना रहे हैं। कई बार फ्लैग मीटिंगों में भारतीय पक्ष द्वारा इस पर आपत्ति जताई जा चुकी है लेकिन हर बार पाक सेना ऐसी किसी गोलीबारी की घटना से इंकार कर चुकी है। नतीजतन रहस्यमयी गोलीबारी, जिसके पीछे भारतीय पक्ष के मुताबिक पक्के तौर पर पाक सेना और उसके वे आतंकी पिट्ठू हैं जो सीमा के उस पार पाक सीमा चौकियों पर शरण लिए हुए हैं, से सेना परेशान हो उठी है। ऐसी दशा में सेना के पास ऐसी रहस्यमयी गोलीबारी की घटनाओं और घुसपैठ के बढ़ते दबाव से निपटने का एक ही रास्ता बचा है और वह यह है कि एलओसी पर जारी सीजफायर समाप्त हो जाए। एक सेनाधिकारी के बकौल:'सीजफायर ने पाक सेना को अपनी पोजिशनें मजबूत करने और घुसपैठ को कारगार ढंग से अंजाम देने का मौका दिया है।' वर्ष 2003 में जब दोनों मुल्कों के बीच संघर्ष विराम समझौता हुआ तो कुछ अरसे तक एलओसी तथा इंटरनेशनल बार्डर पर शांति बनी रही थी पर यह ज्यादा देर तक इसलिए नहीं टिक पाई क्योंकि पाकिस्तान की ओर से की जाने वाली रहस्यमयी गोलीबारी ने भारतीय जवानों की जानें लेनी आरंभ कर दी थी।*

# नाम निर्देशन पत्रों की जांच, 18 के नामांकन निरस्त

- विधानसभा चुनाव के लिए दाखिल किए गए नाम निर्देशन पत्रों की जांच संबंधित रिटर्निंग अफसरों के द्वारा आज की गई






**बिलासपुर**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के लिए दाखिल किए गए नाम निर्देशन पत्रों की जांच संबंधित रिटर्निंग अफसरों के द्वारा आज की गई। प्रेक्षकों की मौजूदगी में बारी-बारी से चेकलिस्ट के अनुसार सूक्ष्मता से की गई। कलेक्टर अवनीश शरण ने भी जांच प्रक्रिया का निरीक्षण किया। इस दौरान उम्मीदवार एवं उनके अभिकर्ता मौजूद थे। जांच में जिले की छह विधानसभाओं को मिलाकर 18 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र निरस्त किए गए। इन अभ्यर्थियों में कोटा विधानसभा क्षेत्र से अपराजिता मंडल एवं भूनेश्वर मार्को कुल 02 उम्मीदवार, बिल्हा विधानसभा क्षेत्र से रवि प्रसाद यादव, सागर निषाद, सादिका बेगम खान और सूरज मिरी डहरिया कुल 04 उम्मीदवार, तखतपुर विधानसभा क्षेत्र से दिलीप अग्रवाल, बेलतरा विधानसभा क्षेत्र से रामशरण यादव, अरविन्द कुमार पांडे, संतोष साहू एवं हीराबाई यादव कुल 04 उम्मीदवार, मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र से उमेश कुमार भार्गव, शब्द सांची पाटले एवं श्रीमती सुखमनी डहरिया कुल 03 उम्मीदवार, बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र से तरूण किशोर विश्वकर्मा, पूरनलाल छाबरिया, चंद्रशेखर पांडे एवं बहोरन लाल यादव कुल 04 उम्मीदवारों के नाम निर्देशन पत्र अमान्य किए गए हैं।नाम निर्देशन पत्र जिन कारणों से अमान्य किए गए हैं उनमें डमी उम्मीदवार, शपथ पत्र प्रस्तुत नहीं करना, अधूरे नामांकन पत्र, प्रस्तावकों के पूरे हस्ताक्षर नहीं होना और बी फॉर्म नहीं होना आदि कारण शामिल हैं। ज्ञात हो कि चुनाव आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम अनुसार अभ्यर्थी 2 नवंबर को अपरान्ह 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्र वापस ले सकेंगे। 3 बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव प्रतीक चिन्ह आबंटित किया जाएगा।

### भाजपा प्रत्याशी प्रणव मरपच्ची के प्रचार के लिऐ लगी थीं वाहन

# भाजपा के चुनाव प्रचार सामग्री बिना अनुमति के वाहन से जब्त

**एफ एस टी टीम की कार्रवाही**




**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 31 अक्टूबर ( देशबन्धु ) मरवाही विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी प्रणव मरपच्ची के प्रचार सामग्री लदे स्कार्पियो वाहन को मरवाही तहसीलदार ने प्रचार सामग्री सहित जप्त किया है , पार्टी द्वारा वाहन चुनाव कर में लगने की कोई अनुमति नहीं ली गई थीं, वाहन समेत प्रचार सामग्री जप्त कर अग्रिम कार्यवाही के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी को भेज दिया गया है ।

निर्वाचन आयोग के शख्त निर्देश के बावजूद भी राजनीतिक पार्टियां बिना अनुमति के वाहनों का बेखौफ होकर वाहनों को चुनाव कार्य एवं प्रचार सामग्री को परिवहन और प्रचार कार्य में लगा रखे हैं.. ऐसे ही एक स्कॉर्पियो वाहन सीजी 18 टी 0379 वाहन की सूचना एफ एस टी टीम मरवाही तहसीलदार को लगी जो कोटमी में से गुल्लीडांड की ओर से भारतीय जनता पार्टी का प्रचार सामान एवं झंडा बैनर लेकर मरवाही आ रही थी , जिसकी सूचना जब एफ एस टी टीम ने उक्त वाहन को रोक अनुमति के चुनाव प्रचार अभियान सामग्री के वितरण कार्य में लगा रखा है तहसीलदार रवि भोजवानी ने दानीकुंडी के पास उक्त वाहन को रोककर पड़ताल की तो राजनीतिक दल का चुनाव प्रचार सामग्री झंडे बैनर आदि उक्त वाहन में पाए गए जिस पर चुनाव प्रचार में लगने की अनुमति नहीं ली गई थी अनियन अधिकृत पाए जाने पर मरवाही थाने में जप्त कर लिया गया है जिला निर्वाचन को भेज दिया गया फिलहाल वहां एवं प्रचार सामग्री को जप्त किया गया

## सार-संक्षेप

### ब्लाक शहर अध्यक्ष बने मिथिलेश



**तखतपुर** 31 अक्टूबर ( देशबन्धु ) युवा कांग्रेस द्वारा तखतपुर और सकरी में अध्यक्ष उपाध्यक्ष की घोषणा की है जिसमें ब्लाक शहर अध्यक्ष मिथिलेश यादव, ब्लाक अध्यक्ष प्रमोद निर्मलकर, सकरी ब्लाक अध्यक्ष अरविंद गंधर्व, विधानसभा उपाध्यक्ष संजू बांधे के रूप में नियुक्ति की गई है। इनकी नियुक्ति युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अनिल कौशिक की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष जयकिशन यादव की द्वारा की गई है। ब्लाक शहर अध्यक्ष बनने पर मिथिलेश यादव ने कहा कि संगठन ने जो जवाबदारी मुझे दी है उसे मैं निष्ठा पूर्वक निर्वहन करूंगा और पार्टी को मजबूती प्रदान करूंगा।

### राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**रायगढ़**, 31 अक्टूबर 2023/ जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के मागदर्शन एवं निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ द्वारा जिला जेल, बाल संप्रेक्षण गृह, बाल आश्रम, ग्राम पंचायत विद्यालय, महाविद्यालयों आदि स्थानों पर राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जिला जेल रायगढ़ एवम बाल संप्रेक्षण गृह जिला रायगढ़ में भी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिन्होंने शिविर में एकता दिवस के महत्व को बताते हुए उपस्थित सभी लाभार्थिगणों को एकता की शपथ दिलाई।

### एफएसटी-जीएसटी टीम की बड़ी कार्यवाही

**रायगढ़**, 31 अक्टूबर 2023/ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने जिले में निर्वाचन के दौरान आदर्श आचार संहिता के पालन व व्यय निगरानी के संबंध में गठित टीमों को लगातार मॉनिटरिंग करने तथा अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हुए है। इसी क्रम में निर्वाचन में निगरानी के लिए गठित प्लाईंग स्क्वाड टीम (एफएसटी) ने आज सहायक कलेक्टर श्री युवराज मरमट के नेतृत्व में स्टेट जीएसटी टीम के साथ मिलकर संयुक्त रूप से एक बड़ी कार्यवाही करते हुए रायगढ़ के एक अपंजीकृत गोदाम से भारी मात्रा में कंबल, साड़ी तथा अन्य गारमेन्ट सामग्री बरामद कर आगे की कार्यवाही शुरू की है। सहायक कलेक्टर श्री युवराज मरमट ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जूटमिल इलाके में छातामुड़ा चौक से पहले कृष्णा साल्वेंट नामक संस्थान के एक अपंजीकृत गोदाम पर आज छापा मारा गया।

# कैंसर के प्रति महिला जागरूकता बढ़ाने अपोलो का प्रयास

## अब बिलासपुर में ही जांच व इलाज उपलब्ध होने से समय और धन की होगी बचत

**बिलासपुर**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। अपोलो कैंसर सेंटर (एसीसी)भारत का सबसे तेज एवं सटीक स्तन कैंसर निदान कार्यक्रम शुरू करके, उन्नत कैंसर उपचार के साथ सीमाओं को आगे बढ़ा रहा है। इस अग्रणी पहल का उद्देश्य तेजी से और सटीक स्तन कैंसर का निदान प्रदान करना, बेहतर जीवित रहने की दर के लिए और रोगियों के लिए जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने में प्रारंभिक पहचान के महत्व को प्रभावी बनाना है।

यह अभूतपूर्व पहल स्तन कैंसर की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है। कैंसर प्रबंधन और स्वास्थ्य सेवाओं के भविष्य की एक आशाजनक झलक पेश करता है। अपोलो कैंसर सेंटर इस कार्यक्रम को प्रदान करने वाला भारत का पहला केंद्र होने पर गर्व करता है और भविष्य में अन्य अंगों के लिए इस मॉडल को दोहराने की क्षमता की कल्पना करता है। अक्टूबर में स्तन कैंसर जागरूकता माह के अनुरूप, अपोलो कैंसर सेंटर महिलाओं में स्तन कैंसर के समय पर निदान के लिए इस कार्यक्रम को समर्पित कर रहा है। स्तन कैंसर महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए एक प्रमुख चिंता का विषय है, और समय पर निदान प्रभावी हस्तक्षेप की आधारशिला है। स्तन कैंसर के खिलाफ लड़ाई में शुरुआती जांच सर्वोपरि है और अपोलो कैंसर सेंटर में हमने शुरुआती चरण में निदान किए गए स्तन कैंसर के इलाज में बड़ी सफलता हासिल की है। हमने 60प्रतिशत तक स्तन संरक्षण की दर हासिल कर ली है, जिससे हमारे रोगियों को बेहतर जीवन गुणवत्ता वाले परिणाम मिलते हैं। भारत का सबसे तेज एवं सबसे सटीक स्तन कैंसर निदान कार्यक्रम है समय पर और सटीक निदान सुनिश्चित करने, परिणामों के लिए लंबे समय तक इंतजार करने के तनाव को कम करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। जब स्तन कैंसर प्रबंधन की बात आती है तो अपोलो कैंसर सेंटर दृढ़ता से जल्द से जल्द सबसे आसान में विश्वास करता है। इस कार्यक्रम में स्तन स्वास्थ्य का तुरंत और सटीक आकलन करने के लिए मैमोग्राफी, अल्ट्रासाउंड और बायोप्सी सहित उन्नत नैदानिक प्रौद्योगिकियां शामिल हैं। मरीज़ 24 घंटों के भीतर परिणाम प्राप्त कर सकते हैं, यह स्तन कैंसर की जांच या निदान सेवाएं चाहने वाले व्यक्तियों के लिए खुला है, बशर्ते वे आवश्यक मानदंडों को पूरा करते हों। इसके प्राथमिक लाभों में तेजी से परिणाम, रोगी की चिंता में कमी, और स्तन कैंसर का शीघ्र पता लगाना शामिल है - प्रगति जो उपचार के परिणामों में काफी सुधार करती है। नियोजित नैदानिक परीक्षण आम तौर पर सुरक्षित होते हैं, स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर पूरी प्रक्रिया के दौरान रोगी के आराम को सुनिश्चित करते हैं। स्थान, बीमा कवरेज और विशिष्ट नैदानिक आवश्यकताओं के आधार पर लागत में भिन्नता हो सकती है, जिसके लिए मरीज सटीक जानकारी के लिए अपोलो कैंसर केंद्रों तक पहुंच सकते हैं। स्तन कैंसर का पता चलने की स्थिति में, अपोलो कैंसर सेंटर का कार्यक्रम मरीजों को व्यक्तिगत देखभाल के लिए मार्गदर्शन करने, उन्हें एक व्यापक उपचार योजना के लिए कुशल ऑन्कोलॉजिस्ट और विशेषज्ञों से जोड़ने के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं।




डॉ. अमित वर्मा, वरिष्ठ सलाहकार - सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, अपोलो कैंसर सेंटर, बिलासपुर, ने बताया कि वर्षों से, अपोलो कैंसर सेंटर ने प्रारंभिक स्तन कैंसर निदान और उपचार के महत्व को समझा है। बीमारी का त्वरित और सटीक पता लगने से न केवल प्रभावी उपचार का सबसे अच्छा मौका मिलता है, बल्कि रोगियों को जल्द राहत भी मिलती है। यह कार्यक्रम हमें समय पर निदान और वैयक्तिकृत देखभाल प्रदान करने के लिए उन्नत नैदानिक उपकरणों के साथ उपचार में। अपनी विशेषज्ञता के संयोजन से बेहतर परिणाम प्रदान करता है। , हम न केवल स्तन कैंसर का इलाज कर रहे हैं; हम अपने रोगियों आशा, बेहतर जीवन गुणवत्ता भी प्रदान कर रहे हैं। डॉ. सार्थक मोहर्रिर कंसल्टेंट रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट, अपोलो कैंसर सेंटर, बिलासपुर ने कहा, स्तन कैंसर के निदान और देखभाल के प्रति हमारी प्रतिबद्धता सिर्फ चिकित्सा उत्कृष्टता से परे है इसका विस्तार यह सुनिश्चित करने तक है कि हमारे मरीज़ सशक्त और समर्थित महसूस कर रहे हैं। हम समझते हैं कि शीघ्र निदान से बेहतर परिणाम और जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है। महिलाओं में स्तन कैंसर के लिए हमारे एक दिवसीय कैंसर निदान कार्यक्रम के साथ, हमारा लक्ष्य न केवल समय पर परिणाम प्रदान करना है बल्कि आशा और का संचार करना है। यह उस समय सर्वोत्तम देखभाल प्रदान करने के बारे में है जब हमारे रोगियों को इसकी सबसे अधिक आवश्यकता होती है।

# सामान्य प्रेक्षक व पुलिस प्रेक्षक ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**रायगढ़**, 31 अक्टूबर (देशबन्ध्यु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रायगढ़ जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्रीमती रूपांजलि कार्तिक, आईएएस श्री सी.एन लोंगफाई, आईएएस श्री ससीम कुमार बरई एवं पुलिस प्रेक्षक आईपीएस श्री लुनसिह कीपगेन ने आज संयुक्त रूप से स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केआईटी गड़उमरिया में स्थित चारों विधानसभा के लिए बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम, मतगणना कक्ष एवं सुरक्षा मानकों का भी निरीक्षण किया गया।



प्रेक्षकों द्वारा स्ट्रॉन्ग रूम के सुरक्षा संबंध के जानकारी लेने पर कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने बताया की चारों विधान सभा के लिए बनाए स्ट्रॉन्ग रूम सामने सीसीटीवी कैमरा लगाया जा रहा हैं, इसके साथ सिक्योरिटी हेतु फोर्स तैनात किया जाएगा। इस दौरान कलेक्टर श्री गोयल ने सामान्य प्रेक्षकों को मतदान सामग्री वितरण व्यवस्था, मतदान सामग्री वापसी की व्यवस्था मूवमेंट, मतगणना स्थल तक पहुंच मार्ग, बिजली व्यवस्था, सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाएं, विधान सभावार आगमन, निकासी तथा पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य कार्यों का निरीक्षण कराते हुए जानकारी दी। सामान्य प्रेक्षकों द्वारा अग्नि सुरक्षा हेतु प्रत्येक कक्ष में अग्नि शमन यंत्र रखने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर एसएसपी श्री सदानंद कुमार, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय, नगर निगम आयुक्त श्री सुनील चंद्रवंशी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### सामान्य प्रेक्षकों की उपस्थिति में मतदान दलों का द्वितीय रेंडमाइजेशन संपन्न

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के तहत रायगढ़ जिले के चारों विधानसभाओ के लिए नियुक्त जनरल ऑब्जर्वर आईएएस श्रीमती रूपांजलि कार्तिक, आईएएस श्री सी.एन.लोंगफाई, ससीम कुमार बरई की उपस्थिति में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के मार्गदर्शन में जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में मतदान दलों का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर ऋतु हेमनानी, एसडीएम खरसिया श्री रोहित कुमार सिंह, एआरओ धरमजयगढ़ तुलसी राठौर, एआरओ लैलूंगा नेहा उपाध्याय और निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष

### विपक्षी नेताओं की जासूसी ...

कर रही है। आज ही एप्पल का नोटिफिकेशन आया है कि आप सरकार के निशाने पर हैं। सरकार हमारी जासूसी करा रही है। हमारे फोन टेप कराए जा रहे हैं लेकिन सरकार को समझ लेना चाहिए की इससे उन पर कोई फर्क नहीं पड़ता। जितना टेपिंग करना चाहिए, जितना फोन रिकॉर्ड करना चाहिए करे, हम पर इसका कोई फर्क नहीं पड़ता और इससे हम पीछे हटने वाले भी नहीं हैं।'

**मुद्दों से ध्यान भटकने का काम कर रही सरकार**

श्री गांधी ने कहा मेरे कार्यालय में भी कई लोगों को इस तरह का संदेश मिला है। केसी वेणुगोपाल, सुप्रिया श्रीनेत, पवन खेड़ा को भी यह संदेश मिला है। इस तरह के काम करके भाजपा सरकार मुद्दों से ध्यान भटकने का काम कर रही है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि सरकार उनके तथा विपक्ष के अन्य नेताओं के फोन की टेपिंग करवा रही है। इस संदर्भ में उन्होंने सबूत के तौर पर फोन निर्माता कंपनी से ई-मेल पर मिली चेतावनी की प्रति भी संवाददाता सम्मेलन के दौरान दिखाई। उनका कहना था सरकार के इशारे पर हमलावर उनके फोन से छेड़छाड़ करने की कोशिश कर रहे हैं।

**कुछ की आलोचना करना आदत हो गई : अश्विनी**

केंद्रीय संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, इस देश में हमारे कुछ आलोचक हैं जिनकी आलोचना करने की आदत हो गई है। ये लोग देश की उन्नति को पचा नहीं सकते। एप्पल ने 150 देशों में ये सूचना जारी की है। एप्पल के पास कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने अनुमान के आधार पर ये सूचना भेजी है।

### छत्तीसगढ़ में 500 रुपए से भी कम में...

अब 14 ।2 किलो वाला घरेलू एलपीजी सिलेंडर 903 रुपए में मिलने लगा है। राजनीतिक गलियारों से लेकर चौक-चौराहों तक लोग इसे मोदी सरकार का चुनावी मास्टर स्ट्रोक बता ही रहे थे कि एक अक्टूबर को कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम 209 रुपए तक बढ़ा दिए गए। दिल्ली में 19 किलो वाला कॉमर्शियल सिलेंडर 209 रुपए महंगा हो गया। वहीं, कोलकाता में 203 ।50 रुपए दाम बढ़े तो मुंबई के उपभोक्ताओं को 202 रुपए का झटका लगा। चेन्नई में भी 203 रुपए प्रति सिलेंडर रेट में बढ़ोतरी की गई।

# राष्ट्रीय सचिव संजू दीक्षित पहुंची त्रिलोक के निवास



### जिले के सभी प्रत्याशियों को जिताने के लिए हुई विस्तार से चर्चा

**बिलासपुर**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव एवं बिलासपुर लोकसभा की पर्यवेक्षक प्रभारी श्रीमती संजू दीक्षित आज कांग्रेस नेता त्रिलोक चंद्र श्रीवास के निवास पर पहुंचकर जिले के छह विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशियों को जितने हेतु विस्तार से चर्चा किया। इस अवसर पर त्रिलोक श्रीवास ने उन्हें जिले के 6 विधानसभा के सामाजिक समीकरण को सामने रखकर, चुनाव प्रचार प्रसार करने, राज्य सरकार द्वारा किए गए जन कल्याणकारी कार्यो को आम जनता तक पहुंचद्यने, आदि, बहुत सारे रणनीतिक विषय पर चर्चा हुई।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से मनोज श्रीवास महेश मिश्रा श्रीमती गायत्री कश्यप विनय शर्मा गणेश वर्मा राहुल गोरख चरण सिंह राज पंडित जितेंद्र शर्मा जीतू शुभम श्रीवास राहुल श्रीवास दीपक श्रीवास वेदव्यास हर्ष कश्यप अनिल कश्यप पार्थ आशु केवट फूलचंद सारथी सुरेश यादव सोनू लाल यादव छोटू यादव आदि जन उपस्थित थे।

# जिले के चार विधानसभाओं के लिए 50 अभ्यर्थियों ने जमा किया नामांकन

## रायगढ़ के लिए 24, धरमजयगढ़-7, खरसिया-10 एवं लैलूंगा के लिए 9 प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन

### 31 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की संवीक्षा, 2 नवम्बर है नाम वापसी की अंतिम तारीख, 17 नवम्बर को होगा मतदान







**रायगढ़**, 31 अक्टूबर (देशबन्ध्यु)। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए जिले की चार विधानसभाओं हेतु नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर तक कुल 50 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र जमा किये है। जिनमें लैलूंगा से 9, रायगढ़ से 24, खरसिया से 10 एवं धरमजयगढ़ विधानसभा से 7 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार नामांकन पत्रों की संवीक्षा 31 अक्टूबर को होगी। अभ्यर्थियों द्वारा नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 2 नवम्बर है एवं आगामी 17 नवम्बर 2023 को मतदान होगा। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा से 9 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इनमें मनीषा गोंड (जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे), विद्यावती सिदार (इंडियन नेशनल कांग्रेस), सुनीति सत्यानंद राठिया (भारतीय जनता पार्टी), श्री अजय कुमार पंकज (हमर राज पार्टी), श्री रघुवीर राठिया (गोंडवाना गणतंत्र पार्टी), श्री श्रवण भगत (बहुजन मुक्ति पार्टी),श्री अशोक कुमार भगत (निर्दलीय), श्री भजन सिदार (निर्दलीय) एवं श्री महेन्द्र कुमार सिदार (निर्दलीय) शामिल है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ से 24 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इनमें श्रीमती गोपिका गुप्ता (निर्दलीय),श्री नारायण दास (निर्दलीय), श्री ब्रजमोहन अग्रवाल (निर्दलीय), मधुबाई (जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे), श्री ओमप्रकाश चौधरी (भारतीय जनता पार्टी), श्री प्रकाश नायक (इंडियन नेशनल कांग्रेस),श्री गोपाल प्रसाद अग्रवाल (आम आदमी पार्टी), राजीव रत्न गुप्ता (निर्दलीय), श्री अरूण अग्रवाल (आम आदमी पार्टी), श्री शंकर लाल अग्रवाल (निर्दलीय), श्री सुनील मिंज (जोहर छत्तीसगढ़), श्री संजय शर्मा (निर्दलीय), इबरार अली उर्फ इबरार अहमद (निर्दलीय), गोपाल प्रसाद दुबे (निर्दलीय), श्री सुरेन्द्र सिदार (निर्दलीय), गुरवारी जीनत परवीन (निर्दलीय), श्री भुवनलाल पटेल (छत्तीसगढ़ समाज पार्टी), श्री अशोक गार्डिया (निर्दलीय), कान्ति साहू (आजाद जनता पार्टी), श्री भवानी सिंह सिदार (हमर राज पार्टी), श्री राधेश्याम शर्मा (निर्दलीय), श्री संतोष कुमार साहू (निर्दलीय), श्री नजीर अहमद (समाजवादी पार्टी) एवं पुष्पलता टंडन (बसपा) शामिल है।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-18 खरसिया से 10 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इनमें श्री उमेश पटेल (इंडियन नेशनल कांग्रेस), श्री परिमल यादव (जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे), श्रीमती पूर्णिमा विजय जायसवाल (आम आदमी पार्टी), श्री प्रवीण विजय जायसवाल (आम आदमी पार्टी), श्री महेश साहू (भारतीय जनता पार्टी), श्री कीर्ति कुमार राठिया (गोंडवाना गणतंत्र पार्टी), श्री भवानी सिंह सिदार (हमर राज पार्टी), श्री यशवंत निषाद (जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी), श्री गोवर्धन राठिया (निर्दलीय) एवं श्री विनोद चन्द्र सिंह राठौर (निर्दलीय) शामिल है।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-19 धरमजयगढ़ से 7 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इनमें श्री जोगेन्द्र एक्का (जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे), श्री लालजीत सिंह राठिया (इंडियन नेशनल कांग्रेस), सत्यबती राठिया (बहुजन समाज पार्टी),श्री हरिशचंद्र राठिया (भारतीय जनता पार्टी), श्री अनुप कुमार बरवा (बहुजन मुक्ति पार्टी), श्री महेन्द्र कुमार सिदार (हमर राज पार्टी) एवं श्री सुनील खेस्स (निर्दलीय)शामिल है।

### 2 नवम्बर नाम वापसी की आखिरी तारीख

**रायगढ़**, 31 अक्टूबर 2023/ विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए जिले की चार विधानसभाओं हेतु 30 अक्टूबर तक नामांकन के पश्चात आज 31 अक्टूबर को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (स्क्रुटनी)की गई। जिसके पश्चात खरसिया विधानसभा से 2 नामांकन तथा रायगढ़ से एक नामांकन को रिटर्निंग आफिसर्स ने अवैध घोषित किया तथा लैलूंगा से 9, रायगढ़ से 23, खरसिया से 8 एवं धरमजयगढ़ विधानसभा से 7 अभ्यर्थियों के नामांकन को वैध पाया गया। इस संबंध में जिला निर्वाचन शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार खरसिया विधानसभा के प्रत्याशी श्रीमती पूर्णिमा विजय जायसवाल (आम आदमी पार्टी) तथा श्री कीर्ति कुमार राठिया (गोंडवाना गणतंत्र पार्टी)के नामांकन को अवैध घोषित किया गया। वहीं रायगढ़ विधानसभा के श्री अरूण अग्रवाल (आम आदमी पार्टी) के नामांकन को संवीक्षा उपरांत अवैध घोषित किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/ क / तह./ वाचक/ 2023
बिलासपुर, दिनांक 18/10/2023

ग्राम मोपका के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम मोपका प.ह.नं. 29 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 757/6 रकबा 0.0160 हे. भूमि की नामांतरण वसीयतनामा के आधार पर किये जाने के लिए श्री मनोज कुमार दुबे आ. राजाराम दुबे निवासी मोपका द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 20/11/2023 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 10/10/2023 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

सील
**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

# देश

उवाच

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इंडिया अलायंस गठबंधन की आंतरिक स्थिति वर्तमान में अच्छी नहीं है और पांच राज्यों में चुनाव की पूर्व संध्या पर ऐसा नहीं होना चाहिए।

-उमर अब्दुल्ल, नेकां के उपाध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 28° | 2° |
| मुंबई | 31° | 27° |
| कोलकाता | 29° | 23° |
| चेन्नई | 27° | 26° |

# देश में लोकतंत्र व एकता का आधार सरदार पटेल के विचार : ओम बिरला



■ सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर की श्रद्धांजलि अर्पित

**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आधुनिक भारत को आकार देने में सरदार पटेल के महत्वपूर्ण योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि एक सशक्त संविधान तैयार करने में लौह पुरुष की सराहनीय भूमिका को हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कि सरदार पटेल के विचार हमारे देश में लोकतंत्र व एकता का आधार हैं। बिरला ने कहा कि हमारे पास एक मजबूत और महत्वपूर्ण संविधान है, जो सरदार पटेल जैसे हमारे नेताओं के अथक प्रयासों का परिणाम है। बिरला ने यह भी कहा कि सरदार पटेल का जीवन हम सभी के लिए एक प्रेरणास्रोत है, जिससे हमें पूरी निष्ठा से देश के कल्याण के लिए समर्पित होने की प्रेरणा मिलती है। बिरला ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों का उद्गम स्थल या लोकतंत्र की जननी कहलाने वाले भारत के पास एक महत्वपूर्ण विरासत है। बिरला ने इस बात का उल्लेख भी किया कि सरदार पटेल जैसे नेताओं के अमूल्य योगदान से देश की लोकतांत्रिक विरासत समृद्ध हुई है। बिरला ने भारत की आजादी के समय विभिन्न रियासतों को एकजुट करते हुए उन्हें नवगठित राष्ट्र में शामिल करने में सरदार पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख भी किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के कारण ही सरदार पटेल को आधुनिक भारत के वास्तुकार की उपाधि मिली।

### सरदार पटेल की दृढ़ प्रतिबद्धता का किया उल्लेख

ओम बिरला ने एकजुट और समावेशी भारत के प्रति सरदार पटेल की दृढ़ प्रतिबद्धता के बारे में भी बात की, जो हमारे देश के लोकतंत्र और एकता की आधारशिला है। बिरला ने आगे कहा कि सरदार पटेल का दृष्टिकोण, नेतृत्व और राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का शाश्वत स्रोत रहेगी। बिरला ने कार्यक्रम के आयोजन स्थल, संविधान सदन और विशेष रूप से विदेशी अधीनता से स्वतंत्रता के बाद लोकतंत्र की स्थापना तथा राष्ट्र-निर्माण की यात्रा के साक्षी रहे प्रतिष्ठित केंद्रीय कक्ष के महत्व के बारे में भी बात की। इस अवसर पर केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री और वस्त्र मंत्री पीयूष गोयल, केंद्रीय विधि और न्याय, संसदीय कार्य और संस्कृति राज्य मंत्री, अर्जुन राम मेघवाल और राज्य सभा में विपक्ष के नेता, मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी सरदार वल्लभभाई पटेल को पुष्पांजलि अर्पित की।

संसद सदस्यों, पूर्व संसद सदस्यों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी मंगलवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ लोक सभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह और राज्य सभा के महासचिव, पी.सी. मोदी तथा लोक सभा और राज्य सभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी सरदार पटेल को श्रद्धांजलि दी।

### प्रतिभागियों को दिलाई एकता की शपथ

लोकसभा अध्यक्ष ने युवा प्रतिभागियों से कहा कि यह गर्व की बात है कि सरदार पटेल ने हमारे देश और देशवासियों के प्रति अटूट समर्पण की भावना के साथ, इसी कक्ष में बैठकर एक मजबूत संविधान तैयार किया, जिससे प्रत्येक भारतीय नागरिक के लिए अधिकार, समानता और न्याय सुनिश्चित हुआ। बिरला ने प्रतिभागियों को एकता की शपथ दिलाई और उनसे अपने और देश के सुनहरे भविष्य के लिए दृढ़ संकल्प से प्रयास करने का आग्रह किया। यह कहते हुए कि नए भारत का निर्माण नई पीढ़ी द्वारा किया जाएगा। बिरला ने प्रतिभागियों से नई ऊर्जा से चुनौतियों का सामना करते हुए नई दिशा में आगे बढ़ने का आग्रह किया। इस अवसर पर उत्तराखंड विधान सभा की अध्यक्ष, ऋतु खंडूरी भूषण भी उपस्थित।

## जम्मू प्रशासन ने पटाखों की बिक्री पर लगाया प्रतिबंध

**जम्मू,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। सीमा पार से गोलीबारी की हालिया घटनाओं के मद्देनजर जम्मू जिला प्रशासन ने अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) और नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पांच किलोमीटर के दायरे में पटाखों की बिक्री तथा उपयोग पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है जो अगले आदेश तक जारी रहेगा। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आदेश के मुताबिक अक्सर देखा जाता है कि शादी के मौसम में बड़े पैमाने पर आतिशबाजी होती है जिससे अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब सुरक्षा बलों के बीच भ्रम और गलतफहमी पैदा होती है। एक अधिकारी ने कहा कि पटाखों को सीमा पार से होने वाली गोलीबारी के रूप में देखकर सुरक्षाकर्मियों और ग्रामीणों में दहशत फैल जाया करती है। उन्होंने कहा कि इसी के मद्देनजर धारा 144 के तहत पटाखों की बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही इसका उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। गौरतलब है कि दीपवली का त्योहार करीब आ रहा है और शादियों का सीजन भी चल रहा है, ऐसे में प्रशासन ने सीमावर्ती इलाकों में पटाखों के इस्तेमाल तथा बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। गत 17 और 26 अक्टूबर को पाकिस्तान रेंजर्स ने जम्मू के अरनिया और बिश्नाह सेक्टरों में अकारण गोलीबारी की थी।

# फोन हैक कर जासूसी की कोशिश कर रही सरकार : अखिलेश यादव



मेरा भी फोन हैक किया गया, जांच कराए सरकार : यादव

भाजपा सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

**लखनऊ,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा कि सरकार को वरिष्ठ नेताओं के मोबाइल फोन हैक और जासूसी के आरोपों की जांच करानी चाहिए और बताना चाहिए कि ऐसा क्यों किया जा रहा है। पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यादव ने कहा कि मुझे एप्पल कंपनी से मैसेज मिला कि आपका फोन हैक किया जा रहा है। यह बहुत अफसोस की बात है कि सत्ता के इशारे पर वरिष्ठ नेताओं के फोन राज्य की एजेन्सियां हैक कर रहीं हैं। उन्होंने कहा कि वे लोकतंत्र में आपकी आजादी और निजता क्यों छीनना चाहते हैं। यह जासूसी क्यों और वह भी इस हद तक कि बड़े नेताओं के फोन सर्विलांस पर लिए जा रहे हैं। लोकतंत्र में ऐसी किसी चीज के लिए कोई जगह नहीं है। सरकार को जांच करानी चाहिए और बताना चाहिए कि ऐसा क्यों हो रहा है। यादव ने कहा फोन हैंकिंग के शिकार विभिन्न राजनीतिक दलों के कई वरिष्ठ नेता हैं मगर सत्ता में बैठे लोगों को पता होना चाहिए कि जब जनता आपके खिलाफ हो तो यह जासूसी क्या कर लेगी।

मेरा मानना है कि यह निगरानी, दूसरों के फोन हैक करना, इसके लिए विशेषज्ञों को नियुक्त करना और अन्य देशों से मदद लेना, यह उन लोगों द्वारा किया जा रहा है जिन्हें लोकतंत्र पसंद नहीं है।

### सत्ताधारी काम करें, कान न लगाएं

अखिलेश ने कहा कि जासूसी कराने वालों के अपने दल वाले इससे ज्यादा डरे हैं। बेहतर होता कि सत्ताधारी काम करें, कान न लगाएं। उन्होंने मीडिया से कहा कि हमारी तैयारी से भाजपा के लोग घबराए हुए हैं। यह भाजपा के वही लोग हैं, जो लोगों को मिलने से पहले उन्हें साबुन से नहलाते हैं। इस देश ने वो समय भी देखा है, अगर किसी ने छू लिया तो नहा करके आते थे। छुआ हुआ खाना नहीं खाते थे।

## सार संक्षेप

### सेना कमांडर ने लद्दाख के अग्रिम इलाकों का किया दौरा

**श्रीनगर।** उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने मंगलवार को सर्दियों के लिए ऑपरेशनल तैयारियों और सीमा रक्षा बुनियादी ढांचे के विकास की समीक्षा करने के लिए लद्दाख के अग्रिम इलाकों का दौरा किया। सेना मई 22 में चीन के साथ गतिरोध के बाद लद्दाख की बर्फीली ऊंचाइयों पर लगातार चौथी बार सर्दियों की तैयारी कर रही है।

### ओडिशा में छापेमारी के दौरान 71 अवैध हथियार जब्त

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मयूरभंज जिले के सिमिलिपाल अभयारण्य के पास दूसरे चरण की छापेमारी के दौरान मंगलवार को वन और पुलिस कर्मियों ने 71 अवैध हथियार जब्त किए। इससे पहले अगस्त में पहले चरण की छापेमारी में 156 देशी बंदूकें जब्त की गईं और 26 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इसके साथ ही अभयारण्य से जब्त किए गए हथियारों की कुल संख्या 227 हो गई। गत अगस्त में सिमिलिपाल में शिकारियों द्वारा दो वन अधिकारियों की हत्या के बाद पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने बेखौफ घूम रहे और जंगली जानवरों को मारने वाले शिकारियों को पकड़ने के लिए जंगल में तीन प्लाटून पुलिस बल तैनात किया गया है।

### केंद्रीय मंत्री राजीव चन्द्रशेखर के खिलाफ मामला दर्ज

**कोच्चि।** केरल पुलिस ने बम धमाकों के बारे में बयान देने को लेकर केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री राजीव चंद्रशेखर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। रविवार सुबह यहां के येहोवा में एक प्रार्थना सभा कक्ष में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों को लेकर चंद्रशेखर की ओर से दिए गए बयान को लेकर मामला दर्ज किया। कोच्चि पुलिस की साइबर सेल ने सार्वजनिक आदेश का उल्लंघन करने के लिए धारा 12, धारा 153 व धारा 153 ए के तहत मामले दर्ज किए।

### पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से तीन की मौत

**दमोह/भोपाल।** मप्र के दमोह जिला मुख्यालय में अवैध रूप से संचालित एक पटाखा फैक्ट्री में आज विस्फोट होने से तीन लोगों की मौत हो गयी और 1 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिसमें एक को जबलपुर रैफर किया गया है। वहीं, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस घटना में दुख व्यक्त किया है। पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी के अनुसार दमोह कोतवाली थाना अंतर्गत नया बाजार 5 बड़े पुल के पास अवैध रूप से संचालित एक पटाखा फैक्ट्री में दोपहर अचानक विस्फोट हो गया। इस घटना में अपूर्व खटीक, रिंकी और एक अन्य की मौत हो गई। इस घटना में दस लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## बीएसइबी कार्यालय पर एसटीईटी अभ्यर्थियों का हंगामा

**पटना,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के तरफ से हर साल अब तक एक बार माध्यमिक शिक्षा पात्रता परीक्षा (एसटीईटी) का आयोजन किया जाता है। इसमें राज्यभर के शिक्षक



■ बोर्ड की गड़बड़ी से बदला विषय, अब नहीं हो रहा सुधार

अभ्यर्थी हिस्सा लेते हैं। इसके पीछे का मकसद होता है कि वह राज्य सरकार के तरफ से सरकारी टीचर बनने को लेकर जो परीक्षा ली जा रही है उसमें शामिल होने के पात्र हो। इस परीक्षा में मूल रूप से बीएड, डीएलएड, एमएड डिग्री वाले शामिल होते हैं। ऐसे में इस बार जो परीक्षा आयोगित की गई उसमें बड़े पैमाने पर सर्वर गड़बड़ी की बातें निकल कर सामने आ रही है। जिसको लेकर टीचर स्टूडेंट लगातार बीएसइबी का चक्कर काट रहे हैं। ऐसे में अब आज एक बार फिर इन अभ्यर्थी ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति गेट के पास जमकर हंगामा किया है।

दरअसल, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के तरफ से इस बार जो एसटीईटी परीक्षा ली की गई थी उसमें सर्वर समस्या के कारण कई स्टूडेंट के विषय बदल दिए गए। इसके बाद इन स्टूडेंट ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति आकर सुधार को लेकर आवेदन भी दिया। उसके बाद उन्हें यह कहा गया कि आपलोग पहले परीक्षा में शामिल हो इस समस्या को बाद में दूर कर लिया जाएगा। इसके बाद अब ये अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और परीक्षा का परिणाम भी जारी कर दिया।

## शिवराज के बयान पर कमलनाथ का पलटवार

# जय-वीरू ने ही किया था गब्बर के अत्याचार का हिसाब



मध्य प्रदेश 18 साल से अत्याचार से त्रस्त है अब अत्याचार के अंत का समय आ गया है : कमलनाथ

**भोपाल,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के पहले राज्य में मंगलवार को शोले फेम जय-वीरू की जोड़ी के सुर्खियों में बने रहने के बीच पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को संबोधित करते हुए कहा कि जय और वीरु ने ही अत्याचारी गब्बर सिंह का हिसाब किया था। कमलनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, शिवराज जी, जय और वीरु ने ही अत्याचारी गब्बर सिंह का हिसाब किया था। मध्य प्रदेश 18 साल से अत्याचार से त्रस्त है। अत्याचार के अंत का समय आ गया है। बाक़ी आप समझदार हैं। इसके पहले शिवराज चौहान ने बिना किसी का नाम लिए कहा था कि कांग्रेस की जय-वीरू की जोड़ी के बीच लूट के माल के बंटवारे का झगड़ा है। समझा जा रहा है कि उनका ये बयान कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के संदर्भ में था। गौरतलब है कि दिग्विजय सिंह और कमलनाथ के बीच आ रही अनबन की खबरों पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तंज कसा था, जबकि कमलनाथ इन खबरों को पूरी तरह से फेक बता चुके हैं।

### यह बोले थे शिवराज

शिवराज ने सवाल उठाते हुए कहा था कि यह जय और वीरू की जोड़ी है, जिसे दिल्ली बुलाया गया। अब वो कहते हैं कि भाजपा भ्रम फैला रही है तो दिल्ली क्यों बुला रही है! कांग्रेस के जय और वीरू झगड़ रहे हैं और ये लड़ रहे हैं लूट के माल के लिए। जय और वीरू तो लूटते ही थे, इनका झगड़ा है लूट के माल के लिए। पहले भी 2003 तक मिस्टर बंटाधार में पूरे प्रदेश को लूटा और बर्बाद कर दिया सवा साल में कमलनाथ जी ने भी लूट का अड्डा बना दिया था। अब आगे कौन लूटे और कितना लूटे और उसमें कितनी हिस्सेदारी हो झगड़ा इनका केवल इस बात का है। अब दिल्ली भी पता नहीं इन पर किस मुद्दों पर चर्चा कर रही है। क्या दिल्ली भी इसमें शामिल है। विधानसभा चुनाव के इस दौर में दोनों ही पार्टियों के नेताओं की ओर से चुनावी तीर छोड़े जा रहे हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जहां पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पर निशाना साथ रहे हैं। वहीं, जवाब में कमलनाथ भी शिवराज सिंह पर बराबर हमला कर रहे हैं। जय-वीरू और गब्बर से पहले भी शिवराज और कमलनाथ दोनों एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप करते रहे हैं।

### केंद्रीय नेतृत्व के दौरों को लेकर हुई दिल्ली में बैठक : कांग्रेस

भोपाल। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को सोमवार को पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा दिल्ली बुलाए जाने की खबरों को लेकर कमलनाथ ने कहा कि मध्य प्रदेश चुनाव के मद्देनजर पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के प्रदेश में दौरों को लेकर दिल्ली में बैठक हुई थी। कमलनाथ ने यहां संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के प्रदेश में दौरों को लेकर कल दिल्ली में बैठक हुई। बैठक में तीनों नेताओं के दौरे और सभाओं को लेकर विचार मंथन हुआ।

## नीतीश सरकार ने युवाओं के साथ किया बड़ा धोखा : उपेंद्र कुशवाहा

**पटना,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिहार में शिक्षक बहाली को लेकर घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक तरफ जहां सरकार इसे अपनी बड़ी उपलब्धि बता रही है तो वहीं विपक्षी दल शिक्षकों की नियुक्ति में फर्जीवाड़ा का आरोप लगा रहे हैं। जीतन राम मांझी के बाद अब राष्ट्रीय लोक जनता दल के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने भी कहा है कि नीतीश-तेजस्वी की सरकार ने बिहार के युवाओं के साथ बड़ा धोखा किया है।

उपेंद्र कुशवाहा ने कहा है कि ऐसा लग रहा है जैसे बिहार सरकार ने राज्य के नौजवानों के साथ मजाक किया है। तेजस्वी यादव जब बिहार के डिप्टी सीएम नहीं थे तब बहुत घोषणा कर रहे थे उनकी सरकार आएगी तो बिहार में डोमिसाइल नीति लागू



■ शिक्षकों की नियुक्ति में फर्जीवाड़ा का लगाया आरोप

करेंगे और बिहार के युवाओं को नौकरी मिले इसको सुनिश्चित करेंगे। बिहार में अब उनकी सरकार है लेकिन जो पहले से थोड़ी सी सुरक्षा थी राज्य के नौजवानों के लिए उसे भी समाप्त कर के ओपन फॉर ऑल कर दिया गया। जिसका नतीजा हुआ कि बिहार के युवाओं की बड़े पैमाने पर हकमारी हो गई और पड़ोसी राज्य के युवा यहां आकर नौकरी कर रहे हैं।

### नियुक्ति पत्र देकर दिखावा करना चाहती है सरकार

राष्ट्रीय लोक जनता दल के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि बिहार की सरकार ने पूरी तरह से राज्य के युवाओं के साथ खिलवाड़ किया है। जिस तरह से शिक्षक भर्ती परीक्षा का रिजल्ट आया है, बिहार के नौजवानों और शिक्षक अभ्यर्थियों के मन में परेशानी दिख रही है। सरकार आनन-फानन में काम करती है तो नजीता यही होता है। इतना ही नहीं बहुत सारे लोग जो पहले से नौकरी कर रहे हैं उनके फिर से नियुक्ति पत्र देकर सरकार दिखावा करना चाहती है। ऐसे हालात में बिहार की सरकार पूरे अराजक माहौल में चल रही है।

## कॉलेज में घुसकर प्रोफेसर को मारी गोली

**पटना/सीतामढ़ी,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। सीतामढ़ी जिले के श्री राधा कृष्ण गोयनका कॉलेज में घुसकर अपराधियों ने प्रोफेसर को गोली मार दी है। जख्मी प्रोफेसर को इलाज के लिए सीतामढ़ी शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रोफेसर का नाम रवि पाठक है। बता दें कि वे कॉलेज में फिजिक्स डिपार्टमेंट के एसओडी पद पर हैं और वे अपनी ड्यूटी पर थे। इसी दौरान अपराधी कॉलेज के अंदर घुसे और प्रोफेसर को गोली मार दी। घटना के बाद कॉलेज परिसर में अफरा तफरी मच गई। घटना की सूचना के बाद मौके पर सदर डीएसपी रामकृष्ण पहुंचे और मामले की तफ्तीश में जुट गए। प्रोफेसर को गोली लगने के वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल कायम है। बताया जा रहा है कि रवि पाठक कॉलेज परिसर स्थित अपने कार्यालय कक्ष में बैठे थे इसी दौरान अपराधी पहुंचे और उनके ऊपर फायर कर दी। इस दौरान गोली रवि पाठक के जबड़े में गोली लगी। बताया जा रहा है कि उनकी स्थिति बेहद गंभीर बनी हुई है। कॉलेज में ठेकेदारी का काम भी बड़े व्यापक तौर पर चल रहा है ऐसे में ठेकेदारी के वर्चस्व को लेकर रवि पाठक को निशाना बनाए जाने की बात सामने आ रही है।

## उपद्रवियों ने हमारे विधायक प्रत्याशी पर हमला किया : चंद्रशेखर राव

**मिर्यालागुडा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने मंगलवार को मिर्यालागुडा में आयोजित आशीर्वाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बीआरएस उम्मीदवार भास्कर राव को एक लाख वोटों से जिताएं। सभी महत्वपूर्ण बैठकों में भास्कर राव मेरे साथ रहते हैं। तेलंगाना में दस साल से कर्फ्यू नहीं लगा, कोई धार्मिक दंगा नहीं हुआ। राज्य शांतिपूर्वक प्रगति कर रहा है। राज्य के गठन के समय प्रति व्यक्ति आय में तेलंगाना का स्थान कहीं न कहीं था, आज हम शीर्ष पर हैं। एक-एक कर सब कुछ ठीक करते हुए, तेलंगाना केवल दस वर्षों में प्रति व्यक्ति आय में 70 वर्षों से चले आ रहे तमिलनाडु, कर्नाटक और महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्यों को पछाड़कर नंबर एक पर है। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि प्रति व्यक्ति बिजली खपत में तेलंगाना नंबर वन है। हर घर में पेयजल आपूर्ति करने वाले राज्यों में तेलंगाना नंबर एक पर है। जल्द ही सिंचाई के पानी का कष्ट भी पूरी तरह से दूर हो जाएगा। किसान वर्ग



को समग्र विकास की राह पर ले जाने की यात्रा इसी तरह चलती रहे तो बेहतर होगा। दूसरे लोग आएँगे तो अनावश्यक परेशानी होगी। कांग्रेस के उपद्रवियों ने हमारे बीआरएस सांसद और विधायक प्रत्याशी पर चाकुओं से हमला किया। उसकी जान बचाई जा सकी है। हमने कभी अराजकता, बुराइयां, अत्याचार, षडयंत्र, झगड़े नहीं किये। परमेश्वर की शक्ति ने लोगों का भला किया है। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि पहले हर साल हैदराबाद में चाकूबाजी, सांप्रदायिक दंगे और कर्फ्यू होते थे। लेकिन पिछले दस साल से चींटी ने भी नहीं काटा। बीआरएस ने अल्पसंख्यकों के लिए कई सरकारी आवासीय विद्यालय स्थापित किए हैं।

**चिंता** *कम नहीं हो रहीं जम्मू फ्रंटियर के बार्डर से सटे गांवों में रहने वालों की परेशानियां*

# पिछले कुछ वर्षों में पाक बढ़ाता जा रहा गोलीबारी का दायरा

■ सुरेश एस डुग्गर

जम्मू, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। जम्मू फ्रंटियर के गांवों में रहने वालों की दुखभरी दास्तानों की शुरुआत फिर से हो गई है। जम्मू सीमा पर गोलाबारी का क्रम फिर से आरंभ हो गया है। नतीजन गांवों के उजड़ने और बसने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

यह भी एक कड़वा सच है कि जम्मू बार्डर के गांवों का हर घर सीने पर पाकिस्तानी गोलियों का जख्म लिए हुए है। और फिर से आरंभ हुई गोलीबारी ने एक बार फिर दन जख्मों को हरा कर दिया है। शायद ही किसी घर की ऐसी दीवार हो जिस पर गोलाबारी के निशान न हों। बच्चों को तो सुरक्षित स्थानों पर भेज देते हैं, लेकिन परिवार का हिस्सा पशु धन को किसके हवाले छोड़ें। ऐसा मंजर है, पाकिस्तान से लगते बार्डर से सटे अरनिया क्षेत्र के गांवों का। एक



■ पाकिस्तान रेंजरों द्वारा दागे जा रहे अधिक क्षमता वाले मोर्टार शेल

साल के बाद फिर से पाक सेना द्वारा सीजफायर उल्लंघन का ही परिणाम है कि अला गांव के सैनी समुदाय के लोग अपना दुखड़ा बयां करते भावुक हो जाते हैं। सभी लोग गोधन को लेकर चिंतित हैं। गायों व भैंसों को खुला छोड़ नहीं सकते और गले में रस्सी बंधी हो और वह मर जाए, यह कैसे सहन करेंगे। अतीत में गोलाबारी के कारण कई लोगों को औने-पौने दाम में पशुओं को बेचना पड़ा।

अबकी चिंता यह भी है कि गांव व घर छोड़कर चले जाएं तो कहीं चोर सक्रिय न हो जाएं। इस कारण उनकी नींद भी उड़ चुकी है। हालांकि एक साल से इंटरनेशनल बार्डर पर शांति बनी हुई थी। पर यह सच है कि पिछले वर्षों में पाक गोलाबारी का रेंज बढ़ाता ही जा रहा है। पिछले कुछ वर्ष से पाक रेंजरों ने अपनी तोपों के रेंज बढ़ाकर सीधा भारतीय रिहायशी गावों की तरफ निशाना साध रखा था। जीरो लाइन के अलावा छह किमी के दायरे के गांव भी अब पाक गोलाबारी से सुरक्षित नहीं माने जाते रहे हैं। बार्डर के साथ लगते साबा, रामगढ़, अरनिया, आरएस पुरा, हीरानगर, अखनूर, पल्लांवाला, छंब आदि सेक्टरों में होने वाली पाक गोलाबारी से रिहायशी गावों पर गोलाबारी का संकट है। पाक रेंजरों की तरफ से आम लोगों को नुकसान पहुंचाने के लिए हर किस्म के अधिक क्षमता वाले मोर्टार शेलों को भी चार दिन पहले हुई गोलाबारी में प्रयोग में लाया गया है।

मौजूदा समय में अरनिया सेक्टर में पाक रेंजरों द्वारा दागे गए अधिक क्षमता वाले मोर्टार शेल इस बात का पुख्ता सबूत हैं। पाक रेंजरों ने अरनिया सेक्टर में अधिक क्षमता वाले ऐसे कई मोर्टार शेल दागे, जिनसे हर तरफ तबाही का मंजर स्थापित हुआ। पाक की इन नापाक हरकतों और आम जनता को पहुंचाए जाने वाले नुकसान ने अब सीमांत लोगों के सामने नई चुनौती खड़ी कर दी है। पाक तोपों के बढ़ते रेंज के आगे सीमात लोगों को अब कहीं पर भी अपना जीवन सुरक्षित महसूस नहीं होता। वर्ष 2015 से लेकर मौजूदा समय तक पाक गोलाबारी की शैली में लगातार बदलाव हुआ है। पहले तो सरहद पर होने वाली पाक गोलाबारी का सिलसिला जीरो लाइन तक ही सीमित रहता था, जिसका आम जनजीवन पर कोई असर नहीं पड़ता था।

बिलासपुर, बुधवार 1 नवम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## विपक्षी नेताओं की फोन टैपिंग

महुआ मोइत्रा समेत कई बड़े नेताओं के फोन सरकार द्वारा टैप करने का विवाद एक बार फिर खड़ा हो गया है। मंगलवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में राहुल गांधी ने यह बात सामने लाई है। दरअसल प्रसिद्ध फोन निर्माता कम्पनी 'एप्पल' का इस्तेमाल करने वाले कई ऐसे विपक्षी नेताओं को कम्पनी की ओर से ईमेल मिला है कि जिसमें चेतावनी दी गई है कि उनके फोन राज्य समर्थित हमलावर (स्टेट स्पॉंसर्ड अटैकर्स) द्वारा टैप हो रहे हैं। अनेक विपक्षी नेताओं ने इसकी पुष्टि भी की है। राहुल ने इस बारे में कहा है कि 'उन्हें इसका कोई फर्क नहीं पड़ता और सरकार चाहे तो बेशक उनका फोन लेकर जा सकती है', परन्तु यह न केवल निजता का हनन है बल्कि लोकतंत्र में विरोध की आवाज को दबाने की भी कोशिश है जिसका विरोध किया जाना चाहिये।

मंगलवार को कई विपक्षी नेताओं ने दावा किया कि उन्हें अपने आईफोन पर एक अलर्ट प्राप्त हुआ, जिसमें बताया गया है कि 'राज्य प्रायोजित हमलावर उनके फोन से छेड़छाड़ करने की कोशिश कर रहे हैं।' हालांकि इसकी प्रतिक्रिया में एप्पल ने कहा है कि वह खतरे से आगाह कर रही है परन्तु इसके लिये किसी भी राज्य-प्रायोजित हमलावर विशेष को जिम्मेदार नहीं ठहरा रही है। अलबत्ता उसका कहना है कि 'ऐसे हैकर्स वित्तीय रूप से बहुत अच्छे से पोषित और परिष्कृत हैं'। कम्पनी के अनुसार 'ऐसे हमलों का पता लगाना कुछ गुप्त संकेतों पर निर्भर करता है जो ज्यादातर आधे-अधूरे होते हैं। बयान में यह भी साफ किया गया है कि संभव है कि कुछ सूचनाएं गलत चेतावनी हो सकती हैं या कुछ हमलों का पता न चल पाए।' कंपनी ने यह भी कहा है कि 'वह इस बारे में जानकारी देने में असमर्थ है कि किस कारण से उसे एलर्ट जारी करना पड़ा है क्योंकि इससे राज्य प्रायोजित हमलावर भविष्य में और सावधान होकर काम करेंगे।'

इस जानकारी के सार्वजनिक होने से हड़कम्प मच गया है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने भी इस बात की पुष्टि की है कि उनका डिवाइस हैक हो रहा है या उसकी निगरानी हो रही है। ऐसे ही, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता सीताराम येचुरी को भी सोमवार की रात एप्पल से एक ई-मेल मिला। उसमें भी सावधान किया गया है कि 'उनके फोन की 'राज्य-प्रायोजित निगरानी' की जा रही है और उनका फ़ोन और सभी सिस्टम हैक हो रहे हैं।' वैसे कम्पनी द्वारा इस हैकिंग से निपटना मुश्किल बताया गया है। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा, शिवसेना (उद्धव गुट) की प्रियंका चतुर्वेदी, कांग्रेस के लोकसभा सदस्य शशि थरूर, कांग्रेस पार्टी के मीडिया प्रमुख पवन खेड़ा, आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा, एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी आदि ने भी ऐसी ही चेतावनी मिलने की पुष्टि की है। कुछ लोगों ने स्क्रीनशॉट भी शेयर किये हैं जिसके बाद शक की गुंजाईश नहीं रह जाती है कि यह काम केन्द्र सरकार की ओर से ही हो रहा है। अब तक सरकार की ओर से कोई बयान न आना भी उसे शक के घेरे में डालता है। आखिरकार भारत के प्रतिपक्षी नेताओं के फोन टैपिंग में और किस देश की सरकार की रुचि हो सकती है?

राहुल गांधी ने इस बात को और स्पष्ट किया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारोबारी मित्र गौतम अदानी के खिलाफ बोलने के कारण ही उनके फोन को टैप किया जा रहा है। उनकी बात में इसलिये दम दिखता है क्योंकि जितने लोगों को भी निर्माता कम्पनी द्वारा फोन टैपिंग की चेतावनी वाले ईमेल मिले हैं वे न केवल विपक्ष के हैं वरन बेहद मुखर भी हैं और अदानी के विरूद्ध आवाज भी उठाते रहे हैं। उनके द्वारा मोदी सरकार की आलोचना के अंतर्गत अदानी प्रमुख विषय होते ही हैं। अपने फोन की टैपिंग के एलर्ट का संदेश देने वाले ईमेल की प्रति दिखाते हुए राहुल ने यह भी कहा कि देश में मोदी के भी ऊपर अदानी हैं। हालांकि उन्होंने एक बार फिर से इस बात की घोषणा कर दी कि चाहे जो हो जाये, वे अदानी-मोदी के कथित घोटालों को उठाते रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि पहले भी भारत सरकार पर यह आरोप लग चुका है कि उसने इज़रायल से पैगासस नामक जासूसी उपकरण खरीदा है जिसके जरिये देश के अनेक लोगों के फोन टैप कराये जा रहे हैं। ऐसे में जिन लोगों के नाम सामने आये थे उनमें सिर्फ विपक्षी दल के नेता ही नहीं बल्कि नितिन गडकरी जैसे कुछ उनके अपने मंत्रिमंडल के वरिष्ठ सहयोगी भी थे। उनमें कुछ पत्रकार और यहां तक कि भूतपूर्व न्यायाधीश के नाम भी सामने आये थे। हालांकि उस समय भी सरकार ने इस बात से इंकार किया था कि वह किसी के फोन टैप करा रही है लेकिन उसका खुलासा जिस प्रामाणिक ढंग से हुआ था, उससे शक की कोई गुंजाईश नहीं रह जाती थी। सम्भवतया मामला उठने के बाद उतने ही गुपचुप तरीके से उसका इस्तेमाल रोक भी दिया गया होगा। हालांकि कोई इस बात को दावे के साथ नहीं कह सकता कि वह जासूसी रोक दी गई होगी।

जो भी हो, यह एक गम्भीर मसला है और सरकार को चाहिये कि इस बात की गहराई से और पारदर्शितापूर्वक जांच कर इसकी रिपोर्ट जनता के सामने लाए। हालांकि इसकी मोदी सरकार से इसकी उम्मीद करना बेकार है। सम्भव है कि सरकार इस पर मौन धारण कर ले और आतंक फैलाने हेतु यह भ्रम बनाकर रखे कि विपक्षियों के फोन टैप हो रहे हैं।

# अपनी ही पार्टी को उसके हाल पर छोड़ चुके हैं मोदी?



डॉ. दीपक पाचपोर

> तीनों राज्यों में बड़ी संख्या में केन्द्रीय मंत्रियों व नेताओं को उतारा गया है जो इन सभी राज्यों में तकलीफदेह साबित हो रहा है। हार या जीत दोनों ही परिस्थितियों में आंतरिक संघर्ष देखने को मिलेंगे, यह भी तय है। इतना ही नहीं, तीनों ही राज्यों में स्थानीय चेहरों व सबसे बड़े नेताओं की उपेक्षा कर मोदी को जो प्रमुख चेहरा बनाया गया है, वह भाजपा के खिलाफ जा सकता है।

पांच राज्यों के लिये निर्धारित विधानसभा के चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी मंचों से लम्बी अनुपस्थिति सवाल पैदा कर रही है कि क्या उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को उसके हाल पर छोड़ दिया है। ऐसा इसलिये महसूस होता है क्योंकि जैसी अराजकता व भ्रम चुनावी राज्यों में दिख रहा है वह मोदी के चुनाव संचालन को अपने हाथों में रखे रहने से सम्भव नहीं था। यदि ऐसा है तो इससे पार्टी की मुश्किलों में इज़ाफ़ा होगा तथा उसे चुनौती देती कांग्रेस और मजबूत होगी। दशक भर यानी जब से भारत के राजनैतिक परिदृश्य में मोदी एक फिनोमिना बनकर उभरे और छाये हैं, तब से शायद ही कोई ऐसा चुनाव रहा होगा जिसमें उनकी उपस्थिति व दबदबा न रहा हो। अगले महीने की विभिन्न तारीखों में होने जा रहे चुनावों का ऐलान होने के पहले तो मोदी कई राज्यों में सभाएं लेते नज़र आये थे, पर अचानक उनकी अनुपस्थिति बहुत साफ महसूस हो रही है। कम से कम पिछले हफ्ते-दस दिनों में उनके द्वारा कोई बड़ी चुनावी रैली या सभा न करने से यह सवाल उठना स्वाभाविक है।

क्या मोदी स्वयं को हटा चुके हैं या भाजपा को संचालित व निर्देशित करने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा उन्हें किनारे होने के निर्देश मिले हैं? या उन्हें शीर्ष नेतृत्व द्वारा किसी सोची-समझी रणनीति के अंतर्गत पीएम को चुनावी परिदृश्य से स्थायी-अस्थायी तौर पर परे किया जा रहा है? कई प्रश्न हैं जो चुनाव को नज़दीक से देखने-समझने वाले जानना चाहते हैं। अगर ऐसा है तो आने वाले दिनों के लिये यह बड़ा संकेत है। उन्हें ताबड़तोड़ रैलियां, सभाएं, रोड शो करते हुए देखने का आदी हो चुका यह देश अगर इतने दिनों का भी अंतराल देखे तो उसके लिये यह सोचना बहुत स्वाभाविक है कि क्या मोदी की पकड़ अपनी पार्टी और देश पर से छूट रही है। हालांकि इसका सही जवाब तभी मिल सकेगा जब उन्हें फिर से चुनावी दृश्यावली का हिस्सा बनते हुए लोग देखेंगे।

सम्भव है कि मोदी चुनावों के ऐन वक्त पर धुंवाधार प्रचार में जुटेंगे। हालांकि कोई मान नहीं सकता कि जो व्यक्ति चुनाव हो या न हो, हर वक्त एक्शन मोड में दिखता हो और सारे साल जिसकी भाषा और कृत्य ऐसे होते हों मानो वह चुनावी रैली को सम्बोधित कर रहा हो; तो ऐसे मोदी जी कैसे इतने बड़े अवसर व मंच से खुद को विलग कर सकते हैं? अगर यह कोई सोची-समझी योजना है तो देखना होगा कि उस स्थिति में वे कितने प्रभावी होते हैं और भाजपा को उसका कितना लाभ मिलता है। पहले कई चुनावों में देखा गया है कि आचार संहिता लागू होने या चुनाव प्रचार बंद होने के कुछ मिनट पहले तक मोदी चुनावी सभाओं को सम्बोधित करते रहे हैं। हो सकता है कि इसी तर्ज पर वे अंतिम समय में नमूदार हो बड़े मजमे कर सबको चौंका दें।

मोदी की अनुपस्थिति का एक कारण यह माना जा रहा है कि स्वयं उनकी पार्टी के भीतर धारणा बन चुकी है कि कांग्रेस के आक्रामक चुनाव प्रचार, उसके वादे व गारंटियों तथा उसके जवाबी हमलों के चलते भाजपा को न तो कुछ सूझ रहा है और न ही उसके पास कोई काट है। उनके मुंह से कांग्रेस के कथित भ्रष्टाचार, वंशवाद, उन्हें मिलता 140 करोड़ लोगों का आशीर्वाद, डबल इंजिन सरकारें, विश्व गुरु आदि की बातें सुनते हुए लोग ऊब चुके हैं। इसके विपरीत, विपक्षी गठबन्धन 'इंडिया' का नेतृत्व करने वाली कांग्रेस के बढ़ते जन समर्थन एवं नैतिक बल के सामने भाजपा पस्त दिखाई दे रही है। जहां एक ओर मोदी अपने चिर-परिचित तरीकों से व कड़े सुरक्षा घेरे में प्रायोजित कार्यक्रमों में अवतरित होते हैं वहीं कांग्रेसी नेता राहुल गांधी एक साधारण व्यक्ति की तरह लोगों एवं जन समुदायों से मिल रहे हैं। इससे जमीनी स्तर पर तैयार हो रहे विमर्श का शासकीय या अशासकीय जवाब भाजपा के पास नहीं है। सम्भवत: अब मोदी का जनता के सामने जाना कठिन हो गया हो इसलिये उन्होंने प्रचार अभियानों से दूरी बना ली हो।

जिन राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं, उनका अगर बारी-बारी से परीक्षण किया जाये तो कुछ कारण साफ हैं जिनके चलते मोदी ने इस समय चुनावी प्रचार से छुट्टी ले ली हो। शायद इन राज्यों में पार्टी के भीतर इस कदर अराजकता व भ्रम है कि मोदी के सामने तीनों ही सवाल हैं कि आखिर वे किस राज्य में जाएं, क्यों जायें और वहां क्या कहेंगे। मिजोरम की बात करें तो वहां के मुख्यमंत्री जोरामथंगा ने कह दिया है वे नरेन्द्र मोदी के साथ मंच साझा नहीं करेंगे। इसका कारण यह है कि मणिपुर के मामले में जैसी चुप्पी मोदी ने साध ली थी और वहां अराजकता होने दी, उसका गहरा असर मिजोरम पर भी पड़ा है। यहां भाजपा के खिलाफ लोगों में रोष है क्योंकि राज्य में बड़ी संख्या में ईसाई समुदाय के लोग रहते हैं। कहने को इस राज्य में सत्तारुढ़ मिजो नेशनल फ्रंट और भाजपा का गठबन्धन है पर वहां एमएनएफ के पास 26 विधायकों के साथ पूर्ण बहुमत है। 40 सीटों की विधानसभा में भाजपा का केवल एक ही सदस्य है। वैसे भी दोनों का गठबन्धन नाममात्र का है और जोरामथंगा पहले ही कह चुके हैं कि उन्हें भाजपा के सहयोग की ज़रूरत नहीं है। तेलंगाना की बात करें तो वहां पहले सत्तारुढ़ भारत राष्ट्रीय समिति के भाजपा के साथ अच्छे सम्बन्ध थे लेकिन मुकाबला भी इन दोनों के बीच ही था। राहुल गांधी द्वारा अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राज्य में बिताए करीब दो हफ्ते तथा कांग्रेस की चुनावी रैलियों ने भाजपा को मुकाबले से बाहर कर दिया है। वहां अब खुद बीआरएस संकट में है और अपनी सरकार बचाने के लिये कांग्रेस से संघर्षरत है। हैदराबाद कौंसिल के मेयर पद के लिये यहां के मुख्यमंत्री सी चंद्रशेखर राव द्वारा भाजपा प्रणीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबन्धन से मदद मांगने की बात को सार्वजनिक कर मोदी ने दोनों के रिश्तों में जो खटास भर दी है उसका फायदा भी कांग्रेस को मिलना लाजिमी है।

हिन्दी पट्टी के राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में भी अलग-अलग कारणों से कांग्रेस सीधे-सीधे भाजपा पर हावी दिखाई दे रही है। राजस्थान में वसुंधरा राजे सिंधिया को लम्बे समय तक हाशिये में रखने और मुकाबले में ऐसे नेताओं को खड़ा करने से मामले को उलझा दिया गया है जो उनके सम्भावित प्रतिद्वंद्वी हो सकते हैं। ऐसे ही, मप्र में उनके भतीजे ज्योतिरादित्य सिंधिया भी उपेक्षा के शिकार हुए हैं। उनके तमाम समर्थकों के टिकट काट दिये गये हैं जिससे उनके खेमे में नाराजगी है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार द्वारा किसानों को की गई कर्ज माफी, बोनस, न्याय योजनाएं आदि की सफलता भाजपा पर भारी पड़ रही हैं और उनकी कोई काट मोदी व राज्य ईकाई के पास नहीं है।

तीनों राज्यों में बड़ी संख्या में केन्द्रीय मंत्रियों व नेताओं को उतारा गया है जो इन सभी राज्यों में तकलीफदेह साबित हो रहा है। हार या जीत दोनों ही परिस्थितियों में आंतरिक संघर्ष देखने को मिलेंगे, यह भी तय है। इतना ही नहीं, तीनों ही राज्यों में स्थानीय चेहरों व सबसे बड़े नेताओं की उपेक्षा कर मोदी को जो प्रमुख चेहरा बनाया गया है, वह भाजपा के खिलाफ जा सकता है। यह भी एक कारण है जो मोदी को इन राज्यों में जाने से शायद रोक रहा है।

(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)

# सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ असम में विपक्षी एकता की कोशिशें शुरू

■ आशीष विश्वास

> अधिकांश अन्य राज्यों की तरह, सीट समायोजन को अंतिम रूप देने पर कांग्रेस और अन्य दलों के बीच असहमति के कारण असम में भी प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी सीट साझा व्यवस्था के बारे में प्रारंभिक बातचीत में देरी से शुरू हुई। जबकि तृणमूल कांग्रेस ( टीएमसी ) जैसी कुछ पार्टियों को लगा कि सीट-बंटवारे की व्यवस्था को जल्द से जल्द अंतिम रूप दिया जाना चाहिए, जिस पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई है।

असम में कांग्रेस की तुलना में अन्य विपक्षी दलों ने भाजपा-विरोधी एकजुटता हासिल करने के लिए अधिक प्रतिबद्धता दिखाते हुए, 2024 में लोकसभा चुनावों के लिए अपनी लंबे समय से प्रतीक्षित सीट-बंटवारे की बातचीत शुरू करने के लिए कांग्रेस की रणनीति को नजरअंदाज कर दिया है।

हालांकि, दुर्जेय लेकिन अत्यधिक विभाजनकारी मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा शर्मा के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ विपक्ष के संयुक्त मोर्चे के लिए स्वयं के स्वार्थ का 'बलिदान' देते हुए एक साथ आने वाली 14 पार्टियों के बीच एक व्यापक समझौते के बावजूद, सीट-बंटवारे पर प्रारंभिक चर्चाओं ने संकेत दिया है कि आगे की राह आसान नहीं होगी। कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दल अगले महीने फिर से मिलने पर सहमत हुए हैं।

अधिकांश राज्यों की तरह, इन वार्ताओं का संचालन सुचारू नहीं था। असम कांग्रेस के नेताओं को सभी 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए 40 संभावित उम्मीदवारों की एक अस्थायी पहली सूची की एकतरफा घोषणा करने के लिए अन्य विपक्षी दलों के गुस्से का सामना करना पड़ा। यह कांग्रेस की ओर से विपक्ष के लिए एक अचूक संकेत था, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा का विरोध करने वाली सबसे बड़ी पार्टी के रूप में, वह सीट समायोजन के लिए अपनी शर्तें निर्धारित करने की हकदार है। अगर विपक्षी दलों के बीच सहमति नहीं बनी तो वह अपने दम पर चुनाव लड़ेगी।

भारत के अधिकांश अन्य राज्यों की तरह, सीट समायोजन को अंतिम रूप देने पर कांग्रेस और अन्य दलों के बीच असहमति के कारण असम में भी प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी सीट साझा व्यवस्था के बारे में प्रारंभिक बातचीत में देरी से शुरू हुई। जबकि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) जैसी कुछ पार्टियों को लगा कि सीट-बंटवारे की व्यवस्था को जल्द से जल्द अंतिम रूप दिया जाना चाहिए, जिस पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई है।

कांग्रेस को लग रहा है कि पांच राज्यों (पूर्वोत्तर में मिजोरम सहित) में विधानसभा चुनावों के नतीजे आने के बाद ही ऐसी बातचीत अधिक सार्थक ढंग से हो सकेगी। भाजपा कर्नाटक में हार गई थी और हाल के दिनों में अधिकांश उप-चुनावों में उसका प्रदर्शन खराब रहा। लेकिन कांग्रेस ने बड़े पैमाने पर अभियान चलाया और अधिकांश क्षेत्रीय दलों के विपरीत, वह अपनी पकड़ बना रही है।

कांग्रेस के अनुसार इन चुनावों में बेहतर प्रदर्शन के साथ, भारत की सबसे पुरानी पार्टी के लिए टीएमसी, आम आदमी पार्टी (आप) और विभिन्न असमिया क्षेत्रीय दलों सहित छोटे समूहों से सीट बंटवारे की मांगों को और अधिक मजबूती से संभालना आसान हो जायेगा।

फिर भी, रायसर दल, असम जातीय परिषद, सीपीआई (एम) और अन्य सहित 13 विपक्षी दलों ने पहले दौर की बातचीत के लिए राज्य कांग्रेस नेताओं से मुलाकात की। गुवाहाटी स्थित मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, आप और टीएमसी दोनों ने संकेत दिया कि वे कम से कम 5 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहते हैं। सीपीआई (एम) बारपेटा से चुनाव लड़ना चाहती थी, जो एक ऐसा क्षेत्र है जहां वह मजबूत है।

कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा और अन्य नेताओं ने इस समय ऐसे मामलों पर कोई ठोस चर्चा नहीं की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विपक्षी दलों को एक विश्वसनीय वैकल्पिक भाजपा विरोधी राजनीतिक मोर्चा खड़ा करने के लिए अपने समर्थन की मात्रा और पिछले प्रदर्शन के रिकॉर्ड को ध्यान में रखते हुए अपनी मांगों पर जोर देने के लिए सहमत होना चाहिए।

इस बीच, रिपन बोरा (टीएमसी) को विपक्ष मंच के लिए एक सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम तैयार करने का काम दिया गया। राज्यसभा सदस्य अजीत भुइयां और पूर्व कांग्रेस नेता रकीबुल हुसैन को भाजपा की विभिन्न विफलताओं और कथित तौर पर जनविरोधी नीतियों को सूचीबद्ध करते हुए एक आरोप पत्र का मसौदा तैयार करने का काम सौंपा गया।

भाजपा ने अपने तरीके से जवाब दिया, राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा शर्मा ने अपने पहले के दावे को जोरदार ढंग से दोहराया कि सत्तारूढ़ पार्टी एक या दो को छोड़कर सभी सीटें जीतकर लोकसभा चुनावों में जीत हासिल करेगी। चुनाव की तारीखों की घोषणा से बहुत पहले ही वरिष्ठ भाजपा नेताओं को भरोसा है कि संयुक्त विपक्ष न केवल असफल होगा, बल्कि अपने मतभेदों और झगड़ों के कारण एकजुट भी नहीं रह पायेगा।

विपक्षी सूत्रों ने संकेत दिया कि भाजपा को असम गण परिषद जैसे सहयोगियों के साथ अपनी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा, जो कथित तौर पर भाजपा की आक्रामक कार्यप्रणाली के कारण राजनीतिक हाशिये पर चले जाने के खतरे का सामना कर रही है। दोनों पार्टियों के लिए, राजनीतिक समर्थन का मुख्य क्षेत्र असमिया भाषी समुदाय है। हालांकि, अपनी बड़ी राजनीतिक पहुंच, शक्ति और व्यापक अपील के साथ, भाजपा मूलरूप से क्षेत्रीय पार्टी, एजीपी से बहुत आगे है। मतदाता एजीपी की तुलना में भाजपा के फायदे से पूरी तरह वाकिफ हैं।

भाजपा के आलोचकों का कहना है कि उसके आत्मविश्वास का मुख्य कारण हाल ही में आधिकारिक परिसीमन उपायों के माध्यम से असम में विभिन्न विधानसभा और लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों का आधिकारिक पुनर्गठन था। शर्मा सहित पार्टी नेताओं ने खुले तौर पर घोषणा की कि जैसी स्थिति अभी है, मूल असमिया (असमिया भाषी लोग) को विधानसभा की 126 सीटों में से लगभग 110 सीटों पर चुना जाना चाहिए। केंद्र और राज्य ने यह सुनिश्चित किया था कि असमिया कभी भी असम के भीतर शक्तिहीन अल्पसंख्यक नहीं बनेंगे।

एआईयूडीएफ आदि विपक्षी दलों ने नई परिसीमन प्रक्रिया का तीखा विरोध किया था यह आरोप लगाते हुए कि वे कई स्थानीय समुदायों (विशेषकर मुसलमानों) और अन्य समूहों के प्रति भारी पक्षपाती थे। हालांकि, चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट में की गई उनकी अपीलों से बहुत कुछ हासिल नहीं हुआ। अधिकांश नये परिसीमन आदेशों को उनकी आपत्तियों के बावजूद बरकरार रखा गया।

### पावन प्रसंग

## पर्व त्यौहारों का प्रयोजन

व्यक्तिगत दृष्टिकोण का परिष्कार करने के लिए जिस प्रकार पूजा उपासना तथा पारिवारिक रीति-नीति को उत्कृष्ट बनाए रखने के लिए संस्कार प्रक्रिया है, ठीक उसी प्रकार समाज को समुन्नत और सुविकसित बनाने के लिए सामूहिकता, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, नागरिकता, परमार्थपरायणता, देशभक्ति, लोक मंगल जैसी सत्प्रवृत्तियां विकसित करनी पड़ती है। उन्हें सुस्थिर रखना होता है। वह भी बार-बार स्मरण दिलाते रहने वाला प्रसंग है। इसी प्रयोजन के लिए देवसंस्कृति में पर्व त्यौहार मनाए जाते हैं। वर्ष में प्राय: 40 पर्व पहले से हैं। युगधर्म के अनुसार उनमें दस का निर्वाह बन पड़े तो उत्तम है, वे दस पर्व इस प्रकार हैं- बसंत पंचमी, शिवरात्रि, होली, रामनवमी, गायत्री जयंती, गुरु पूर्णिमा, श्रावणी, जन्माष्टमी, विजयादशमी ,दीपावली- इन दस का विशेष महत्व है। अत: पर्वों को सोत्साहपूर्ण मनाना चाहिए। इन्हें जहां भावनापूर्वक मनाया जाता है, वहां सुसंस्कारिता की उमंगें उठती हैं और सत्यप्रवृत्ति पनपती रहती है, जिनकी आवश्यकता प्रत्येक व्यक्ति व समाज के लिए अनिवार्यत: होती है।

मनुष्य स्वभाव से ही अनुकरणशील प्राणी है। दूसरों को कोई शुभ काम करता देखकर उसके मन में भी वैसा ही काम करने की इच्छा स्वत: उत्पन्न होती है। यही मूल कारण था कि सामूहिक आयोजनों के रूप में पर्वोत्सवों का प्रचलन किया गया। समाज के ढांचे को सुव्यवस्थित बनाए रखने में पर्वों ने बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। धर्मधारणा एवं आस्तिकता के भावों की वृद्धि के साथ ही धार्मिक और सामाजिक त्योहारों का एक प्रमुख उद्देश्य सामूहिकता की वृद्धि करना है। मानव जीवन की सफलता के लिए जैसे व्यक्तिगत उन्नति और सत्प्रवृत्तियों को ग्रहण करने की आवश्यकता है, वहां समाज को सुदृढ़ बनाना और पारस्परिक सहयोग द्वारा सामाजिक हित की बड़ी योजनाओं की पूर्ति करना भी अत्यावश्यक है। इसके लिए लोगों में पारस्परिक एकता, भाईचारे की मनोवृत्ति का उत्पन्न होना आवश्यक है। हमारे यहां होली, दीपावली, गंगा दशहरा आदि के जो त्योहार और पर्व नियत किए गए हैं, उनका उद्देश्य यही है कि लोग परस्पर प्रेमपूर्वक मिलें और सामूहिकता की भावना को सुदृढ़ बनाएं। जो त्योहार या उत्सव किसी प्राचीन महापुरुष या अवतार की जयंती के रूप में मनाए जाते हैं, उनका एक बहुत बड़ा लाभ होता है कि जनता को उनके द्वारा सच्चरित्र, नैतिकता, सेवा, सद्भावना आदि की शिक्षा मिलती है। इस प्रकार के उत्सव संसार के सभी देशों में मनाए जाते हैं और इस बात का ध्यान रखा जाता है कि जन-साधारण अपने उन पूर्वजों के चरित्रों से उच्चकोटि के सदगुणों की प्रेरणा प्राप्त करें। वास्तव में जिस समुदाय में ऐसे महापुरुषों का अभाव है, वह उन्नति की आशा नहीं रख सकता, क्योंकि साधारण मनुष्य के लिए बिना किसी मार्गदर्शन अथवा प्रकाश स्तंभ के संसार में सफलतापूर्वक अग्रसर हो सकना संभव नहीं है। यही कारण है कि उन्नति की कामना रखने वाली जातियां अपने पूर्व पूर्वजों के चरित्रों और महान कार्यों को बड़े गौरव के साथ याद करती हैं। उदाहरण के लिए यूरोप में फ्रांस और एशिया में जापान का उल्लेख कर सकते हैं। ये दोनों देश अपेक्षाकृत छोटे होने पर भी वीर पूजा के गुण के कारण ही संसार की राष्ट्र मंडली में अग्रगण्य बन गए। ज्ञान अकेला अपूर्ण है। कर्म कुशलता के अभाव में कथनी और करनी में अंतर आने लगता है। श्रावणी पर्व अपने ज्ञान को, कर्म की शक्ति को, सृजन की प्रेरणा देने वाला पर्व है। हमारा ज्ञान वाणी से नहीं, आचरण से व्यक्त हो हमारी शक्ति किसी को दबाने या झुकाने या निरर्थक कार्यों में नहीं, सृजन में लगे।

**युग निर्माण योजना**

### आपके पत्र

## अकर्मण्यता की निराशा से जन्मा पलायनबाद

यह बात चाहे मनुष्य के जीवन की हो यह राष्ट्र के उत्थान से संदर्भित हो, जीवन में मनुष्य के संदर्भ में अकर्मण्यता एक बड़ी शारीरिक,मानसिक व्याधि और दशा है, यह जीवन को निर्रथक बनाती है। इसी तरह देश का शासन तंत्र यदि अकर्मण्य और निराशावादी हो तो देश की उन्नति में अवरोध और बढ़ाएं सदैव उत्पन्न होती रहती हैं। इस अवस्था को तत्काल त्यागना चाहिए,और अपने जीवन के संघर्ष के लिए तैयार रखना चाहिए। मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। वैसे जीवन में दुष्कर, कठिन कार्य को पहले चुनना चाहिए जिससे पूरी शक्ति एवं ऊर्जा लगाकर हम उसे प्राप्त कर सकें। कठिन कार्य से घबराकर उससे पलायन करना निराशा को जन्म देता है। निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अत: निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़ें, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निस्संदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है। बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं। यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं। सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ-साथ सामाजिकता, प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं। मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए। यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है। जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय आविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है। यही वजह है कि सफलता का नशा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है।

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है।

**संजीव ठाकुर**

देशबन्धु
संस्कारधानी
5 बिलासपुर
बुधवार 1 नवंबर 2023

उल्टा पुल्टा

गुरु जी- बस इरादे बुलंद होने चाहिये, पत्थर से भी पानी निकाला जा सकता है।
लड़का- मैं तो लोहे से भी पानी निकाल सकता हूं!
गुरु जी- कैसे...?
लड़का- हैंडपंप से...!!!

# जिला अस्पताल में स्ट्रेचर का अभाव,मरीज हो रहे परेशान





## लिफ्ट खराब, मरीजों के परिजन भटकने को मजबूर

**बिलासपुर**,31 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला अस्पताल में मरीजों को स्ट्रेचर व्हीलचेयर के अभाव में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।घंटों इंतजार के बाद भी स्ट्रेचर नहीं मिलने पर गंभीर स्थिति में लाए गए मरीजों को टांगकर उनके परिजन चिकित्सक कक्ष तक ले जाते हैं। आए दिन ऐसे हालातों से मरीजों के स्वजन जूझते हैं।मगर इस ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है।जिला अस्पताल की खराब पड़ी लिफ्ट को सुधरवाना छोड़, प्रबंधन अस्पताल के भीतर रंग रोगन का कार्य करा रहा है।

अस्पताल मे रखे व्हीलचेयर व स्ट्रेचर की हालत काफ़ी जर्जर है।अस्पताल पहुंचने पर टूटे फूटे व्हीलचेयर व स्ट्रेचर मे मरीजों को उनके परिजन लेकर अंदर जा रहे है।अस्पताल का लिफ्ट भी काफ़ी दिनों से ख़राब है।

इसको सुधरवाना छोड़ अस्पताल प्रबंधन दूसरी गैर जरूरी चीजों पर पैसा ख़र्च कर रहा है।जिला अस्पताल के उन्नयन के बाद भी यहां काफी असुविधा है जिसका खामियाजा मरीज भुगत रहे है।सोमवार को डायलिसिस के लिए एक बुजुर्ग महिला अस्पताल पहुंची, जिसको ख़राब व्हीलचेयर में बैठाकर उनके परिजन अस्पताल के तीसरे माले तक लेकर गये। कई बार ऐसे हालात सामने आने के बाद भी अस्पताल प्रबंधन मरीजों को ले जाने में होने वाली असुविधा से बेखबर बना हुआ है। जिला अस्पताल में जितने भी स्ट्रेचर, व्हीलचेयर है उनके चक्के ख़राब है।जरुरत है जिला अस्पताल प्रबंधन को इस ओर ध्यान देने की, ताकि अस्पताल आने वाले मरीजों को राहत मिल सके।

# आयोग की अनुमति से जिले की 17 मतदान केन्द्रों में परिवर्तन

**बिलासपुर,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। चुनाव आयोग से अनुमति मिलने के बाद जिले की 17 मतदान केन्द्रों की भवन एवं स्थल में परिवर्तन किये गये है। मतदान केन्द्रों के जर्जर, मरम्मत अथवा नाम परिवर्तन इत्यादि कारणों से वोटरों की सुविधा के लिए मतदान केन्द्रों में बदलाव किया गया है। इनमें मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र की 8, बिल्हा विधानसभा क्षेत्र की 7 और बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र की 2 मतदान केन्द्र शामिल हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने इन विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अफसरों को बदले गये मतदान केन्द्रों की सूची सौंपते हुए मतदान के लिए जरूरी तैयारी करने के निर्देश दे दिए हैं।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार बदलने के बाद अब मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के नये मतदान केन्द्रों में शासकीय मिडिल स्कूल अतिरिक्त प्रधान पाठक कक्ष टिकारी, पंचायत भवन धनगंवा, आंगनबाड़ी भवन केन्द्र क्रमांक 29/1 सुकुलकारी, शासकीय प्राथमिक शाला भवन पचपेड़ी, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक शाला पचपेड़ी, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट उमावि हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम पचपेड़ी कक्ष 1 एवं कक्ष 2 तथा शासकीय प्राथमिक शाला लोहर्सी शामिल हैं। बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के लिए नवघोषित मतदान केन्द्रों में स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय बरतोरी कक्ष 1, जनपद प्राथमिक शाला बिटकुली, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बिटकुली, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परसदा (तिफरा) कमरा नम्बर 1 उत्तर भाग, शासकीय प्राथमिक शाला परसदा (तिफरा) कमरा नम्बर 3 उत्तर भाग, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परसदा (तिफरा) कमरा नम्बर 6 उत्तर भाग, शासकीय प्राथमिक शाला परसदा (तिफरा) कमरा नम्बर 2 उत्तर भाग तथा बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल कक्ष क्रमांक 2 एवं 3 खपरगंज बिलासपुर शामिल हैं। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को मतदान केन्द्र परिवर्तन की सूचना से अवगत करा दिया गया है।

## संपादकीय

### चुनावी साये में धान खरीदी की शुरुआत

*छत्तीसगढ़ विधानसभा के चुनाव के साये में बुधवार से प्रदेश भर में धान खरीदी शुरू हो रही है। प्रदेश में 7 और 17 नवम्बर को दो चरणों में राज्य के चुनाव निर्धारित हुए हैं। बस्तर व उससे जुड़े कुछ क्षेत्रों के साथ गिनी-चुनी 2 सीटों पर पहले और शेष सीटों पर दूसरे चरण में मतदान होगा। इसके लिये प्रचार एवं नामांकन आदि की प्रक्रिया जारी है। ऐसे में पूरे छग में पूर्व घोषणा के अनुसार धान खरीदी का जो कार्यक्रम प्रारम्भ होगा, उसके अंतर्गत 125 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा जायेगा। उम्मीद है कि 26 लाख किसान अपना धान बेचेंगे जिसके लिये राज्य सरकार ने पहले ही न्यूनतम समर्थन मूल्य एवं बोनस मिलाकर प्रति क्विंटल 265 रुपये की घोषणा की है जो कि देश भर में सर्वाधिक है।*

*वैसे तो धान खरीदी कोई पहली बार नहीं हो रही है परन्तु इस मौके पर देश के ज्यादातर राज्य एवं कांग्रेस इस कार्य का भरपूर उल्लेख कर रही है। किसानों के लिये चिंता एवं उनकी तरक्की को छग की मौजूदा सरकार ने पहले दिन से ही अपनी वरीयता का विषय बना रखा है। किसानों की कर्ज माफी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत उन्हें दी जाने वाली नकद राशि, कर्ज माफी एवं कृषि व ग्राम आधारित योजनाओं के चलते लोगों का झुकाव खेती की ओर बढ़ा है। जब इस सरकार ने कामकाज सम्भाला था, पंजीकृत किसानों की संख्या करीब 17 लाख थी जो आज बढ़कर तकरीबन 26 लाख हो गई है।*

*यह धान खरीदी इसलिये बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि छत्तीसगढ़ का जीवन इसी पर निर्भर है। राज्य की मुख्य फसल धान को होने का कारण यह है कि किसानों की पहली पसंद यही है। सभी फसलों के मुकाबले वे इसी को वरीयता देते हैं। दूसरे, यह मानसून की बारिश पर निर्भर फसल है जिसमें अपेक्षाकृत कम मेहनत लगती है। प्रदेश में अच्छी बरसात और अच्छी धूप पड़ती है। इस बार भी कुछ इलाकों को छोड़ दिया जाये तो पूरे राज्य में सामान्य से भी अधिक उत्पादन होने की आशा है। इसके चलते उन्हें अच्छी आय होने की पूरी उम्मीद है। फिर, राज्य के किसानों की अच्छी आय का सीधा सम्बन्ध प्रदेश की समृद्धि से है। किसानों की जेब में पैसे होने का मतलब है बाजार में अच्छी खरीदी का होना। यह राजकोष को भी भरता है। पिछले पांच वर्षों में न केवल पंजीकृत किसानों की संख्या में इज़ाफ़ा हुआ है वरन उत्पादन में भी वृद्धि हुई है जिससे सरकार द्वारा दान खरीदी का लक्ष्य भी बढ़ता चला गया है। मौजूदा सरकार का यह अंतिम धान खरीदी कार्यक्रम है जिसकी पूरे राज्य में तैयारियां कर ली गई हैं। आशा है कि इस वर्ष भी अपना धान को बेचकर किसान समृद्ध होंगे।*

## सार-संक्षेप

### आचार संहिता के दौरान 1964 लीटर अवैध शराब जब्त



**बिलासपुर**,31 अक्टूबर (देशबन्धु)। निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव हेतु निर्देश दिए दिए गए है। शराब प्रलोभन हेतु न उपयोग हो इसके लिए अवैध शराब पर विशेष कार्यवाही करने के लिए कहा गया है। इस चुनावी वर्ष में दस माह में 5008 लोगों पर एनडीपीएस और आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाहियां कर 16,864 लीटर शराब जप्त की गई है। उल्लेखनीय है कि जिले में पहले से ही पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष सिंह के मार्गदर्शन में अवैध नशा के विरुद्ध अभियान *निजात* चलाया जा रहा है, जिसके तहत लगातार कार्यवाहियां हो रही हैं।माह अक्टूबर में आचार संहिता दौरान तीन हफ्ते में कार्यवाहियों में और तेजी लाते हुए अब तक 1964 लीटर अवैध शराब जप्त हुई है। पिछले वर्ष 2022 में 6322 लीटर अवैध शराब, 2021 में 5460 लीटर और पिछले विधानसभा 2018 के दौरान 7819 लीटर शराब जप्त हुई थी।शराब की संग्रहण व वितरण की मॉनिटरिंग के लिए आबकारी के गतौरी, सिरगिट्टी और कोटा क्षेत्र में स्थित; भंडारण गृह, बोटलिंग और डिस्टिलरी केंद्रों पर केंद्रीय सुरक्षा बल के रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (आरपीएफ) के जवान तैनात कर दिए गए हैं।

### मंडल के 1 अधिकारी सहित 21 रेल परिवार के सदस्य हुये सेवानिवृत्त




**बिलासपुर** ,31 अक्टूबर (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के विभिन्न विभागों में कार्यरत् मंडल रेल प्रबंधक के निजी सचिव सहित 21 रेल परिवार के सदस्य माह अक्टूबर 2023 में अपनी गौरवशाली रेल सेवा पूर्ण करने के पश्चात् सेवानिवृत्त हुए। मंडल कार्मिक सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में समस्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई । इस अवसर पर सहायक कार्मिक अधिकारी आर शंकरन व रमेश बाबू द्वारा सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बंदोबस्त भुगतान से संबंधित समस्त दस्तावेज़, सेवा प्रशस्ति प्रमाण-पत्र एवं सेवा मैडल आदि प्रदान किया गया ।इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन, कल्याण निरीक्षक तथा कार्मिक निपटारा शाखा के कर्मचारीगण उपस्थित थे। मंडल के सेवानिवृत्त होने वाले 21 रेल परिवार के सदस्यों में परिचालन विभाग से 01, इंजीनियरिंग विभाग से 07, यांत्रिक विभाग से 03, वाणिज्य विभाग से 03, संकेत एवं दूरसंचार विभाग से 01, विद्युत विभाग से 05 तथा सामान्य प्रशासन विभाग 01 कर्मचारी शामिल है । इस अवसर पर सभी सेवानिवृत्त रेल परिवार के सदस्यों को उनकी गौरवशाली रेल सेवा के लिए बधाई दी गई तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु होने की कामना की गई ।

# कांग्रेस भवन में इंदिरा गांधी की शहादत दिवस व वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई

**बिलासपुर**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। ज़िला कांग्रेस कमेटी ( शहर/ग्रामीण ) ने पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की शहादत दिवस एवं प्रथम गृह मंत्री ,भारत रत्न स्व सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई । इस अवसर पर संयोजक ज़फ़र अली ,हरीश तिवारी ,एसएल रात्रे ने कहा कि इंदिरा जी का जीवन संघर्ष पूर्ण रहा ,आज़ादी की लड़ाई में पूरा कूद पड़ा था , जिसका प्रभाव उन पर भी पड़ा और वानर सेना का गठन कर सेनानियों की मदद की , अपने पिता के सलाहकार के रूप में भी उन्होंने योगदान दिया और लालबहादुर शास्त्री के निधन के बाद प्रथम महिला प्रधानमंत्री बनी ,उनके कार्यकाल के अनेकों उपलब्धियां है , 31 अक्टूबर 1984 उनके ही अंगरक्षकों द्वारा हत्या कर दी गई।डॉ संजू दीक्षित ने कहा कि भारतीय राजनीति के बिस्मार्क और लौह पुरुष के नाम से प्रसिद्ध सरदार वल्लभ भाई पटेल ने बारडोली और खेड़ा आंदोलन के सफल नेतृत्व किया ,महात्मा गांधी जी की हत्या के बाद आरएसएस पर प्रतिबंध लगाया ,उन्होंने रियासतों का एकीकरण किया और एक संगठित राष्ट्र बनाने में अपनी भूमिका अदा की ।

1950 में उनका निधन हो गया ।कार्यक्रम में ज़फ़र अली, डॉ संजू दीक्षित, हरीश तिवारी, एसएल रात्रे, चन्द्र प्रकाश बाजपेयी,जुगल किशोर गोयल, शेख असलम,पिंकी बतरा,आशा पांडेय, सावित्री सोनी,हेरि डेनिएल,मार्गेट बेंजामीन,सुदेश दुबे,मिथलेश सेंदरी,विनोद शर्मा,पुनाराम कश्यप,गणेश रजक,शुभ लक्ष्मी,माधव टालवार,इकबाल हुसैन,विजय दुबे,जयपाल निर्मलकर,सत्येंद्र तिवारी, कमलेश लवहतरे,दुर्देशी धनगर,गौरव अरी, करम गोरख,अनिल घोरे,काशी रात्रे,राज कुमार बंजारे, सुभाष सराफ,मोह अयूब,विष्णु तिवारी,,रेखेन्द्र तिवारी,अनिल शुक्ला,सुभाष ठाकुर,रामचंद्र क्षत्री,अखिलेश गुप्ता, मनोज शुक्ला, आदि उपस्थित थे।

## हटिया पुणे मध्य साप्ताहिक सुपर फास्ट फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन की सुविधा

**बिलासपुर** , 31 अक्टूबर(देशबन्धु)। यात्रियो की सुविधा के लिए हटिया-पुणे-हटिया के मध्य 5 फेरों के लिए साप्ताहिक सुपरफास्ट फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन की सुविधा दी जा रही है । यह गाड़ी हटिया से पुणे के लिये प्रत्येक बुधवार दिनांक 01, 08, 15, 22 एवं 29 नवम्बर, 2023 को 02846 नंबर के साथ चलेगी । इसी प्रकार विपरीत दिशा मे भी यह ट्रेन पुणे से हटिया के लिए प्रत्येक शुक्रवार दिनांक 03, 10, 17 एवं 24 नवम्बर तथा 01 दिसम्बर, 2023 को 02845 नंबर के साथ चलेगी ।

## प्रशिक्षण अधिकारी के मोबाइल पर ओटीपी भेजकर खाते से तीन लाख रुपये पार

**बिलासपुर**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। आइटीआइ के प्रशिक्षण अधिकारी के मोबाइल पर ओटीपी भेजकर दो लाख 95 हजार की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इसकी शिकायत सरकंडा थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

सरकंडा के रामा ग्रीन सिटी में रहने वाले आशीष श्रीवास कोनी स्थित शासकीय आइटीआइ में प्रशिक्षण अधिकारी हैं। उनका आइडीएफसी फस्ट बैंक में खाता है।

उन्होंने 28 अक्टूबर को एकाउंट चेक किया। इस दौरान पता चला कि खाते से दो दिन के भीतर दो लाख 95 हजार रुपये का लेनदेन हुआ है।

इस दौरान उन्होंने कोई लेनदेन नहीं किया था। इसके कारण धोखाधड़ी की आशंका हुई। उन्होंने बैंक स्टेटमेंट निकलवाया तो पता चला कि 26 अक्टूबर को चार बार में एक लाख रुपये और 28 अक्टूबर को तीन बार में 95 हजार रुपये खाते से निकाले गए हैं।

इस बीच उनके मोबाइल पर ओटीपी आ रहा था। इसे प्रशिक्षण अधिकारी ने इसे नजर अंदाज कर दिया था। धोखाधड़ी की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

## सत्यनिष्ठा की शपथ हर नागरिक का मौलिक कर्तव्य- ललित



**बिलासपुर,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। सतर्कता जागरूकता अभियान सप्ताह के तहत आज पंजाब नैशनल बैंक बिलासपुर मंडल की सभी शाखाओं द्वारा सुबह ठीक 11 बजे विभिन्न ग्राम सभाओं व स्कूल कालेजों में विशेष बैठक कर आमजनता को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। पीएनबी बिलासपुर बुधवारी बाजार के शाखा प्रमुख श्री आशीष सिन्हा द्वारा समस्त स्टॉफ व उपस्थित सम्मानित ग्राहकों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। मुख्य प्रबंधक श्री आशीष सिंहा, सीएसी के वरिष्ठ प्रबंधक श्री ललित अग्रवाल, अधिकारी सुश्री गोपिका, विशेष सहायक सुश्री पूजा महाजन, ज्योति राणा, अशोक यादव, देवेंद्र ने उपस्थित ग्राहकों को बेहतरीन सेवा देने का आश्वासन दिया।

श्री ललित अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान में पीएनबी द्वारा 444 दिनों के फिक्स डिपाजिट पर 7.25त्न ब्याज दिया जा रहा हैं।

पीएनबी वन एप्प के द्वारा ग्राहक-बंधुओं को निजी बैंको से बेहतर बैंकिग सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि पीएनबी के वेतन खातों के रुपये पचास लाख तक का बीमा कवर निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि पीएनबी कस्टमर एक्यूजेशन सेल द्वारा बड़े कारपोरेट के व्यवसाय स्थल पर ही वेतन भोगियों के खाते खोले जा रहे हैं।

# रेलवे ट्रैक का आधुनिक व उन्नत मशीनों से किया जा रहा रखरखाव

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 70 से अधिक ट्रैक मशीन रेल लाइनों के अनुरक्षण के लिए हैं तैनात

बिलासपुर, 31 अक्टूबर(देशबन्धु)। भारतीय रेलवे 66 हजार से भी अधिक मार्ग किलोमीटर के साथ एकल प्रबंधन के तहत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा रेलतंत्र है । भारतीय रेल में प्रतिदिन आस्ट्रेलिया की पूरी जनसंख्या के बराबर लोग यात्रा करते है तथा यह प्रतिदिन धरती से चाँद के बीच की कुल दूरी का ढाई गुना तय करती है । यात्री परिवहन तथा देश की ऊर्जा एवं अन्य आवश्यकता को पूरा करने के लिए ट्रेन परिचालन में दिनों दिन बढ़ोत्तरी हो रही है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने यात्री परिवहन और माल ढुलाई दोनों को बेहतर गति देने के लिए सभी तरह के प्रयास और रखरखाव के साधनों को अपनाया है । ट्रेनों की गति एवं लोडिंग क्षमता में नए आयाम कायम करने के लिए ट्रैक को सुदृढ़ बनाया गया है ।



रेल यात्रियों के संरक्षित सफर को सुनिश्चित करने में रेल लाइनों के मेंटेनेंस कार्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है । नए जरूरतों को देखते हुए रेलवे द्वारा अत्यधिक आधुनिक मशीन का प्रयोग किया जा रहा है। इन अत?याधुनिक मशीन के द्वारा रेल ट्रैक के रखरखाव से संबंधित अनेक प्रकार के कार्य सुगमता से सरलता से किए जाते हैं। मशीन के द्वारा कार्य में लागत अत्यधिक कम आती है, और साथ-साथ में रेल ट्रैक की भारी संरचना के कार्य को भी सरल एवं सुरक्षित तरीके से कर देती है जिससे ट्रैक कर्मियों की सुरक्षा भी बनी रहती है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में तीसरी लाइन, चौथी लाइन एवं नई लाइन के निर्माण कार्य तथा कार्यरत लाइन के अनुरक्षण एवं मरम्मत के लिए मशीनों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण हो गई है । इसके के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेल में मैनपावर के साथ, उच्च तकनीक के मशीनों का भी इस्तेमाल करके आधुनिक ट्रैक मेंटेनेंस किया जा रहा है । नागपुर से बिलासपुर की मेन लाइन की गति 130 किलोमीटर प्रति घंटे की जा चुकी है । बिलासपुर से झारसुगुड़ा सेक्शन की गति मे वृद्धि का परीक्षण भी किया जा चुका है । आने वाले समय में इस सेक्शन की गति मे भी वृद्धि हो जाएगी । ऐसे में इस मशीनों की आवश्यकता तथा महत्ता और बढ़ गई है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अपने 74 ट्रैक मशीनों के साथ ट्रैक रखरखाव एवं अनुरक्षण के कार्य में मुस्तैदी के साथ कार्यरत है । ट्रैक मशीनों मे मुख्यतः सीएसएम, ड्योमैटिक, एमपीटी, यूनिमेट, बीसीएम, एफ़आरएम, बीआरएम, पीक्यूआरएस, टी28, आदि शामिल हैं । इनमें सीएसएम, डब्ल्यूएसटी एवं एमपीटी चार प्रकार की टैपिंग मशीनों के द्वारा में ट्रैक का अनुरक्षण कार्य किया जाता है । बलास्ट क्लीनिंग मशीन (बीएसएम) से ट्रैक की डीप स्क्रीनिंग कार्य किया गया है । टी-28 टर्नऑउट रिन्यूवल मशीन है, जिससे ट्रैक मशीन का टर्नऑउट रिन्यूवल का कार्य किया जाता है। यूनिमेट मशीन भी एक प्रकार की टर्नऑउट टैम्पिंग मशीन है ।इस मशीन से ट्रैक की टर्नऑउट टैम्पिंग का कार्य किया जाता है । एफआरएम मशीन से शोल्डर बलास्ट क्लीनिंग किया जाता है ।यानि की ट्रैक के दोनों किनारों पर रखा हुआ बैलास्ट को क्लीन किया जाता है । नए ट्रैक को स्लीपर के साथ बिछाने में या पुराने ट्रैक को नए ट्रैक से चेंज करने में पीक्यूआरएस मशीन का महत्वपूर्ण योगदान है । मरम्मत और सफाई जैसे सामान्य कार्यों के अलावा, कई अन्य कार्य भी हैं जिनका रखरखाव मशीन द्वारा किए जाते हैं जिनमें स्लीपर रिप्लेसमेंट, स्लीपर हैंडलिंग, गिट्टी हैंडलिंग, ट्रैक हैंडलिंग, ट्रैक लिफ्टिंग और बहुत कुछ शामिल हैं ।इन मशीनों के संचालन के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ट्रैक मशीन विभाग में लगभग 700 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है । इन कर्मचारियों को फील्ड में मशीनों के साथ कार्य के दौरान कैम्पिंग कोच की सुविधा रेलवे के द्वारा उपलब्ध कराई गई है जिसमें खाना बनाने से लेकर सोने, बैठने की पूरी सुविधा उपलब्ध है ।दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ट्रैक रखरखाव एवं अनुरक्षण में इन ट्रैक मशीनों का महत्वपूर्ण योगदान है । हमारे लाखों रेल यात्रियों के विश्वास और भरोसे पर खरा उतरने के लिए जरूरी है कि हमारे यात्रियों के ट्रेनों पर चढ़ने से लेकर उनके गंतव्य तक पहुँचने तक भारतीय रेलवे की विश्वसनीय एवं भरोसे की मुस्कान हमारे रेल यात्रियों के चेहरे पर लगातार बनी रहे । ट्रैक जितनी अच्छी होगी , उसकी गति निर्बाध होगी तथा यात्रियों को भी आरामदायक यात्रा अनुभव प्राप्त होगा ।

## सार-संक्षेप

### राष्ट्र निर्माण में पुलिस की भूमिका विषय पर हुई प्रतियोगिता



**कोरबा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस स्मृति/झण्डा दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में शहीदों की याद में राष्ट्र के निर्माण में पुलिस की भूमिका, विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का के मार्गदर्शन व रक्षित निरीक्षक अनथराम पैकरा, उप निरीक्षक आर्म्स अंगध्वज राठौर व रक्षित केंद्र के जवानों द्वारा शस्त्र उपकरण युद्धक वाहनों की प्रदर्शनी लगायी गयी। वाद विवाद प्रतियोगिता में 13 प्रतिभागी भाग लिये एवं उपरोक्त विषय के आधार पर पुलिस के पक्ष एवं विपक्ष में अपना-अपना मत प्रस्तुत किये। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त बरखा निशा सिंह, द्वितीय स्थान वैशाली अग्रवाल, तृतीय स्थान मियादान खान को प्रशस्ति पत्र, मेडल व उपहार भेंट किया गया। अन्य प्रतिभागियों को भी प्रशस्ति पत्र, मेडल वितरित किए गए। कार्यक्रम में अग्रसेन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार झा, निर्णायक गण डॉ. मोहम्मद वसीम अकरम, डॉ. शिवकुमार द्विवेदी, सुश्री अंजना चौधरी, प्राध्यापकगण डॉ. उषीबाला गुप्ता, श्रीमती किरण बाजपेई, डॉ. एस.के. कहार की उपस्थिति रही। पुलिस के शस्त्र की प्रदर्शनी में शस्त्रों के बारे में जानकारियां प्राप्त की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य व कॉलेज स्टाफ का विशेष सहयोग रहा ।

### निर्दलीय प्रत्याशी रवि रजक का जनसंपर्क जारी



**कोरबा-कटघोरा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। कटघोरा विधानसभा सीट पर मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया है। बड़े-बड़े दिग्गजों के बीच ऐसे कई निर्दलीय प्रत्याशी हैं,जो क्षेत्र में उभरकर सामने आ रहे हैं। ऐसा ही एक प्रत्याशी रवि रजक भी है जो जनता के बीच जाकर लगातार संपर्क कर अपना जनाधार बढ़ा रहे हैं। पहली बार चुनाव लड़ रहे रवि रजक को क्षेत्रवासियों का व्यापक जन समर्थन मिल रहा है। नामाकंन दाखिल करने के बाद से रवि रजक क्षेत्र में काफी सक्रिय हो गए हैं और चुनाव में जीत का संकल्प लेकर अपने समर्थकों के साथ घर-घर पहुंचकर अपील कर रहे हैं। रवि रजक ने बताया कि उनकी प्राथमिकता कटघोरा को जिले की सौगात दिलाना है। क्षेत्र में खदान के कारण निर्मित हुई समस्याओं का भी वे समधान करना चाहते हैं।

### महाविद्यालयों में स्वीप के तहत विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन

कोरबा, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत व जिला स्वीप नोडल श्री विश्वदीप के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के युवा, बुजुर्ग, महिला, पुरूष सहित स्कूल-कॉलेजों के सभी छात्र- छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़-नाटक, रैली, नारा-लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

इसी कड़ी में शासकीय महाविद्यालय बरपाली में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर स्वीप कार्यक्रम के तहत रैली, नारा लेखन, मेहंदी प्रतियोगिता, शपथ ग्रहण जैसे जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। उनके द्वारा रैली एवं दीवारों पर नारा लेखन के माध्यम से आमजनों को शत-प्रतिशत मतदान हेतु प्रोत्सहित किया गया।

शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय कोरबा में नुक्कड नाटक, रैली, शपथ जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए लोकतंत्र के त्यौहार में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने व सभी को मतदान करने हेतु आग्रह किया गया एवं छात्र-छात्राओं को शत-प्रतिशत् मतदान करने शपथ दिलाई गई। इसी प्रकार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुखरीकला के राष्ट्रीय स्वयं सेवकों द्वारा गोद ग्राम सुखरीखुर्द में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर शत प्रतिशत मतदान करने के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया गया। छत्तीसगढ़ी बोली में मनमोहक गीत के माध्यम से ग्रामीणों को मतदान हेतु संकल्प दिलाया गया।

### मेंहदी रचा कर मतदान के लिए प्रेरित किया छात्राओं ने

कोरबा, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। कमला नेहरू महाविद्यालय में मतदान के प्रति विद्यार्थियों को जागरुक करने हेतु स्वीप कार्यक्रम के तहत नारा लेखन, निबंध प्रतियोगिता एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. प्रशांत बोपापुरकर ने छात्र-छात्राओं को मतदान की उपयोगिता की जानकारी दी। नव प्रवेशी सहित सभी छात्र-छात्राओं को मतदान के लिए जागरुक कर चुनाव में सहभागिता प्रदान करने प्रेरित किया। अंत में सहायक प्राध्यापक, अन्य शिक्षकों, सभी छात्र-छात्राओं अनिवार्य मतदान हेतु शपथ दिलाई गई।

### आराध्या को क्लासिकल नृत्य में प्रथम स्थान



**कोरबा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। कला के माध्यम से ईश्वर को प्राप्त किया जा सकता है। यही कारण है कि संगीत और नृत्य दोनों को साधना की श्रेणी में रखा गया है। छत्तीसगढ़ के भिलाई में नृत्य धाम कला समिति के द्वारा देश राग नामक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन पिछले दिनों किया गया। इस प्रतियोगिता में कोरबा की नन्हीं आराध्या संतानी में भाग लिया और क्लासिकल एवं सेमी क्लासिकल दोनों विधाओं में नृत्य प्रस्तुत कर प्रथम स्थान हासिल किया। आराध्या गुरुनानक जनरल स्टोर, कोरबा के संचालक पीयूष संतानी की पुत्री हैं। अल्प आयु में ही आराध्या की इस उपलब्धि से गुरुजन व माता-पिता सहित शुभचिंतकों में हर्ष और गर्व व्याप्त है।

# साढ़े 22 लाख की साड़ी और पौने 2 लाख की चादर जब्त

- बाइक की डिक्की से मिले 9 लाख रुपए
- चेकपोस्ट पर संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर पुलिस की कार्रवाईघोषणा

कोरबा, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ होने के बाद से जिले में आने वाले और जिले से बाहर जाने वाले सामानों और हो रही गतिविधियों पर पुलिस पैनी निगाह रख रही है।

एसपी जितेन्द्र शुक्ला के मार्गदर्शन और निर्देशन में सभी थाना-चौकी क्षेत्र में मोबाइल चेकिंग के साथ-साथ चेकपोस्ट पर भी गहन जांच-पड़ताल की जा रही है। इसी कड़ी में उरगा पुलिस ने एक ट्रक में भरे साडियों और बांगो पुलिस ने चादर के गट्ठरों को जप्त किया है। दीपका पुलिस ने बाइक की डिक्की से 9 लाख रुपए बरामद किए हैं। इसके आगे की वैधानिक कार्रवाई संबंधित सक्षम अधिकारी के द्वारा की जा रही है।

जानकारी के अनुसार वाहनों की जांच-पड़ताल के दौरान दीपका थाना अंतर्गत प्रगति नगर-दीपका मार्ग में थाना प्रभारी अश्वनी राठौर के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। इस दौरान एक मोटरसायकल क्रमांक- सीजी 12 बीजी 8290 पर सवार होकर पहुंचे व्यक्ति राकेश कुमार सिंह पिता अजब नारायण सिंह 43 वर्ष निवासी तालिबपुर थाना बैरिया, जिला बलिया उत्तरप्रदेश हालमुकाम दीपका की मोटरसायकल की जांच की गई। डिक्की से 9 लाख रुपए नगदी रकम बरामद हुआ। रुपए के संबंध में वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सकने पर उक्त राशि की जब्त की गई।







### पिकअप से ले जा रहे थे सामान

इसी तरह बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत बांगो बेरियर के सामने थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष चन्द्र नागर, एसआई महासिंह, एएसआई सुखलाल सिदार, आरक्षक इतवार कंवर, गजेन्द्र पाल द्वारा आज सुबह करीब 8.44 बजे वाहन चेकिंग के दौरान मालवाहन पिकअप को रुकवाया गया। पिकअप क्रमांक- 04 / एमएस / 8876 में सवार गणेश कुमार गुप्ता पिता कन्हैया शाह, 25 वर्ष निवासी ग्राम बरौदा थाना गढहनी, जिला भोजपुर बिहार, हाल पता सिंधी कॉलोनी चाम्पा से पिकअप में मौजूद सामान के बारे में पूछताछ की गई। जांच में पिकअप में 1080 नग कट पीस एवं 12 गुणा 7 साइज के 1080 चादर कुल कीमती 1 लाख 72 हजार 800 रुपये को परिवहन करने व इस संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाने पर धारा 102 दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत जप्त किया गया।

### बोरियों में बंडल

इससे पहले सोमवार रात उरगा थाना प्रभारी निरीक्षक युवराज तिवारी के नेतृत्व में वाहन चेकिंग के दौरान उचभिट्ठी बैरियर के सामने ट्रक क्रमांक सीजी 4 एमएम 1895 को रोककर चेक किया गया। ट्रक में अलग-अलग बोरियों के बंडल में 9 नग साड़ी होना पाया गया। साडियों के संबंध में चालक से पूछताछ करने पर संतोषजनक जवाब नहीं देने पर चुनाव में बांटने के लिए लाए जाने के संदेह पर उक्त साडियों को मय वाहन धारा 102 दण्ड प्रक्रिया सहिता के तहत जप्त किया गया। जप्त साडियों की कीमत 22 लाख 5 हजार रुपए आंकी गई है। बताया गया कि ट्रक का चालक धनबाद से सूरत के लिए साडियां लेकर रवाना हुआ था लेकिन शहर में प्रवेश करने से संदेह उत्पन्न हुआ। बहरहाल साडियों को जप्त कर अग्रिम वैधानिक परीक्षण की कार्रवाई सक्षम अधिकारी द्वारा की जा रही है। जांच व जप्ती की कार्यवाही में एसआई नवल साव, प्रधान आरक्षक सुनील पांडे, आरक्षक वीरेंद्र अनंत शामिल रहे।

### रेत लदे ट्रेक्टर की टक्कर से कार सवार 7 लोग घायल, 2 महिलाएं गंभीर

**कोरबा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। रेत लदे ट्रेक्टर शहर की सडकों पर फर्राटे भर रहे हैं, जिनसे हादसे हो रहे हैं। राताखार मार्ग पर ऐसे ही एक ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए कार को चपेट में ले लिया। हादसे में कार सवार सात लोग घायल हो गए हैं जिन्हें शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें दो महिला की हालत नाजुक है, जिन्हें आईसीयू में शिफ्ट किया गया है। बताया जा रहा है कि रेत लोड ट्रेक्टर क्रमांक सीजी 12 बीई 9504 का चालक नशे में धुत्त था और कार को टक्कर मार दिया। हादसे में कार में सवार दो महिला, चार बच्चे व चालक घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए कोसाबाड़ी स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया गया। हालांकि इस पूरे घटनाक्रम की कोई सूचना या जानकारी स्थानीय पुलिस को नहीं दी गई है।

## घर सें टहलने निकली महिला की दो दिन बाद लाश मिली

**कोरबा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। दो दिन पहले सुबह टहलने के लिए घर से निकली महिला वापस नहीं लौटी। उसकी तलाश के दौरान लाश प्रगति नगर के समीप नहर के गेट नंबर 3 में फंसी मिली। शव को नगर सेना के गोताखोरों ने बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार दर्री थानांतर्गत अमन नगर में निवासरत बबलू गुप्ता की 35 वर्षीय पत्नी सुरेश्वरी गुप्ता प्रतिदिन सुबह टहलने जाती थी। वह दो दिन पहले भी सुबह करीब 6 बजे घर से टहलने निकली लेकिन घर नहीं लौटी। परिजन पतासाजी करते नहर के समीप पहुंचे तो चप्पल और कपड़े पड़े मिले। किसी अनहोनी की आशंका पर परिजन उसकी तलाश में लगे थे। इस बीच मंगलवार की सुबह कुछ लोगों की नजर प्रगति नगर के समीप नहर के गेट नंबर 3 में फंसी किसी महिला की लाश पर गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने सुरेश्वरी के रूप में पहचान की। सूचना उपरांत दर्री पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को बाहर निकालने नगर सेना के रेस्क्यू टीम की मदद ली। नगर सेना के गोताखोरों ने शव को बाहर निकाला व पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका खुलासा पीएम रिपोर्ट और जांच के बाद ही हो सकेगा।

### जनसंपर्क कार्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस

कोरबा, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जिला जनसंपर्क कार्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करने की शपथ ली। साथ ही अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सत्यनिष्ठा से अपना योगदान करने का भी संकल्प लिया।

## सरकारी संपत्तियों, मंदिर में लग रहे पार्टी के झण्डे-तोरण

### कई स्थानों पर अब भी नजर आ रहे वॉल रायटिंग



**कोरबा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता का पालन करने/कराने के प्रति कई क्षेत्रों में उदासीनता देखी जा रही है। राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता प्रचार-प्रसार के लिए सरकारी संपत्ति, धर्मस्थल पर झण्डे, पोस्टर लगाकर आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे हैं। रामपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मदवानी, चैनपुर आदि इलाकों में इस तरह के नजारे देखने को मिले हैं। सरकारी फोन के टावर, बिजली के खंभे, मंदिर,अटल चौक, पीडीएस दुकान के भवन में भी जमकर प्रचार हो रहा है। इसी प्रकार नगर निगम और शहरी तथा उपनगरीय क्षेत्र में भी अनेक जगहों पर आज भी सही तरीके से संपत्ति विरूपण विरोधी कार्रवाई नहीं हुई है। राजनीतिक दल इस शिथिलता का फायदा उठा रहे हैं।

हालांकि संज्ञान में लाये जाने के उपरांत निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के द्वारा इसे गंभीरता से लेकर विलोपन की कार्रवाई कराई जा रही है।

### भंडारित कर रखे गए 44 लाख के पटाखे जब्त



कोरबा, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। दीपावली में बिक्री के लिए थोक में लाकर असुरक्षित और अवैध तरीके से भण्डारित किए गए पटाखों की जप्ती पुलिस की संयुक्त टीम ने की है। एक सूचना के आधार पर सायबर सेल के प्रभारी सनत सोनवानी, कोतवाली टीआई रूपक शर्मा एवं मानिकपुर पुलिस ने हाउसिंग बोर्ड कालोनी दादरखुर्द के एक मकान में दबिश दी। यहां रहने वाले अमृतलाल गुप्ता के द्वारा कालोनी के 3 अलग-अलग ठिकानों पर पटाखों का भंडारण किया गया था। अमृत लाल के साथ उसके साथियों के पटाखे उक्त ठिकानों पर रखे गए थे। पुलिस ने अमृतलाल का नाम उजागर करते हुए बताया कि तीन ठिकानों से कुल 44 लाख 17 हजार 298 रुपए कीमत के पटाखे जब्त किए हैं। कुल 83 कार्टूनों में इन्हें असुरक्षित तरीके से अवैधानिक भंडारण कर रखे जाने पर धारा 9 (बी) विस्फोटक अधिनियम के तहत संबंधितों पर अपराध पंजीबद्ध किया गया है। इस कार्रवाई में आरक्षक अशोक पाटले, संजय साहू थाना सिविल लाइन से एएसआई इमरान खान, प्रधान आरक्षक राकेश सिंह, आरक्षक संदीप भगत, राकेश कर्ष, रेहाना फातिमा, साइबर सेल से प्रधान आरक्षक चंद्रशेखर पांडे, गुनाराम सिन्हा,आरक्षक सुशील यादव, प्रशांत सिंह, आलोक टोप्पो, रितेश शर्मा शामिल रहे।

### रात में लगाए भाजपा के झण्डे चोरी हुए, निकाल कर फेंके

कोरबा, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा के एक पदाधिकारी ने पार्टी का झंडा चोरी होने और निकाल कर फेंके जाने की शिकायत सर्वमङ्गला पुलिस सहायता केंद्र में की है।



भाजपा किसान मोर्चा के कार्यालय प्रभारी माखन यादव ने लिखित शिकायत करते हुए बताया है कि वार्ड 50 सर्वमंगला नगर के बरमपुर चौक पर भाजपा पार्टी का झण्डा समस्त दुकानदारों के समर्थन से लगाया गया था जिसे आज अर्ध रात्रि किसी व्यक्ति द्वारा सभी झण्डा को चोरी कर ले गया एवं निकालकर फेंक दिया गया है जिससे सौहार्द बिगड़ने की आशंका बनी रहती है। इस प्रकार का कृत्य करने वालो पर कार्यवाही करने की आवश्यकता शिकायतकर्ता ने बताई है। भाजपा के झण्डा की चोरी कर निकाल कर फेंकने की शिकायत पर उचित कार्यवाही की मांग की गई है।

## समय निकालकर अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें - सौरभ

### कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने की मतदान करने की अपील

कोरबा, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत विधानसभा सदस्यों के निर्वाचन हेतु 17 नवंबर शुक्रवार को मतदान केंद्रों में अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु जिले के सभी मतदाताओं से अपील की है। उन्होंने मतदाताओं को जागरूक होकर इस लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने की अपील की।

उन्होंने कहा है कि मतदान दिवस के दिन मतदातागण मतदान के लिए समय निकालकर अपने क्षेत्र के लिए निर्धारित मतदान केंद्रों में उपस्थित होकर अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में प्रत्येक मतदाता का मत अमूल्य है तथा मतदान करना प्रत्येक मतदाता का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि जब मतदान के लिए जायें



तो अपना मतदाता परिचय पत्र (एपिक कार्ड) एवं फोटो युक्त मतदाता पर्ची अवश्य लेकर जायें। मतदान केंद्र में इलेक्ट्रानिक मतदान मशीन के माध्यम से आप अपने पसंद के प्रत्याशी को चुनने के लिए वोट कर सकते हैं। अपने जिला, राज्य एवं देश की खुशहाली के लिए एवं सशक्त लोकतंत्र के निर्माण के लिए शत प्रतिशत मतदान का होना अपेक्षित है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग सुनिश्चित करने की अपील सभी मतदाताओं से की है।

### विज्ञापन आदि की अनुमति के लिए एमसीएमसी कक्ष में संपर्क करें अभ्यर्थी

कोरबा, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 223 अंतर्गत मीडिया अनुप्रमाणन एवं मीडिया अनुवीक्षण समिति गठित की गई है। निर्वाचन संबंधी विज्ञापन, पाम्फ्लेट की अनुमति के संबंध में आवश्यक जानकारी के लिए वाणिज्य कर कार्यालय (जीएसटी भवन) कक्ष क्रमांक 2 में अजित तिर्की मोबाइल नंबर 999323942, सुरेश कंवर मोबाइल नंबर 913155865 में संपर्क किया जा सकता है। इसी तरह जिले के मीडिया प्रतिनिधि निर्वाचन संबंधी जानकारी के लिए मीडिया सेंटर में सुश्री उष्मा घोष मोबाइल नंबर 98149382 तथा मनोज कुमार रजक 9329942755 के मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

### 56 अभ्यर्थियों का नामांकन वैध, 5 लोगों के निरस्त हुए

**कोरबा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु कोरबा जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों हेतु भरे गये नामांकन की आज संवीक्षा की गई। संवीक्षा में कुल 56 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये हैं। कोरबा विधानसभा से 22 प्रत्याशी, रामपुर विधानसभा से 10, कटघोरा विधानसभा से 15 एवं पाली तानाखार विधानसभा से 9 प्रत्याशी का नामांकन स्वीकृत हुआ है। जिले में 5 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र में त्रुटि होने के कारण निरस्त किये गये हैं। संवीक्षा उपरांत विधानसभा क्षेत्र रामपुर से श्रीमती निर्मला देवी कंवर, कोरबा से शत्रुघन साहू एवं अश्वनी कश्यप, कटघोरा से प्रकाश दास महंत और विधानसभा पाली-तानाखार से श्रीमती श्याम बाई कंवर का नामांकन निरस्त किया गया।

## जाति प्रमाण पत्र से वंचित भारिया समाज करेगा चुनाव बहिष्कार

### अध्यक्ष ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

***कोरबा,*** *31 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारिया जनजाति समाज अपने लोगों का जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं होने के कारण व्यवस्था से नाराज है। भारिया जनजाति समाज के अध्यक्ष विजय कुमार भारिया ने इस संबंध में कलेक्टर सह जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर 5 दिन में निराकरण करने की मांग की है अन्यथा चुनाव का बहिष्कार की चेतावनी दी गई है।*

*विजय कुमार ने बताया कि कोरबा जिले में निवासरत समाज के लोगों का जाति प्रमाण पत्र कटघोरा, पाली, पोड़ी तहसील में नहीं बनने के कारण सामाजिक बैठक में यह निर्णय लिया गया है। भरिया समाज के लोगों में इस बात पर आक्रोश है कि उनका जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए दो अलग-अलग तरह का नियम लागू किया गया है। पूर्व कलेक्टर द्वारा पंचायत क्षेत्रों में ग्रामसभा व नगरीय क्षेत्रों में सामान्य सभा द्वारा जाति उद्घोषणा के आधार पर प्रमाण पत्र जारी करने की व्यवस्था दी गई थी और कार्य हो रहा था किन्तु उनके स्थानांतरण उपरांत कटघोरा व पोड़ी उपरोड़ा एसडीएम द्वारा जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जा रहा है। प्रशासन से पत्राचार पर कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला है। इसके विपरीत कोरबा एसडीएम द्वारा जाति उद्घोषणा के आधार पर भारिया जनजाति का प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा है। कटघोरा व पाली तहसील कार्यालय से अस्थाई प्रमाण पत्र बनाया जा रहा है लेकिन एसडीएम द्वारा उसे स्थाई नहीं किया जा रहा है। इस तरह एक जिले में भारिया जनजाति के लिए दो अलग-अलग नियम से उनके भविष्य के साथ गलत किया जा रहा है।*

### चर्चा-ए-चौक : संदर्भ कोरबा विधानसभा




### बाबा-कका और अब पट्टा वाले भैय्या

कोरबा, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। पृथक छत्तीसगढ़ की 23 साल की राजनीति ने प्रदेश वासियों को तीन नए-नए रिश्ते और इन रिश्तों के नाम दिए। कोरबा सहित छत्तीसगढ़ की जनता ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को चाऊर वाले बाबा की संज्ञा से नवाजा। 15 साल उन्होंने राज किया और दोनों हाथ से गरीब जनता के लिए चाऊर लुटाया। सत्ता बदली तो किसानों के हितवा और किसानों के बूते सरकार बनाने वाले भूपेश बघेल कका के नाम से मशहूर हुए। एक फेमस डायलॉग- कका अभी जिन्दा है... बच्चों से लेकर बूढ़ों की जुबान पर चल निकला। अब चुनावी साल में पट्टा वाले भैय्या की चर्चा है। सरकारी जमीनों पर काबिज लोगों को सरकार पट्टा दे रही है, जिसके लिए पहल करने वाले को पट्टा वाले भैय्या के नाम से पुकारा जा रहा है। यह पट्टा आचार संहिता लगने के पहले शुरू हुआ और निर्वाचन आयोग के निर्देश पर कुछ दिन बाद थम गया। पट्टा के नाम से कहीं खुशी कहीं गम के हालात हैं। इन हालातों के आधार पर पट्टा वाले भैय्या का सत्कार और बहिष्कार भी शुरू हो गया है। वे और उनके समर्थक कहीं से खुशी-खुशी तो कहीं से खीझ भरा चेहरा लेकर भी लौट रहे हैं और यह सब पट्टा की महिमा है। वहीं पट्टा का मामला भाजपा, बसपा, भाकपा, निर्दलीय सभी के निशाने पर है।

## सार-संक्षेप

### रैली में बिना अनुमति वाहनों के इस्तेमाल पर कार्रवाई, प्रत्याशियों के खाते में जुड़ेगा व्यय



**अम्बिकापुर,** 31 अक्टूबर (देशबन्ध्धु)। फ्लाइंग स्क्वॉड दल अम्बिकापुर द्वारा सघन निगरानी के दौरान गत दिवस 30 अक्टूबर को नामनिर्देशन रैली में बिना अनुमति के वाहनों के इस्तेमाल करने पर कार्रवाई की गई है। रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर ने बताया कि एफएसटी दल द्वारा जांच के दौरान गांधी स्टेडियम अम्बिकापुर के अंदर 42 वाहन एवं सत्तीपारा एसपी कार्यालय के नजदीक भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय के किनारे 14 वाहनों में उक्त पार्टी के झण्डे लगे हुए पाए गए। आदर्श आचार संहिता के अनुरूप सभा, रैली में आने वाले वाहनों की अनुमति लेना आवश्यक है। निगरानी के दौरान फ्लाइंग स्क्वॉड दल द्वारा पाया गया कि इन वाहनों में नियमानुसार अनुज्ञा प्राप्त नहीं की गई है। साथ ही वाहनों के चालक और वाहन स्वामी भी मौके पर उपस्थित नहीं पाए गए। इस संबंध में आवश्यक जांच कर दल द्वारा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए पंचनामा तैयार किया गया। वाहनों की सूची बनाकर इस्तेमाल पर हुए खर्च का ब्यौरा प्रत्याशियों के व्यय लेखा में जोड़ा जाएगा।

### छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस मनाया गया



**मनेन्द्रगढ़,** 31 अक्टूबर (देशबन्ध्धु)। शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय एकेडेमिक हॉइट्स पब्लिक स्कूल में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा छत्तीसगढ़ राज्यगीत गाया गया। कक्षा चौथी, पाँचवी एवं छठवीं की छात्राएँ, जो कि छत्तीसगढ़ के परम्परागत वेशभूषा में सज धज कर छत्तीसगढ़ी गीत ष्महुआ झर्रे पर आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दिए। कार्यक्रम की इस कड़ी में कक्षा बारहवीं के मास्टर कृष्णा अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति, खानपान, वेशभूषा, पौराणिक समय के महत्व, खनिज सम्पदा, छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा क्यों कहा जाता है, इत्यादि पर भाषण के माध्यम से अपने विचार प्रकट किए। कक्षा आठवीं के मास्टर समिशान शास्त्री ने छत्तीसगढ़ी भाषा में छत्तीसगढ़ के तीज त्यौहार, पर्यटन स्थल एवं अन्य विषयों पर प्रकाश डालते हुए अपनी बात रखी। कक्षा ग्यारहवीं की कुमारी प्रार्थना जैन ने छत्तीसगढ़ी भाषा में एक स्वरचित कविता का पठन किया। इस कविता का संकलन छत्तीसगढ़ राज्य से संबंधित हर महत्वपूर्ण पहलू को ध्यान में रखते हुए लिखा गया। विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती फातिमा शेख एवं शिक्षक श्री गुलशन कुमार ने भी छत्तीसगढ़ी भाषा में अपने विचार व्यक्त किए। विद्यालय के प्राचार्य पी. रविशंकर ने सभी उपस्थित शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों को बधाई देकर देश की प्रगति में अपनी अहम भूमिका निभाने का आग्रह किया। विद्यालय के डायरेक्टर्स श्री संजीव ताम्रकार, श्री आशीष कक्कड़, श्री प्रशांत अग्रवाल, श्रीमती ज्योति ताम्रकार, श्रीमती आशी कक्कड़, श्रीमती तोशी अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ दी तथा विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस



**मनेन्द्रगढ़,** 31 अक्टूबर (देशबन्ध्धु)। नगर विद्यालय विजय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल में आज देश के लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल जी के जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया।

संस्था प्राचार्य श्रीमती इन्द्रा सेंगर के विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा देश के लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम को आरंभ किया गया। संस्था प्राचार्य श्रीमती इन्द्रा सेंगर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस की शुरूआत सन् 2014 में भारत सरकार के द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धांजलि देने के लिए किया गया। नव स्वतंत्र भारत की राष्ट्रीय एकता को स्थापित करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को देखते हुए उन्हें लौह पुरूष की उपाधि मिली थी। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल जी को सच्ची श्रद्धांजली तब ही होगी जब हम सभी मिल कर राष्ट्रीय एकता के लिए कार्य करें। संस्था के शिक्षक राकेश मिश्रा ने भी सरदार वल्लभभाई पटेल को सरदार की उपाधि किस प्रकार यह बताते हुए कहा बच्चों से कहा कि वल्लभभाई पटेल ने सन् 1928 में बढ़े हुए करों के खिलाफ बारडोली के जमीदारों के प्रतिरोध का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया। बारडोली अभियान के उनके कुशल नेतृत्व के कारण ही उन्हें सरदार अर्थात नेता की उपाधि दी गई। उन्होंने कहा कि किसी भी महापुरूष की सच्ची श्रद्धांजली तब ही होगी जब हम उनके बताये मार्ग या अनुशासन का पालन करें।

# मदिरा दुकानों में प्रति व्यक्ति मदिरा विक्रय हेतु सीमा निर्धारित

## जिले की सभी मदिरा दुकानों के बाहर चस्पा की गई है जानकारी, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

### आबकारी विभाग के टोल फ्री नंबर 14405 और निर्वाचन आयोग के सी-विजिल एप पर सकते है उल्लंघन की शिकायत

**रायगढ़,** 31 अक्टूबर (देशबन्ध्धु)। आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के परिप्रेक्ष्य में मदिरा के अवैध भण्डारण को रोकने के लिए कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने आबकारी अमले को निर्देशित किया हुआ है। इसी क्रम में सहायक कलेक्टर श्री युवराज मरमट तथा सहायक आयुक्त आबकारी श्री रामकृष्ण मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले की सभी मदिरा दुकानों में छत्तीसगढ़ राज्य में मदिरा दुकानों से प्रति व्यक्ति निर्धारित विक्रय सीमा की जानकारी चस्पा की गई है। जिसके अनुसार प्रति व्यक्ति विक्रय सीमा देशी मदिरा हेतु 3 लीटर, विदेशी मदिरा स्प्रिट हेतु 3 लीटर एवं माल्ट (बीयर)हेतु 6 बोतल निर्धारित की गई है। जिले की सभी मदिरा दुकानों में यह सूचना प्रदर्शित की गई है। इसी तरह प्रति व्यक्ति आधिपत्य सीमा छत्तीसगढ़ राज्य की ड्यूटी पेड मदिरा के लिए 5 लीटर एवं अन्य राज्य से छत्तीसगढ़ में प्रवेश करने वाले सदभावी यात्री के लिए उस राज्य की ड्यूटी पेड मदिरा की 1 बोतल तय की गई है।

उक्त सीमा का उल्लंघन करने अवैध मदिरा भंडारण, विक्रय और परिवहन के प्रकरणों व शिकायत पर






विभाग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में किसी भी प्रकार के उल्लंघन की सूचना व शिकायत आबकारी विभाग के टोल फ्री नंबर 14405 पर अथवा सी-विजिल मोबाइल एप के माध्यम से की जा सकती है। यह एप एंड्रॉयड और आईओएस, दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। एंड्रॉयड यूजर इसे गूगल प्ले स्टोर से और एपल यूजर एप स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं।

### ऐसे काम करता है सी-विजिल एप

इस एप के जरिए कोई भी व्यक्ति आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन की गतिविधियों या घटनाओं की शिकायत चंद मिनटों में दर्ज करा सकता है। इसके लिए अब उसे निर्वाचन अधिकारी के दफ्तर में आने की जरूरत नहीं होगी। जिले में अब तक आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की शिकायतें होने पर समय रहते कार्रवाई की जाएगी। सी-विजिल मोबाइल एप पर शिकायत प्राप्त होते हुए उडनदस्ता (एफ.एस.टी.) तुरंत मौके पर पहुँच कर जरूरी कार्रवाई करेगा। इस एप के माध्यम से आने वाली हर शिकायत पर 100 मिनट के अंदर कार्रवाई की जाएगी। इसमें शिकायतकर्ता शराब, पैसे बांटने या आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत सी-विजिल ऐप पर कर सकते हैं। इसमें शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जाएगा। शिकायतकर्ता को यह भी लिखने की जरूरत नहीं होगी कि वह कहां है। यानी इस ऐप के जरिए मतदाता भी चुनाव में निगरानी कर सकते हैं। ऐप के माध्यम से मतदाता फोटो और वीडियो के साथ जहां गड़बड़ी हो रही हो उस स्थान की लोकेशन भी भेज सकते हैं और लिखकर पूरी जानकारी उपलब्ध करवा सकते हैं।

### ऐसे डाऊन लोड कर सकते है सी-विजिल एप

यह एप एंड्रॉयड और आईओएस, दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। एंड्रॉयड यूजर इसे गूगल प्ले स्टोर से और एपल यूजर एप स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। इंस्टॉल करने पर कैमरा, लोकेशन और ऑडियो और फाइल्स एक्सेस करने की अनुमति मांगी जाती है। इसके बाद भाषा चुनने का विकल्प मिलता है जहां आप हिंदी या अंग्रेजी भाषा का चयन कर सकते हैं। इसके बाद आपको फोन नंबर लिखना होगा, जिस पर एक ओटीपी आएगा। ओटीपी दर्ज करने के बाद आपको अपने नाम, पता, राज्य, जिला, विधानसभा क्षेत्र और पिन कोड की जानकारी देनी होगी। ये जानकारियां देने के बाद आपको वेरिफाई पर क्लिक करना होगा। इसके बाद एप का होम पेज खुल जाएगा, जहां आपको फोटो, वीडियो और ऑडियो के विकल्प मिलेंगे। आप जिस भी माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करवाना चाहते हैं, वह विकल्प चुन कर आप आयोग को गड़बड़ी की जानकारी पहुंचा सकते हैं।

# भारत में लोकतंत्र की आत्मा है निष्पक्ष मतदान - सीईओ

### विधानसभा निर्वाचन के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण सम्पन्न

**कोरिया,** 31 अक्टूबर (देशबन्ध्धु)।आगामी विधानसभा निर्वाचन में निष्पक्ष मतदान प्रक्रिया के बारीक निरीक्षण के लिए आपको चयनित किया गया है और आपकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र में आपको प्रत्येक महत्वपूर्ण विषयों पर जांच कर अपनी रिपोर्ट मतदान के बाद ऑब्जर्वर के समक्ष प्रस्तुत करनी होगी। उक्ताशय के विचार जिला पंचायत सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने जिला पंचायत के ऑडिटोरियम में माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। कोरिया जिले में विधानसभा निर्वाचन हेतु मानव संसाधन प्रशिक्षण के प्रभारी अधिकारी जिला पंचायत सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र में निष्पक्ष मतदान उसकी आत्मा है। इस लोकतांत्रिक व्यवस्था में निर्वाचन की बड़ी प्रक्रिया है और इसे निष्पक्ष तरीके से सम्पादित कराने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा सामान्य ऑब्जर्वर नियुक्त किए जाते हैं और उनके सहयोगी के तौर पर आप सभी को प्रेक्षक की महती भूमिका निभाने के लिए जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। इसलिए आप अपने कार्य करने के तरीके और प्रकृति को पूरी तरह से समझ लें। जिला पंचायत के ऑडिटोरियम में उपस्थित माइक्रो आब्जर्वर के प्रशिक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ ने सभी प्रशिक्षु अधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जिले में 153 मतदान केंद्रों पर आपको प्रेक्षक का कार्य करना है। यहां पर आपको सिर्फ निगरानी रखने का महत्वपूर्ण कार्य करना है और मतदान केंद्र पर पूरी प्रक्रिया को निष्पक्ष तरीके से पूरा कराते हुए ऑब्जर्वर महोदय को इसकी रिपोर्ट देनी है। उन्होंने माइक्रो आब्जर्वर के सभी निर्धारित कार्यों के लिए प्रश्न पूछे और संदेह होने की स्थिति का निराकरण भी किया। जिला पंचायत सीईओ ने आगामी विधानसभा निर्वाचन के दौरान मॉक पोल से लेकर मतदान समाप्त होने तक होने वाली प्रत्येक प्रक्रिया पर बात की और प्रशिक्षण ले रहे अधिकारियों से प्रश्न पूछकर प्रशिक्षण के प्रत्येक विषय पर प्रदाय जानकारी की गुणवत्ता भी जांची। इस दौरान मास्टर ट्रेनर सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# जिले के दो विधानसभा क्षेत्र में 33 प्रत्याशियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया

**बलरामपुर,** 31 अक्टूबर (देशबन्ध्धु)। प्रदेश में दूसरे चरण में होने वाले विधानसभा निर्वाचन के लिए 21 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2023 तक बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के 02 विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 33 प्रत्याशियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 07-रामानुजगंज के लिए कुल 15 प्रत्याशियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया। इण्डियन नेशनल कांग्रेस से डॉ. अजय कुमार तिर्की, भारतीय जनता पार्टी से श्री रामविचार नेताम, आम आदमी पार्टी से श्रीमती नीलम दीदी एवं श्री बन्धु मसराम, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) से श्री बसंत कुजूर एवं श्री ज्ञानी सिंह, हमर राज पार्टी से श्री उपेन्द्र मुरूम, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से श्री दयाशंकर मरकाम, समाजवादी पार्टी से श्री रामविलास पण्डो, निर्दलीय प्रत्याशी में श्री अजय तिर्की, श्री करमचन्द सिंह, श्रीमती प्रतिभा सिंह, श्री भूनेश्वर सिंह, श्री रामेस्वर अगरिया श्री सूरजदेव सिंह ने अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया।

इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 08-सामरी के लिए कुल 18 प्रत्याशियों ने नामनिर्देशन पत्र जमा किया। भारतीय जनता पार्टी से श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा एवं सिद्धनाथ पैकरा, इण्डियन नेशनल कांग्रेस से श्री विजय पैकरा, बहुजन समाज पार्टी से श्री आनन्द तिग्गा, आम आदमी पार्टी से श्री देवगणेश सिंह टेकाम एवं श्री विकास मिंज, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) से श्रीमती प्रभात बेला मरकाम, हमर राज पार्टी से श्री परशुराम भगत, बहुजन मुक्ति पार्टी से श्री बलासियुस तिग्गा, जनता कांग्रेस से श्री विद्यासागर पैकरा, कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया से शीतल खलखो, तथा निर्दलीय प्रत्याशी में श्री परसन राम, श्री प्रभुराम भगत, श्री सचिन कुमार, श्रीमती ससिता, श्री सुदामा भगत, श्रीमती सुलिमा तिग्गा, श्री संतोष सिंह ने अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया।

### विधानसभा निर्वाचन 2023 जिले के लिए नियुक्त प्रेक्षकों की उपस्थिति में समीक्षा बैठक आज

**अम्बिकापुर,** 31 अक्टूबर (देशबन्ध्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिला सरगुजा के लिए नियुक्त प्रेक्षकों की उपस्थिति में आयोजित समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि विधानसभा निर्वाचन 2023 के सफल क्रियान्वयन हेतु 01 नवंबर 2023 को अपराह्न 03:00 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है।

बैठक में जिले के समस्त रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं सर्व नोडल ऑफिसर उपस्थित रहेंगे। उक्त बैठक में उन्होंने सर्वसंबंधितों को निर्वाचन से जुड़ी समस्त जानकारियों सहित उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# संगवारी, दिव्यांग एवं युवा मतदान दल के कर्मचारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न

**बलरामपुर,** 31 अक्टूबर (देशबन्ध्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का के निर्देशन में जिले के सभी विकासखण्डों में संगवारी, दिव्यांग एवं युवा मतदान दल के कर्मचारियों व पूर्व प्रशिक्षण में अनुपस्थित मतदान कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट मशीन की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही ईव्हीएम और व्हीव्हीपैट के संचालन की गतिविधियों के तकनीकी जानकारी देते प्रायोगिक रूप से कर के भी दिखाया गया। जिससे आपात जैसी परिस्थितियों में त्वरित निराकरण किया जा सके।

मतदान दिवस के दिन मॉक पोल को समय पर सम्पन्न कराने के साथ ही मतदान कार्य को निर्धारित समय पर प्रारंभ करने के बारे में अवगत कराया गया। मतदान की गोपनीयता को बनाये रखने के लिए वोटिंग कम्पार्टमेंट के समीप अन्य कोई व्यक्ति न जाये, यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया। मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या आने पर किस तरह से समाधान निकालना है इसके बारे में भी बताया। सभी मतदान अधिकारियों को मशीनों का सही तरीके से संचालित करने के साथ सीलिंग प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया साथ ही मतदान पश्चात् भरने वाले प्रपत्रों को भी भरते समय विशेष ध्यान देने की बात कही। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा कुल 383 मतदान दल के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

गौरतलब है कि विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 07 रामानुजगंज एवं क्षेत्र क्रमांक 08 सामरी के लिए दूसरे चरण में 17 नवम्बर 2023 को मतदान होना है, जिसके लिए मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया गया। सभी मतदान दल अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए मतदान दिवस सभी मतदाताओं से निष्पक्ष, बिना भय के मतदान कराना सुनिश्चित करेंगे।

# जिले में केवल हरित पटाखों का विक्रय एवं उपयोग सुनिश्चित करने कलेक्टर ने जारी किया पत्र

### दीपावली, छठ पूजा, गुरु पर्व तथा नया वर्ष-क्रिसमस के अवसर पर पटाखे फोड़ने की अवधि निर्धारित

**अम्बिकापुर,** 31 अक्टूबर (देशबन्ध्धु)। जिले में दीपावली, छठ पूजा, गुरु पर्व तथा नया वर्ष-क्रिसमस के अवसर पर केवल हरित पटाखों का विकय एवं उपयोग सुनिश्चित करने कलेक्टर ने आदेश जारी किया है। इन पर्वों में अलग-अलग समय में पटाखों को फोड़ने की निर्धारित कि गई है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कुन्दन कुमार ने छत्तीसगढ़ शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय नवा रायपुर द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में सर्वसम्बन्धितो को पत्र जारी कर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली द्वारा पटाखों के उपयोग के संबंध दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।जिसमें कहा गया है कि जिले में केवल हरित पटाखों का विक्रय एवं उपयोग सुनिश्चित किया जाए। फटाखे फोड़ने के लिए दीपावली में रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक, छठ पूजा में प्रातः 6 बजे से प्रातः 8 बजे तक, गुरु पर्व में रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक और नया वर्ष-क्रिसमस में रात्रि 11.55 बजे से रात्रि 12.30 बजे तक समय निर्धारित किया गया है।

जारी पत्र में कहा गया है कि कम प्रदूषण उत्पन्न करने वाले इम्प्रूव्ड एवं हरित पटाखों की बिक्री केवल लाईसेंस्ड ट्रेडर्स द्वारा की जा सकेगी। केवल उन्हीं पटाखों को उपयोग के लिये बाजार में बेचा जा सकेगा, जिनसे उत्पन्न ध्वनि का स्तर निर्धारित सीमा के भीतर हो। सीरीज पटाखे अथवा लड़ियों की बिक्री, उपयोग एवं निर्माण प्रतिबंधित किया गया है। पटाखों के ऐसे निर्माताओं का लाईसेंस भी रद्द करने के निर्देश दिये गये है, जिनके द्वारा पटाखों में लिथीयम, आर्सेनिक, एन्टिमनी, लेड एवं मर्करी का उपयोग किया गया है। ऑनलाईन अर्थात ई-व्यापारिक वेबसाईटों जैसे फ्लिपकार्ट, अमेजॉन आदि से पटाखों की बिक्री प्रतिबंधित रहेगा।

# नाम निर्देशन की संवीक्षा पूर्ण, 44 अभ्यर्थियों के नामांकन विधिमान्य

## सामान्य प्रेक्षकों की उपस्थिति में जिले के तीनों विधानसभा के नाम निर्देशन पत्र की हुई स्क्रुटनी

**अम्बिकापुर** 31 अक्टूबर (देशबन्ध्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत सरगुजा जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र हेतु सामान्य प्रेक्षक आईएएस डॉ बी. सी. सतीश, आईएएस श्री रूपवंत सिंह, एवं आईएएस श्री पी. कोटेश्वर राव की उपस्थिति में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09- लुण्ड्रा, 10- अम्बिकापुर और 11- सीतापुर के लिए किए गए नाम निर्देशन पत्र की स्क्रूटनी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष की गई। इस अवसर पर रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सहित निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**लुण्ड्रा से 12 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र विधिमान्य**

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-09 लुण्ड्रा से 15 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया, जिसकी आज संवीक्षा पश्चात 12 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र विधिमान्य पाए गए। इसमें लुण्ड्रा विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी से श्री प्रबोध मिंज, हमर राज पार्टी से श्री अनुक प्रताप सिंह टेकाम, इंडियन नेशनल कांग्रेस से डॉ प्रीतम राम, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़(जे) से श्री इसीदोर तिर्की, आम आदमी पार्टी से श्री अलेक्जेण्डर केरकेट्टा, बहुजन समाज पार्टी से श्री दिलीप सिंह गोंड, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्ससिस्ट) से श्री बलबीर नागेश तथा निर्दलीय प्रत्याशी श्री अफसाना सिंह, श्री चक्रधारी सिंह, श्री लीलाधर पैंकरा, श्रीमती उर्मिला सिंह, श्री लोभन राम पैंकरा नामांकन पत्र स्वीकृत हुए। इण्डिया ग्रीन्स पार्टी से नामांकन जमा करने वाली प्रत्याशी अफसाना सिंह को संबद्ध राजनैतिक दल से फॉर्म ए व बी प्रस्तुत नहीं किए जाने पर निर्दलीय प्रत्याशी घोषित किया गया। नामांकन पत्रों में, विधिमान्य नहीं पाए गए, में श्री राजीव लकड़ा, श्री बाल सिंह आंडिल्य तथा श्री प्रमोद मिंज शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-10 अम्बिकापुर से 19 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया, जिसकी आज संवीक्षा पश्चात 15 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र विधिमान्य पाए गए। अम्बिकापुर विधानसभा क्षेत्र से इंडियन नेशनल कांग्रेस से श्री टीएस सिंहदेव, भारतीय जनता पार्टी से श्री राजेश अग्रवाल, हमर राज पार्टी से श्री रामनन्दन पैंकरा, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से श्री बालसाय कोर्राम, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से श्री संतोष विश्वकर्मा, राष्ट्रीय महान गणतंत्र पार्टी से श्री सुजान बिंद, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़(जे) से श्री अब्दुल माजिद तथा निर्दलीय प्रत्याशी में श्री अनिल श्रीवास्तव, श्री एस्तर खलखो, मीरा रवि, श्री क्रान्तिकुमार रावत, श्री राकेश कुमार साहू, श्री प्रदीप अग्रवाल, श्री मुकेश गोस्वामी, श्री रामकुमार सिंह टेकाम के नामांकन पत्र स्वीकृत हुए। गौरतलब है कि गण सुरक्षा पार्टी से नामांकन जमा करने वाले प्रत्याशी एस्तर खलखो एवं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से नामांकन पत्र जमा करने वाले प्रत्याशी श्री रामकुमार सिंह टेकाम को आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध ना करा पाने पर निर्दलीय प्रत्याशी घोषित किया गया। नामांकन पत्रों में, विधिमान्य नहीं पाए गए, में श्री वसीम अकरम, श्री कृष्ण नन्दन सिंह, श्री सुनील कुमार पलसकर, श्री संदीप खलखो शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-11 अम्बिकापुर से 23 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया, जिसकी आज संवीक्षा पश्चात 17 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र विधिमान्य पाए गए। सीतापुर विधानसभा क्षेत्र से इंडियन नेशनल कांग्रेस से अमरजीत भगत, भारतीय जनता पार्टी से रामकुमार टोप्पो, आम आदमी पार्टी सेप्रियंका बंसोड़, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) से जेम्स टोप्पो, बहुजन समाज पार्टी से श्री प्रकाश कुमार किस्पोट्टा, बहुजन मुक्ति पार्टी से श्री निर्मल कुजूर, हमर राज पार्टी से श्री कमलनाथ सिंह तथा निर्दलीय से श्री रामकुमार किंडो, श्री अनिल मिंज, डॉ आजाद भगत, श्री संतोष कुमार खेस्स, श्रीमति बालमदीना निराला, श्री फ्रांसीस एक्का, श्री चक्रधर पैंकरा, श्री विपिन बिहारी पैंकरा, श्रीमती शांति देवी, श्री रामकुमार एक्का के नामांकन पत्र विधिमान्य पाए गए।



## सार-संक्षेप

### कलेक्टर ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर अधिकारियों-कर्मचारियों को दिलाई शपथ



**सारंगढ़** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मंगलवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में राष्ट्रीय एकता दिवस पर सामूहिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सामूहिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट स्थित विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई।

### कांग्रेस प्रत्याशी अंबिका सिंह देव ने दाखिल किया नामांकन



**कोरिया** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोरिया जिले के बैकुंठपुर विधानसभा के लिए अंबिका सिंह देव ने भरा पर्चा इस दौरान डिप्टी सीएम टी एस सिंह देव भी मौजूद रहे। पूर्व वित्त मंत्री डॉ रामचंद्र सिंह देव की प्रतिमा पर माला अर्पण कर उन्हें नमन किया आमसभा के बाद कांग्रेस प्रत्याशी अंबिका सिंह देव पैदल कलेक्टर कार्यालय पहुंची उन्होंने निर्वाचन ऑफिस जाकर अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान डिप्टी सीएम ने कहा कि बैकुंठपुर विधानसभा सीट हम जीतेंगे सरगुजा संभाग के 14 सीटों के संबंध में उन्होंने कहा कि हर मैच में बैटमैन ट्रिपल सेंचुरी नहीं लगा पाते हैं लेकिन हम डबल सेंचुरी जरुर लगाएंगे इस दौरान डिप्टी सी एम टी एस सिंह देव के साथ जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता योगेश शुक्ला वेदांती तिवारी अशोक जायसवाल अजय सिंह अनिल जायसवाल नजीर अजहर मुख्तार अहमद बिहारी लाल राजवाड़े आशीष डाबरे संजीव सिंह काजू विजय सिंह अजीत लाकड़ा अन्नपूर्णा सिंह लाल मुनि यादव भूपेंद्र यादव शैलेंद्र सिंह उदय सिंह रामसजिले वंश गोपाल संगीता राजवाड़े विकास श्रीवास्तव सुरेंद्र तिवारी फरोग सिद्दीकी वसीम खान रईस खान वजीरूद्दीन कादरी पिंटू खान जाहिद अंसारी शिवकुमार कुर्रे संतोष कुमार सूर्यवंशी एवं बहुत सारे दिग्गज कांग्रेसीकरण उपस्थित रहे।

### नामांकन के अंतिम दिन जिले में 13 लोगों ने जमा किया नामांकन



**मनेन्द्रगढ़** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु नाम निर्देशन के अंतिम दिन विधानसभा क्षेत्र भरतपुर-सोनहत (01) के लिए कुल 07 लोगों ने नामांकन फॉर्म जमा किया। समाजवादी पार्टी से फूलमती, छत्तीसगढ़िया पार्टी से संतोषी कोल, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़(जे) से सुखवंती, गण सुरक्षा पार्टी से लल्ला बैगा तथा निर्दलीय से जय सिंह पैकरा, शुभशरण तथा शिमला ने नामांकन दाखिल किया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 01 भरतपुर-सोनहत के लिए कुल 10 अभ्यर्थियों ने 15 नामांकन पत्र जमा किया है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 02 मनेन्द्रगढ़ के लिए 06 लोगों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया। जिनके नाम इस प्रकार हैं- अयोध्या प्रसाद विरगांठ ने छत्तीगढ़िया पार्टी, ओम प्रकाश अहिरवार ने पिपुल्स पार्टी ऑफ इण्डिया (डेमोक्रेटिक), अरूणा पनिका ने गण सुरक्षा पार्टी, शेख स्माइल तथा लक्ष्मण सिंह उदय ने गोंडवाना गणतंत्र पार्टी तथा सुनिता वर्मा ने निर्दलीय से नामांकन दाखिल किया। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 01 में कुल 11 अभ्यर्थियों ने 14 नामांकन दाखिल किया है।

### झगड़ाखांड थाना में हुई राजनैतिक दलों की बैठक




**एमसीबी** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के झगड़ाखांड थाना में सिद्धार्थ तिवारी पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार सभी राजनैतिक दलों की बैठक ली गई। तहसीलदार नीरज कांत तिवारी मनेंद्रगढ़ की उपस्थिति में प्रद्युम्न तिवारी निरीक्षक थाना प्रभारी के द्वारा सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारीयों को आदर्श आचार संहिता का पालन करने के परिपेक्ष्य में यह मीटिंग ली गई। बैठक में रजनीश पांडे अध्यक्ष नगर पंचायत झगराखाण्ड कांग्रेस पार्टी,सरोज यादव अध्यक्ष नगर पंचायत लेदरी भाजपा,धीरेंद्र विश्वकर्मा अध्यक्ष नगर पंचायत खोगापानी भाजपा,सत्तार अली उपाध्यक्ष नगर पंचायत झगड़ा खाड कांग्रेस,उमेश जायसवाल नेता प्रतिपक्ष भाजपा नगर पंचायत झगड़ाखांड,विवेक चतुर्वेदी पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत खोगापानी कांग्रेस,विष्णु दास लेदरी कांग्रेस,सी.पी.सिंह खोगापानी कांग्रेस,विनोद गुप्ता मंडल अध्यक्ष भाजपा लेदरी, के.डी.ढीवर पार्षद झगराखाण्ड कांग्रेस,राजकुमार यादव पार्षद झगराखाण्ड कांग्रेस,उषा चौधरी आम आदमी पार्टी खोगापानी के साथ अन्य राजनीतिक दलों के पदाधिकारी,कार्यकर्ता शामिल हुऐ।जिनसे आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुऐ सभी राजनीतिक दलों को आपस में बेहतर सामंजस्य बनाकर शांति पूर्वक चुनाव संपन्न कराऐ जाने की अपील की गई।जिस पर सभी राजनैतिक दलों के द्वारा शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न करने का आश्वासन दिया गया।

# जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की हुई संविक्षा

### कुल 48 अभ्यर्थियों के विधि मान्य पाए गए नाम निर्देशन पत्र

**जांजगीर**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 33 अकलतरा, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 34 जांजगीर-चांपा एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 38 पामगढ़ में 30 अक्टूबर तक नाम निर्देशन की प्रक्रिया के बाद आज 31 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की गई। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के कुल 58 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी ने बताया कि नामांकन पत्रों की संवीक्षा आज की गई, संवीक्षा के दौरान कुल 10 आवेदन फार्म निरस्त किए गये, इस तरह कुल 48 अभ्यर्थियों का नाम निर्देशन पत्र विधि मान्य पाया गया। जिसमें अकलतरा विधानसभा में 16 अभ्यर्थी, जांजगीर-चांपा में 21 अभ्यर्थी एवं पामगढ़ में 11 अभ्यर्थी का नाम निर्देशन पत्र विधि मान्य पाया गया।




### अकलतरा में 16 विधि मान्य, एक निरस्त

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 33 अकलतरा में आनंद प्रकाश मिरी आम आदमी पार्टी, श्रीमती ऋचा जोगी जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे), राघवेन्द्र कुमार सिंह इंडियन नेशनल कांग्रेस, विनोद शर्मा बहुजन समाज पार्टी, सौरभ सिंह भारतीय जनता पार्टी, जीवन लाल यादव समाजवादी पार्टी, दशरथ लाल पटेल अखण्ड लोकतांत्रिक पार्टी, ेला शंकर गोड़ हमर राज पार्टी, रोहित कुमार पटेल भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, सुनील कुमार किरण जनता कांग्रेस,भागवत प्रसाद केंवट निर्दलीय, महेत्तर गोड़ निर्दलीय, राजेश सिंह ध्रुर्वे निर्दलीय,वर्षा नेताम, शैल कुमार कुर्रे निर्दलीय,त्रिपतीनाथ कैवर्त्य निर्दलीय अभ्यर्थी का नाम निर्देशन पत्र विधि मान्य पाया गया।

### जांजगीर-चांपा में 21 अभ्यर्थी विधि मान्य, 4 निरस्त

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 34 जांजगीर-चांपा में नारायण चंदेल भारतीय जनता पार्टी, परमेश्वर प्रसाद साण्डे आम आदमी पार्टी,ब्यास कश्यप इंडियन नेशनल कांग्रेस,रविन्द्र द्विवेदी (गुड्डू महराज) जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे),राधेश्याम सूर्यवंशी बहुजन समाज पार्टी, श्रीमती ज्योति सिंह नेशनल यूथ पार्टी,नीलम सोनार प्रबुद्ध रिपब्लिकन पार्टी,बसंत कुमार साहू कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया,रामकुमार साहू बलीराजा पार्टी, श्रीमती सावित्री यादव पीपुल्स पार्टी आफ इंडिया (डेमोक्रेटिक), तोपकुमार बंजारे निर्दलीय, बलराम सूर्यवंशी निर्दलीय, बिसाहूलाल सूर्यवंशी निर्दलीय, बीना साहू निर्दलीय, ब्यास कश्यप निर्दलीय, भोलाराम मनहर निर्दलीय, रामेश्वर सूर्यवंशी निर्दलीय, विकास तिवारी निर्दलीय, व्यास नारायण कश्यप निर्दलीय,सुरेन्द्र यादव निर्दलीय,हेमंत टंडन निर्दलीय अभ्यर्थी का नाम निर्देशन पत्र विधि मान्य पाया गया।

### पामगढ़ में 11 अभ्यर्थी विधि मान्य, 5 निरस्त

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 38 पामगढ़ (अ.जा.) में श्रीमती इन्दु बंजारे बहुजन समाजवादी पार्टी, गोरेलाल बर्मन जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे), श्याम लाल बंजारे आम आदमी पार्टी, श्रीमती शेषराज हरवंश इंडियन नेशनल कॉंग्रेस, संतोष कुमार लहरे भारतीय जनता पार्टी, आशा ब्रम्हे पिपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया, मयाराम नट असंख्य समाज पार्टी, मुकेश कुमार लहरे समाजवादी पार्टी, सतोष कुमार खुंटे अम्बेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया, दिनेश बंजारे निर्दलीय, मयाराम बंजारे निर्दलीय अभ्यर्थी का नाम निर्देशन पत्र विधि मान्य पाया गया।

### जांजगीर चांपा विधानसभा से तीन व्यास

**विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 34 जांजगीर चांपा विधानसभा से इस चुनाव में कुल 21 प्रत्याशियों का आवेदन विधि मान्य पाया गया है, जिसमें राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय दलों के अलावा निर्दलीयों की संख्या भी शामिल है। इसमें जहां एक और इंडियन नेशनल कांग्रेस से व्यास कश्यप उम्मीदवार हैं वही दो अन्य उम्मीदवार जिनका नाम इनसे मिलता जुलता मैदान में है, जिसमें से निर्दलीय व्यास नारायण कश्यप व व्यास कश्यप शामिल है। ऐसे में कांग्रेस प्रत्याशी को चुनाव पूर्व मतदाताओं के समक्ष अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है।**

# नौकरी से निकाले जाने पर कर रही थी विवाद, गुस्से में आकर कर दी हत्या

**जांजगीर**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के शिवरीनारायण में संचालित चंद्रा क्लीनिक में पूर्व में काम करने वाली महिला की लाश उसी क्लीनिक में मिली है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने डॉक्टर जितेंद्र चंद्रा को गिरफ्तार कर लिया है।



**आरोपी डॉक्टर को शिवरीनारायण पुलिस ने किया गिरफ्तार**

जानकारी के अनुसार मृतका कन्या चौहान (40 साल) सोमवार की कन्या चौहान दोपहर करीबन 01.30 बजे घर से निकली थी जो शाम 06.00 बजे तक घर वापस नही आने पर आस-पास तलाश कर रहे थे तभी पता चला कि कन्या चौहान मृत हालत में जितेन्द्र चन्द्रा के डिस्पेंसरी में पड़ी है। सूचक के सूचना पर थाना शिवरीनारायण में मर्ग कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया। मर्ग जांच दौरान मृतिका कन्या चौहान उम्र 40 साल के शव का पीएम कर्ता डाक्टर से सम्पर्क कर शार्ट पीएम रिपोर्ट प्राप्त किया गया जो गला दबाने एवं दम घुटने से मृत्यु होना लेख करने एवं मर्ग जांच दौरान गवाहो के कथनानुसार शार्ट पीएम रिपोर्ट के आधार पर आरोपी जितेन्द्र चन्द्रा के विरुद्ध अपराध सदर धारा का कारित करना सबूत पाये जाने से धारा 302 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। उपरोक्त कार्यवाही में एसडीओपी चांपा यदूमणि सिदार के नेतृत्व में निरी. अशोक द्विवेदी थाना प्रभारी शिवरीनारायण, उपनिरी, कृष्णपाल सिंह, सउनि भुवनेश्वर राठौर, प्रआर तारिकेश पाण्डेय, महिला आर सरिता लहरे, मोनिका जोगी का योगदान रहा।

**काम से निकाल दियें हो कहकर वाद विवाद करती थी**

विवेचना दौरान आरोपी जितेन्द्र चन्द्रा को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर अपने मेमोरण्डम कथन में बताया कि मृतिका कन्या चौहान मेरे डिसपेंसरी शिवरीनारायण में काम करती थी, उसका काम ठीक नही होने से कुछ महिने पहले मैने उसको काम से निकाल दिया था जो मुझे काम से निकाल दियें हो कहकर वाद विवाद करती थी इसी बात को लेकर गुस्से में आकर हाथ से गला दबाकर हत्या करना बताया ।विवेचना दौरान आरोपी जितेन्द्र चन्द्रा उम्र 42 साल निवासी सलनी थाना जैजैपुर हाल शिवरीनारायण को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

### दो छात्र राज्यस्तरीय बालविज्ञान कांग्रेस परियोजना हेतु चयनित

**अकलतरा**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला अकलतरा के ग्यारह छात्र छात्राओं ने प्रभारी शिक्षक जीपी देवांगन के मार्गदर्शन मे कोटमी सोनार मे आयोजित जिला स्तरीय राष्ट्रीय बालविज्ञान कांग्रेस परियोजना प्रस्तुतीकरण मे भाग लिया जिसमे कक्षा ग्यारहवीं के दो छात्र मनदीप पाटले एवं वैभव सिंह ने पारिस्थितिकी तंत्र और स्वास्थ्य के लिए सामाजिक और सांस्कृतिक प्रथाएँ विषय पर प्रस्तुतिकरण दे कर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा राज्यस्तरीय बालविज्ञान कांग्रेस परियोजना हेतु चयनित हुए। इस उपलब्धि हेतु अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट अध्यक्ष सौरभ सिंह, अशोक अग्रवाल उपाध्यक्ष, ईश्वर खंडेलिया सचिव, पंकज दोषी सहसचिव, स्वप्निल जैन कोषाध्यक्ष,विकास केडिया आय व्यय निरीक्षक शाला के प्राचार्य आरके विश्वकर्मा, विज्ञान क्लब प्रभारी आरके पाण्डेय एवं समस्त स्टाफ द्वारा छात्रों को शुभ कामनायें प्रेषित किया गया ।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली राजनीतिक दलों की बैठक

**जांजगीर**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली एवं प्रेसवर्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने जिले के तीनो विधानसभा क्षेत्रों के लिए अभ्यर्थियों के द्वारा जमा किये गए नाम निर्देशन पत्र एवं विधिमान्य पाए गए नाम निर्देशन पत्र की जानकारी दी। उन्होंने मतदान केंद्रों के नाम व स्थल परिवर्तन, नए मतदान केंद्रों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 2 नवम्बर 2023 नाम वापसी की अंतिम तिथि है।

### प्रधान पाठक को सादगी पूर्वक दी गई विदाई

**डभरा**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय उन्नयन पूर्व माध्यमिक शाला टुंडरी में पदस्थ प्रधान पाठक शिवनारायण डनसेना का सादगी पूर्वक विदाई समारोह रखा गया था।




इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्यामलाल वारे विकासखंड शिक्षा अधिकारी डभरा कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि कन्हैया साहू ने किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्यामलाल वारे ने कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण होता है, वह समाज को सही दिशा देकर समाज का सर्वांगीण विकास कर सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सरपंच प्रतिनिधि कन्हैया साहू ने कहा कि शिवनारायण डनसेना प्रधान पाठक ने अपने शिक्षक की जीवन में छात्रों के हित के लिए हमेशा ही समर्पित रहे उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। संस्था के प्राचार्य हरिहर सिदार ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक बच्चों का सर्वांगीण विकास करते हुए एक पथ प्रदर्शक की भूमिका निर्वाह करता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कमलेश घृत लहरे, लंबोदर भारद्वाज, वीरेंद्र डनसेना सहित संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## जिले के 129 उपार्जन केन्द्रों में आज से होगी धान खरीदी

**जांजगीर**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के सभी पंजीकृत कृषकों से 129 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 01 नवम्बर से 31 जनवरी तक धान खरीदी की जाएगी।

जिला खाद्य अधिकारी कौशल साहू ने बताया कि गतवर्ष की भांति इस वर्ष भी धान खरीदी में कृषकों की सुविधा के लिए मोबाईल ऐप टोकन तुंहर हाथ के द्वारा 60 प्रतिशत एवं 40 प्रतिशत मेनुअल टोकन काटा जा सकेगा। गतवर्ष में कुल 126 उपार्जन केन्द्रों से कुल 426038 मेट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया था। जिसमें कुल पंजीकृत कृषकों की संख्या 1,17,112 तथा पंजीकृत रकबा 127997.96 हे. था। वहीं खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के लिए जिले में धान खरीदी का अनुमानित लक्ष्य 558603 मेट्रिक टन रखा गया है। जिसके लिए 30 अक्टूबर 2023 तक कुल पंजीकृत कृषकों की संख्या 122707 की जा चुकी है। गतवर्ष 126 उपार्जन केन्द्रों की तुलना में इस वर्ष 129 उपार्जन केन्द्रों से धान उपार्जन किया जायेगा तथा इसके साथ-साथ शासन द्वारा बायोमेट्रिक आधारित धान उपार्जन की व्यवस्था की गई है।




खाद्य अधिकारी ने बताया कि छ.ग. राज्य सह. विप. संघ मर्या. नवा रायपुर के द्वारा उपार्जन केन्द्रों में बायोमेट्रिक उपकरणों की व्यवस्था एवं बायोमेट्रिक संबंधित प्रक्रियाओं को पूरा करने में कुछ समय लगने की संभावना व्यक्त करते हुए गतवर्ष की भांति बिना बायोमेट्रिक के पंजीकृत कृषकों से धान खरीदी किये जाने के निर्देश प्राप्त हुए तत्पश्चात मार्कफेड के द्वारा उपार्जन केन्द्रों में बायोमेट्रिक उपकरणों की व्यवस्था एवं संबंधित प्रक्रियाओं के पूरा होने पर बायोमेट्रिक आधारित धान खरीदी की जायेगी। धान खरीदी के लिए सभी 129 उपार्जन केन्द्रों में मार्कफेड के द्वारा बारदाना की आपूर्ति की जा चुकी है एवं सभी धान उपार्जन केन्द्रों में सतत् निगरानी के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में 28 अक्टूबर 2023 को मार्कफेड के मास्टर ट्रेनर द्वारा अपर कलेक्टर, खाद्य अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी, नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की उपस्थिति में जिले के सभी धान उपार्जन केन्द्र प्रभारियों तथा कम्प्यूटर ऑपरेटरों को धान खरीदी ऑनलाईन माड्यूल के संबंध में प्रशिक्षण देकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये है। साथ ही अवैध धान परिवहन एवं बिचौलियों से खरीदी की रोकथाम के लिये जांच दल का गठन किया गया है।

## धर्मेंद्र प्रधान की उपस्थिति में खरसिया से महेश साहू ने भरा नामांकन

**खरसिया**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। खरसिया विधानसभा भाजपा प्रत्याशी महेश साहू ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के उपस्थिति में पुरे लाव लस्कर के साथ अपने सभी वरिष्ठ नेताओं मार्गदर्शन में, विधानसभा के सभी मंडलों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओ व शुभचिंतकों के उपस्थिति में रायगढ़ कलेक्ट्रेट में अपना चुनावी नामांकन दाखिल किया, सभी कार्यकर्ताओ ने पूरे जोश खरोश के साथ विशाल नामांकन रैली व आम सभा में भाग लिया । सर्वप्रथम मुख्य आतिथि केंद्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने आम सभा को सम्बोधित करते हुए छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया का नारा बुलंद किया और कि कहा छत्तीसगढ़ स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई के प्रयासों का नतीजा है। छत्तीसगढ का सर्वांगीण विकास हेतु इस बार चारो सीटो में भाजपा को जिताकर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाकर डबल इंजन की सरकार लाए ताकि तेज गति से विकास हो सके। रायगढ़ के विकास के लिए नरेंद्र मोदी ने जो फंड दिया, कांग्रेस ने उसमे भी भ्रष्टाचार किया है। देश भर के गरीबों का घर बनाने का बीड़ा मोदी जी ने उठाया जिसमे छत्तीसगढ़ के 16 लाख गरीब परिवार शामिल थे लेकिन भूपेश सरकार नही चाहती गरीबों का मकान बने, मकान को रोकने का काम भूपेश सरकार ने किया है। धर्मेंद्र



प्रधान ने भाजपा को वोट देकर कर सभी चारों प्रत्यासियों प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने की अपील की।

वहीं भाजपा प्रत्याशी महेश साहू ने आम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुझ जैसे गरीब किसान को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी ने टिकट देकर आपकी सेवा करने का एक मौका दिया है, विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, सड़क, नाली, तालाब व गरीब, किसानों के हित हेतु अपने पक्ष में समर्थन मांगते हुए कहा की भाजपा की सरकार बनते ही पहला काम गरीबों के मकान आबंटन का होगा। नरेंद्र मोदी के गरीबों व किसानों के हित में किए गए कार्यों को बताया। कार्यक्रम को सफलता प्रदान के लिऐ महेश साहू ने सभी का हृदय की गहराई से धन्यवाद ज्ञापित किया। खरसिया विधानसभा से मुख्य रुप से खरसिया विधानसभा प्रभारी राजेश जैन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा गिरधर गुप्ता, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग, विधानसभा संयोजक गोपाल शर्मा, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश पटेल, जिला उपाध्यक्ष भाजपा जयप्रकाश पटेल,पिछड़ा वर्ग महामंत्री सनत नायक, पूर्व जनपद अध्यक्ष छेदू राठिया, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष भाजपा मोहन कुर्रे, युवा मोर्चा प्रभारी नवल कनेर, संजय शर्मा मिडिया प्रभारी बंटी सोनी, दया शंकर दर्शन, अमित साहू व बाल कृष्ण साहू, मंडल अध्यक्ष/महामंत्रीगण सतीश अग्रवाल, विजय शर्मा, आनंद अग्रवाल, पालू राठौर, शशि राठौर, नारायण पटेल, पुरुषोत्तम पटेल, खेम साहू, अर्जुन डनसेना, कन्हैया राठिया, भूपेंद्र वर्मा, परीक्षित डनसेना, विरेंद्र पटेल, विद्यानंद प्रधान, परदेशी रात्रे, लोचन पटेल, अजय अग्रवाल, दिनेश उराव, युवा मोर्चा अध्यक्ष राधे राठौर, रविंद्र गबेल, लकेश्वर चौहान, दिनेश पटेल, प्रदीप पटेल, गजेंद्र यादव आदि हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व आम जनमानस महेश साहू के नामांकन हेतु रायगढ़ पहुंचे।

### सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत नही दी जा रही जानकारी

**डभरा**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग से जानकारी मांगी गई थी परंतु आज पर्यंत तक अपीलीय अधिकारी द्वारा जानकारी नहीं दी गई।

डभरा से चंद्रपुर सड़क चौड़ीकरण की एस्टीमेट एवं बजट सड़क चौड़ीकरण में टूटने वाले घर, मंदिर, दुकान की सूची और कितने तालाब को पाटा जाएगा एवं कितने वृक्ष काटे जाएंगे अनुमति किस विभाग द्वारा दी गई इसकी सत्य प्रतिलिपि की जानकारी सूचना का अधिकार अधिनियम जो 2005 के अंतर्गत मुरलीधर चंद्रम अध्यक्ष सृजन केंद्र डभरा द्वारा अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग से मांगी गई थी।

# देश विदेश

## पकिस्तान में वैन-कार की टक्कर से चार की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी प्रांत पंजाब में यात्री वैन और कार के बीच टक्कर से कम से कम चार यात्रियों की मौत हो गई और कयी अन्य घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोमवार को प्रांत के डेरा गाजी खान जिले के झोक यार खान इलाके में सिंधु राजमार्ग पर उस समय हुई , तेज रफ्तार यात्री वैन एक कार से टकरा गई। घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। घायलों में से एक ने नजदीकी अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया।

# इजराइल ने हमास के सैकड़ों ठिकानों पर किए हमले

**तेल अवीव,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने मंगलवार को कहा कि इजरायली सेना ने रात भर हमास के सैकड़ों ठिकानों पर हमला किया है।

**उत्तरी गाजा पर ध्यान केंद्रित कर रहा इजराइल**

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, आईडीएफ के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने मंगलवार को एक ब्रीफिंग में कहा, इजरायल का कहना है कि वह उत्तरी गाजा पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, लेकिन पट्टी के सभी हिस्सों पर हमला जारी रखे हैं। सोमवार को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में युद्धविराम के आह्वान को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि यह युद्ध का समय है। 7 अक्टूबर को हमास के हमले के बाद से इजरायल गाजा पर बमबारी कर रहा है। जिसमें 1,400 लोग मारे गए और कम से कम 239 लोगों को बंधकों के रूप में अपहरण कर लिया गया। गाजा में हमास-नियंत्रित स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजरायल की जवाबी बमबारी के बाद से 8,500 से अधिक लोग मारे गए हैं।



- इजरायल की जवाबी बमबारी के बाद से 8,500 से अधिक लोग मारे गए

## इजराइल ने लाल सागर के शहर इलियट के पास ड्रोन को रोका



**यरूशलम।** इजरायली सेना और मीडिया के अनुसार, इजरायल ने मंगलवार को यमन से इलियट शहर की ओर लॉन्च किए गए एक ड्रोन को लाल सागर के ऊपर रोक दिया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने इजरायली सेना और मीडिया के हवाले से बताया कि इलियट में हवाई हमले के सायरन सुने गए, जिसमें विमान घुसपैठ की चेतावनी दी गई और लोगों को भागने के लिए कहा गया।

## हमास का उत्तरी ब्रिगेड कमांडर ढेर : आईडीएफ

**गाजा।** इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) की कार्रवाई में फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के उत्तरी ब्रिगेड का कमांडर नसीम अबू अजीना मारा गया। आईडीएफ ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आईडीएफ ने अपने बयान में कहा, कल, आईडीएफ और आईएसए (इजरायल सिक्योरिटीज अथॉरिटी की) खुफिया जानकारी के आधार पर, आईडीएफ लड़ाकू विमानों ने हमास के उत्तरी ब्रिगेड के बीट लाहिया बटालियन के कमांडर, नसीम अबू अजीना को मार गिराया, जिन्होंने इरेज और (द मोशव ऑफ़) मोशव नेटिव हासारा में सात अक्टूबर को किबुत्ज़ में नरसंहार का निर्देशन किया था। इजरायली सेना ने कहा कि अतीत में, अबू अजीना ने हमास की हवाई क्षमताओं की कमान संभाली थी और ड्रोन और पैराग्लाइडर के विकास में भाग लिया था। इजरायली अखबार हारेत्ज़ की रिपोर्ट के अनुसार, आईडीएफ ने वेस्ट बैंक में हमास के राजनीतिक ब्यूरो के उपाध्यक्ष सालेह अल-अरौरी के घर को भी नष्ट कर दिया। समाचार पत्र के अनुसार, इजरायली सेना ने गाजा पट्टी से इजरायल में प्रवेश करने के संदेह में एक व्यक्ति को मार डाला। आईडीएफ ने कहा कि उसके लड़ाकू बलों ने पिछले 24 घंटों में लगभग 300 लक्ष्यों पर हमला किया है, जिसमें एंटी-टैंक मिसाइल पोस्ट, रॉकेट लॉन्च पोस्ट और भूमिगत सुरंगों के अंदर हमास के परिसर शामिल हैं। गौरतलब है कि सात अक्टूबर को, फिलिस्तीनी समूह हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया। पड़ोसी इजरायली समुदायों के लोगों की हत्या और अपहरण कर लिया। इजरायल ने जवाबी हमले शुरू किए और 20 लाख से अधिक लोगों के घर गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया। पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति काट दी।

## सुडोकू 6363


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 7 | | 4 | | 5 | 2 | |
| | | 5 | 7 | 2 | 1 | | | 3 |
| 3 | 1 | | | | | | 6 | |
| | | 6 | | | 4 | 1 | | 2 |
| | 2 | 1 | 6 | | 8 | 4 | 9 | |
| 5 | | 4 | 2 | | | 6 | | |
| | 5 | | | | | | 4 | 7 |
| 2 | | | 4 | 5 | 9 | 3 | | |
| | 4 | 3 | | 7 | | 8 | 5 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6363



**बायें से दायें:**
१.जो किसी चीज का दुख-सुख उठा चुका हो, कृत भोग
३. घुड़सवार
५. नया और कोमल पत्ता, विस्तार
६. बेचैनी, छटपटाहट
७. संज्ञा शब्द के बदले प्रयुक्त हो वाला शबब्द
९. भौंरा, मिलिंद
१०. पसे क तकलीफ
१२. जहां जना या जिसे समझना आसान हो, आसान
१३. बालि-सुग्रीव के राज्य की राजधानी
१४. जलवायु (उर्दू)
१६. दया, कृपा (उर्दू)
१८. रुकना, अटकना, हठ करना
२०. सम्राट अशोक का राज्य
२१. हथेी से धीरे-धीरे ठोंकना या आघात करना, थपकी देना
२३. सरस, रसीला

**ऊपर से नीचे:-**
१. भोगना, सहना, बीतना, पूरा होना
२. खाने की वस्तु
३. मौका, समय
४. रुकावट डालना, मना करना, गत,चाल बंद करना
५. पतित, गलत रास्ते पर चलने वला
८. जिसकी बड़ी महिमा हो, राज्यपाल आदि के सम्मान में प्रयुक्त शब्द
१०. विचत्र, आनोखा, अद्‌भुत
११. जलपान
१२. मरम्मत, दोष या खराबी दूर करने की क्रिया
१३. लकड़ी, शीशे आदि का पल्ला बंद किया जाता है
१४. हमला,
१५. बलराम
१७. रोमांचक
१८. बेहद
१९. स्वामी. पति
२२. गर्व, अभिमान (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6362

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | जा | २ त | श | ३ त्रु | | ४ ध | र्म | ५ रा | ज |
| नि | | र | | ६ टि | क | ना | | जि | |
| ७ वा | जि | ब | | ही | | त्म | | ८ त | ९ य |
| र्य | | त | | १० न | र्त | क | | | दि |
| | ११ प | र | १२ ख | | | | १३ ज | खी | रा |
| | गा | | दि | | १४ सं | ग्र | ह | | पा |
| १५ स | र | १६ का | र | | क | | १७ र | १८ स | न |
| र्व | | र | | १९ अ | ल्प | २० ना | | लि | |
| २१ प | रा | ग | | र्च | | २२ म | त | ल | २३ ब |
| ल्ली | | २४ र | ण | ना | य | क | | | री |

**युसूफ कुरैशी,** मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

- बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : बुधवार 1 नवम्बर , 2023 कार्तिक कृष्ण पक्ष 3**

### राशिफल

मेष - दिन की शुरुआत में आप थोड़े कन्फ्यूज रहेंगे। आज आप अपना जिद्दी व्यवहार छोड़ दें। दूसरों के साथ सामंजस्य बनाए रखें। वाणी मधुर बनाए रखें, इससे कोई भी काम आसानी से बना पाएंग।

वृषभ - आप का आज का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। दिन की शुरुआत में स्फूर्ति और आनंद का अनुभव होगा। आपकी रचनात्मकता से आप कठिन काम भी आसानी से बना पाएंगे। काम का उत्साह बना रहेगा।

मिथुन - आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी है। आज आप चिंता से घिरे रहेंगे और शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा नहीं रहेगा। परिवार में भी किसी से मतभेद रहेगा, लेकिन दोपहर के बाद आप सभी कामों में अनुकूलता का अनुभव करेंगे।

कर्क - आज का दिन पारिवारिक तथा व्यावसायिक क्षेत्र में लाभ का अवसर लाया है। किसी प्रियपात्र से मुलाकात होगी। मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, परंतु दोपहर के बाद आपके मन में कई प्रकार की चिंता उठेगी।

सिंह - आज का दिन आनंदपूर्वक गुजरेगा। व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायी है। व्यापार में वृद्धि होगी। परिजनों तथा मित्रों के साथ अच्छे पलों को गुजारेंगे। किसी तरह का आर्थिक लाभ आपको हो सकता है।

कन्या - नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन अनुकुल है। आज आप कुछ धार्मिक बने रहेंगे। कार्यालय या व्यावसायिक स्थल पर काम का भार अधिक रहेगा। विदेश जाने के इच्छुक लोग आज सकारात्मक प्रयास कर सकते हैं।

तुला - खान-पान में आज विशेष ध्यान रखें। आज नए काम का आरंभ करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। अधिक कार्य से आलस्य और मानसिक चिंता का अनुभव करेंगे।

वृश्चिक - सुबह के समय आप शारीरिक रूप से स्वस्थ और मन से खुश रहेंगे। परिजनों और मित्रों के साथ कहीं बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। दोपहर के बाद किसी बात की चिंता आपको रह सकती है।

धनु - आज मन खुश रहेगा, लेकिन शरीर में आलस्य बना रहेगा। हालांकि आप के काम योजनानुसार पूरे होंगे। अधूरे काम पूरे होंगे। धन लाभ की संभावना है। गृहस्थजीवन में मधुरता बनी रहेगी। आकस्मिक धन लाभ के योग हैं।

मकर - परिश्रम की अपेक्षा फल कम मिलेगा। फिर भी आप मेहनती बने रहेंगे। परिजनों के साथ सम्बंध मधुर होंगे। हेल्थ आज अच्छी रहेगी। हालांकि बाहर खाने-पीने से बचें। दोपहर के बाद अधूरे काम पूरे हो सकते हैं।

कुंभ - आज आप सभी कामों को आत्मविश्वास से पूरा कर सकेंगे। सरकार के साथ आर्थिक व्यवहार में भी आपको सफलता मिलेगी। पैतृक संपत्ति से लाभ होगा। वाहन, मकान आदि की कागज़ी कार्रवाई ध्यान से ही करें।

मीन - आज आपकी चिंता में कमी आएगी। आनंद और उत्साह में भी वृद्धि होगी। कुटुंबजनों के साथ व्यवहार अच्छा बनेगा। आर्थिक विषयों पर आप अधिक ध्यान दे पाएंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## नेपाल में 25 प्रतिशत से अधिक परिवार कर्ज में

**काठमांडू,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। नेपाल के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों में यह तथ्य सामने आया है कि देश में कुल 60.6 लाख परिवारों में से 25.59 प्रतिशत परिवार कम से कम एक बैंक, वित्तीय संस्थान और सहकारी के ऋण के बोझ तले दबे हैं। एनएसओ के आंकड़ों में बताया गया है कि इस तरह के ऋण लेने वाले प्रांत-वार परिवारों की सबसे अधिक संख्या मधेश में 28.88 प्रतिशत और सुदुरपश्चिम में सबसे कम 21.96 प्रतिशत देखी गई है। देश भर में कुल परिवारों में से एक सदस्य ने 40.12 लाख से अधिक या 61.89 प्रतिशत ने कम से कम ऋण लिया है। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि देश में कुल 70.5 लाख घरों में से लगभग 60 प्रतिशत एक मंजिला मकान हैं। आंकड़ों के अनुसार नेपाल में कुल 70.5 लाख घरों में से एकल मंजिला मकान 59.82 प्रतिशत हैं, इसके बाद दो मंजिला इमारतें हैं जो 28.78 प्रतिशत हैं। इस बीच, तीन मंजिला मकान 9.17 प्रतिशत, चार-मंजिला मकानों पर 1.3 प्रतिशत , पांच से सात मंजिला मकानों पर 0.64 प्रतिशत, आठ से नौ मंजिली इमारतों पर 0.01 प्रतिशत और 10 या उससे अधिक मंजिल वाली इमारतों पर 0.003 प्रतिशत हैं। मधेश प्रांत में सबसे अधिक 84.42 प्रतिशत एक मंजिला मकान हैं।

ईरानी सेना प्रमुख का दावा

## गाजा के नीचे 400 किलोमीटर से अधिक लंबी सुरंगें



- कुछ सुरंगों से वाहन और बाइकें भी गुजर सकती हैं

**तेल अवीव,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। ईरानी सेना के चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल मोहम्मद बाघेरी ने मंगलवार को दावा किया कि गाजा पट्टी के उत्तरी सेक्शन के नीचे 400 किलोमीटर (248 मील) से अधिक लंबी सुरंगें हैं। ईरानी तस्नीम समाचार एजेंसी के अनुसार, तेहरान में नागरिक सुरक्षा पर एक सम्मेलन के दौरान मेजर जनरल मोहम्मद बघेरी ने कहा, इनमें से कुछ से वाहन और बाइकें गुजर सकती हैं। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने कहा कि कुछ सुरंगों का प्रवेश द्वार इजरायल के अंदर भी है। इज़रायल ने आधिकारिक तौर पर 2021 में तैयार किए गए गाजा बैरियर के भूमिगत सेंसर को सीमा के नीचे खुदाई का पता लगाने की क्षमता वाला बताया है। हालांकि, जमीन के ऊपर बाड़ की खामियां 7 अक्टूबर को उजागर हुई थीं। साल 2014 में गाजा के साथ इजरायल के युद्ध के दौरान, सशस्त्र समूहों ने कई छोटे पैमाने पर हमले करने के लिए सीमा पार सुरंगें बनाईं। टाइम्स ऑफ इज़रायल की रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी सेना प्रमुख ने कहा कि इजरायली सेना ने गाजा में पूरे पैमाने पर जमीनी आक्रमण शुरू करने के लिए इंतजार किया है क्योंकि वह जानती है कि इस तरह का ऑपरेशन एक और हार का प्रतीक होगा।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, गाजा के नीचे असंख्य सुरंगों को मिस्र से माल की तस्करी और इजरायल में हमले शुरू करने के लिए उपयोग किए जाने वाले मार्ग के रूप में जाना जाता है।

## जापान ने आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए नौ व्यक्तियों के खिलाफ प्रतिबंध लगाए



**एक संगठन को भी किया गया प्रतिबंधित**

**टोक्यो,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां) जापान ने आतंकवाद से निपटने के लिए मिस्र समेत नौ विदेशी नागरिकों और एक संगठन को प्रतिबंधित कर दिया है।

जापानी विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

प्रतिबंधित किये गये लोगों में विशेष रूप से, जॉर्डन, मिस्र, सूडान, तुर्की और फिलिस्तीन के नागरिकों के साथ-साथ गाजा स्थित वर्चुअल मुद्रा विनिमय बाय कैश मनी एंड मनी ट्रांसफर कंपनी को प्रतिबंधित सूची में जोड़ा गया है। क्योदो समाचार एजेंसी ने जापानी विदेश मंत्रालय के एक सूत्र का हवाला देते हुए बताया कि जापान ने प्रतिबंधित व्यक्तियों और कंपनी पर फिलिस्तीनी आंदोलन हमास को कथित रूप से वित्त पोषित करने का आरोप लगाया है। सात अक्टूबर को फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष के बढ़ने की शुरुआत के बाद से जापान द्वारा लगाए गया यह प्रतिबंध है। क्योदो ने जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव हिरोकाज़ू मात्सुनो के हवाले से कहा, आय के स्रोत को समाप्त करने की आवश्यकता है और इसलिए यह उपाय किया गया है। आतंकवाद विरोधी दृष्टिकोण से हम आगे के प्रतिबंधों पर विचार करना जारी रखेंगे। इससे पहले अक्टूबर में संयुक्त राज्य अमेरिका ने हमास से संबंधों को लेकर इन्हीं व्यक्तियों और कंपनी पर प्रतिबंध लगाए थे। फिलिस्तीनी समूह हमास ने सात अक्टूबर को गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ एक आश्चर्यजनक बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया, पड़ोसी इजरायली समुदायों के लोगों की हत्या और अपहरण कर लिया। इज़राइल ने जवाबी हमले शुरू किए और बीस लाख से अधिक लोगों के घर गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया साथ ही पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति काट दी।

## नाइजीरिया में नाव पलटने से 17 लोगों की मौत

**अबुजा,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। नाइजीरिया के पूर्वी राज्य टराबा में शनिवार को एक यात्री नाव पलटने से कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। टराबा में राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के अभियान प्रमुख बशीर गर्ग ने कहा कि इस घटना में अब तक 17 लोगों का शव बरामद किया गया है जबकि 12 लोगों को बचाया गया है। श्री गर्ग ने संवाददाताओं से कहा कि एक स्थानीय बाजार से महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 104 यात्रियों को लेकर जा रही नौका टराबा के स्थानीय सरकारी क्षेत्र करीम लामिडो की ओर जाते समय डूब गई।

अधिकारी ने घटना के लिए नाव के ओवरलोड होने को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि आगे की जांच चल रही है। टराबा राज्य के गवर्नर अगबू केफस ने एक बयान में इस घटना को बहुत दुखद करार दिया और स्थानीय बचावकर्मियों से खोज एवं बचाव अभियान तेज करने का आग्रह किया।

पश्चिम अफ्रीकी देश में नाव दुर्घटनाएं प्रायः ओवरलोडिंग, खराब मौसम और दोषपूर्ण संचालन के कारण होती है। पिछले महीने, नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला टिनुबु ने पूरे देश में बार-बार हो रही घातक नाव दुर्घटनाओं की गहन और व्यापक जांच का आदेश दिया था।

## सुडोकू 6363 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 8 | 7 | 3 | 4 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 4 | 6 | 5 | 7 | 2 | 1 | 9 | 8 | 3 |
| 3 | 1 | 2 | 9 | 8 | 5 | 7 | 6 | 4 |
| 8 | 3 | 6 | 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 2 |
| 7 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 4 | 9 | 5 |
| 5 | 9 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 | 3 | 8 |
| 1 | 5 | 9 | 8 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 2 | 7 | 8 | 4 | 5 | 9 | 3 | 1 | 6 |
| 6 | 4 | 3 | 1 | 7 | 2 | 8 | 5 | 9 |

## आज का इतिहास

1755 – पुर्तग़ाल की राजधानी लिस्बन में भूकंप से 50 हजार से ज्यादा लोगों की मौत।
1765 – ब्रिटेन के उपनिवेशों में स्टैम्प एक्ट लागू किया गया।
1800 – जॉन एडम्स व्हाइट हाउस में रहने वाले अमेरिका के पहले राष्ट्रपति बने।
1858 – भारत का शासन ईस्ट इंडिया कंपनी से ब्रिटेन के शासक के पास चला गया तथा गवर्नर-जनरल की जगह अब वायसराय की नियुक्ति की जाने लगी।
1903– पनामा की जनता का संघर्ष सफल हुआ और यह देश पूर्ण रूप से स्वतंत्र हो गया।
1950 – भारत में पहला भाप इंजन चितरंजन रेल कारखाने में बनाया गया।
1956 – कर्नाटक राज्य की स्थापना।
1956 – भाषा के आधार पर मध्य प्रदेश राज्य का गठन किया गया।
1956 – राजधानी दिल्ली केन्द्र शासित राज्य बना।
1956 – केरल राज्य की स्थापना।
1956 – आंध्र प्रदेश राज्य की स्थापना।
1956 – हैदराबाद राज्य प्रशासनिक रूप से समाप्त हो गया।
1958 – तत्कालीन सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया।
1966 – हरियाणा राज्य की स्थापना।
1966 – चण?डीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश की स्थापना।
1973 – मैसूर का नाम बदलकर कर्नाटक किया गया।
1984 – भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद देश में सिख विरोधी दंगे भड़क गए।
2000 – छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ।
2003 – इराकी छापामारों द्वारा बगदाद के समीप अमेरिकी हेलीकाप्टर पर किये गए हमले में 15 सैनिकों की मृत्यु।
2004 – बेनेट किंग वेस्ट इंडीज क्रिकेट बोर्ड के पहले विदेशी कोच बने।

**कूटनीति** *रेल लिंक परियोजना में भारत सरकार ने दी 392.52 करोड़ की सहायता*

# मोदी व शेख हसीना तीन परियोजनाओं का करेंगे वर्चुअल उद्घाटन

**नई दिल्ली, 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी बांग्लादेशी समकक्ष शेख हसीना बुधवार को सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संयुक्त रूप से तीन भारत सहायता प्राप्त विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। तीन परियोजनाएं अखौरा-अगरतला क्रॉस-बॉर्डर रेल लिंक, खुलना-मोंगला पोर्ट रेल लाइन और मैत्री सुपर थर्मल पावर प्लांट की यूनिट-2 है। अखौरा-अगरतला क्रॉस-बॉर्डर रेल लिंक परियोजना को भारत सरकार द्वारा बांग्लादेश को दी गई 392.52 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता के तहत क्रियान्वित किया गया है। बांग्लादेश में 6.78 किमी और त्रिपुरा में 5.46 किमी दोहरी गेज रेल लाइन के साथ रेल लिंक की लंबाई 12.24 किमी है।**

- बांग्लादेश में 6.78 किमी और त्रिपुरा में 5.46 किमी दोहरी गेज रेल लाइन

खुलना-मोंगला पोर्ट रेल लाइन परियोजना को भारत सरकार की रियायती ऋण सुविधा के तहत 388.92 मिलियन डॉलर की कुल परियोजना लागत के साथ कार्यान्वित किया गया है। इस परियोजना में मोंगला बंदरगाह और खुलना में मौजूदा रेल नेटवर्क के बीच लगभग 65 किलोमीटर ब्रॉड-गेज रेल मार्ग का निर्माण शामिल है। इससे बांग्लादेश का दूसरा सबसे बड़ा बंदरगाह मोंगला ब्रॉड-गेज रेलवे नेटवर्क से जुड़ जाएगा। 1.6 बिलियन डॉलर के भारतीय रियायती वित्तपोषण योजना ऋण के तहत मैत्री सुपर थर्मल पावर परियोजना बांग्लादेश के खुलना डिवीजन के रामपाल में स्थित 1320 मेगावाट सुपर थर्मल पावर प्लांट (एमएसटीपीपी) है।



यह परियोजना बांग्लादेश-भारत मैत्री पावर कंपनी (प्राइवेट) लिमिटेड (बीआईएफपीसीएल) द्वारा कार्यान्वित की गई है, जो भारत की एनटीपीसी लिमिटेड और बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड (बीपीडीबी) के बीच 50:50 की संयुक्त उद्यम कंपनी है। मैत्री सुपर थर्मल पावर प्लांट की यूनिट -1 का सितंबर 2022 में दोनों प्रधानमंत्रियों द्वारा संयुक्त रूप से अनावरण किया गया था और यूनिट 2 का उद्घाटन बुधवार को किया जाएगा। मैत्री सुपर थर्मल पावर प्लांट के परिचालन से बांग्लादेश में ऊर्जा सुरक्षा बढ़ेगी।

## दुनिया को जानें

### चीन के शेनझोउ-16 के अंतरिक्ष यात्री धरती पर सुरक्षित पहुंचे

**बीजिंग,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। शेनझोउ-16 का दल पांच महीने के अंतरिक्ष स्टेशन मिशन को पूरा करने के बाद मंगलवार को सुरक्षित पृथ्वी पर पहुंचा। चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी (सीएमएसए) ने कहा कि अंतरिक्ष यात्री जिंग हाइपेंग, झू यांगझू और गुई हैचाओ को लेकर शेनझोउ-16 उत्तरी चीन के मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र में स्थानीय समयानुसार सुबह 8¬11 बजे पहुंचा। इस दल में तीन चीनी अंतरिक्ष यात्री शामिल थे। सीएमएसए ने कहा कि शेनझोउ-16 के अंतरिक्ष यात्री पूरी तरह से स्वस्थ हैं और शेनझोउ-16 का मानवयुक्त मिशन सफल हुआ और साथ ही चीन में वर्तमान में उपलब्ध सभी अंतरिक्ष यात्री, अंतरिक्ष यान पायलट, स्पेसफ्लाइट इंजीनियर और पेलोड विशेषज्ञ ने अपने उड़ान और व्यावहारिक परीक्षण को पूरा कर लिया है। सीएमएसए ने कहा कि इस अभियान ने चालक दल के अंतरिक्ष यान कार्यक्रम और अंतरिक्ष विज्ञान प्रयोग करने के बाद विकास और निर्माण में एक अच्छी नींव तैयार की है। अंतरिक्ष में चीन के पहले अंतरिक्ष यान इंजीनियर झू ने कहा कि उन्होंने विभिन्न कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया।

# खेल जगत

## विराट 'जिम फ्रीक' तो केएल राहुल का 'शांत' व्यक्तित्व, मयंक अग्रवाल ने साझा की पुरानी यादें

नई दिल्ली, 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। मयंक अग्रवाल ने मैदान के अंदर और बाहर भारतीय टीम के साथ अपने कुछ क्रिकेट अनुभव साझा किए। उन्होंने विराट कोहली को जिम फ्रीक और केएल राहुल को सबसे शांत व्यक्तित्व वाला खिलाड़ी बताया। आकाश चोपड़ा द्वारा होस्ट किए गए जियो सिनेमा के शो के रैपिड-फायर सेगमेंट में मयंक अग्रवाल ने पिच से परे टीम के व्यक्तित्वों, मज़ेदार आदतों और टीम के साथ अपने अनुभव के बारे में बात की। टीम में जिम फ्रीक के बारे में पूछे जाने पर मयंक ने खुद का नाम लिया, लेकिन विराट कोहली से ज्यादा नहीं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैं जिम फ्रीक हूं। शायद विराट कोहली से ज्यादा तो नहीं लेकिन मुझे निश्चित रूप से लगता है कि मैं उनमें से एक हूं। उन्होंने भारतीय तेज गेंदबाज उमरान मलिक को सबसे सोशल मीडिया एडिक्ट खिलाड़ी और विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल को टीम में सबसे शांत और संयमित व्यक्तित्व के रूप में टैग किया।



# पाक के रफ्तार के सौदागर अफरीदी, वसीम और हैरिस की त्रिमूर्ति ने बांग्लादेश को किया 204 पर ढेर

■ महमूदउल्लाह ने बांग्लादेश के लिए जड़ा अर्धशतक

**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। पाकिस्तान के रफ्तार के सौदागर शाहीन शाह अफरीदी (3/23), मोहम्मद वसीम (3/31) व हैरिस रउफ (2/36) त्रिमूर्ति ने गेंद से कहर बरपा महमूदउल्लाह के अर्द्धशतक और लिटन दास (45) और कप्तान शाकिब अल हसन (43) की उपयोगी पारियों के बावजूद बांग्लादेश को कोलकाता के ईडन गार्डन पर आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप के मैच में मात्र 45.1 ओवर में मैदान पर मंगलवार के 204 पर ढेर कर दिया। बांग्लादेश के आखिरी तीनों विकेट मोहम्मद वसीम ने चार रन के भीतर निकाले। बांग्लादेश ने टॉस जीत कर शुरू के तीन विकेट मात्र 23 रन पर गंवा दिए थे। बांए हाथ के शाहीन अफरीदी ने पहले स्पैल में बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज तंजीद हसन (0) को एलबीडब्ल्यू आउट करने के बाद नजमल हसन शांतो (5) को फॉरवर्ड स्कवॉयर लेग पर ओसामा मीर के हाथों कैच करा उसका स्कोर दो विकेट छह रन कर दिया। अफरीदी ने दूसरे स्पैल में जमकर खेल महमूदउल्लाह (56 रन ,70 रन, एक छक्का, छह चौके) को नीची रहती गेंद पर पारी के 31 वें ओवर में बोल्ड कर बांग्लादेश का स्कोर पांच विकेट पर 130 कर उसके बड़े स्कोर खड़ा करने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। महमूदउल्लाह ने आउट होने से पहले लिटन दास (45, 65 गेंद, छह चौके) के साथ चौथे विकेट के लिए 79 रन की भागीदारी की। लिटन दास पाकिस्तान के स्पिनर इफ्तिखार अहमद की गेंद को पीछे जाकर खेलने के फेर में मिड विकेट पर आगा सलमान को कैच थमा बैठे।कप्तान शाकिब अल हसन ने हैरिस रउफ की गेंद पर आगा सलमान को कैच थमाने से पहले मेहदी हसन मिराज के साथ सातवें विकेट के लिए 45 रन की बांग्लादेश की पारी की दूसरी सबसे बड़ी भागीदारी की। रउफ ने इससे पहले मुश्फिकुर रहीम (5) को विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान के हाथों कैच कराया। वहीं लेग स्पिनर ओसामा मीर ने तोहीद हृदय (7) को इफ्तिखार अहमद के हाथों पहली स्लिप में लपकवा कर अकेली कामयाबी हासिल की। वहीं मोहम्मद वसीम ने अपने सातवें ओवर में पहले मेहदी हसन मिराज(25 रन, 30 गेंद, एक छक्का, एक चौका) को और अपने अगले फिर तस्कीन अहमद (6) और मुस्तफिजुर रहमान (1) को बोल्ड कर मात्र चार के भीतर उसके आखिरी तीन विकेट चटका कर बांग्लादेश की पारी बिखेर दी।




### शाहीन अफरीदी वनडे में सबसे तेज 100 विकेट लेने वाले गेंदबाज बने

कोलकाता। पाकिस्तान के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी मंगलवार को ईडन गार्डन्स में बांग्लादेश के खिलाफ क्रिकेट विश्व कप 223 लीग मैच के दौरान पहला विकेट लेते ही सबसे तेज 1` वनडे विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज बन गए। 23 वर्षीय खिलाड़ी ने 51 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की और ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क के 52 वनडे मैचों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। वह सकलैन मुश्ताक के रिकॉर्ड को पछाड़कर 1` वनडे विकेट लेने वाले सबसे तेज पाकिस्तानी गेंदबाज भी बन गए, जिन्होंने 53 मैचों में विकेट लिए थे।

### आईसीसी विश्वकप 2023 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | पाइंट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 6 | 6 | ` | ` | 12 |
| दक्षिण अफ्रीका | 6 | 5 | 1 | ` | 1` |
| न्यूजीलैंड | 6 | 4 | 2 | ` | 8 |
| ऑस्ट्रेलिया | 6 | 4 | 2 | ` | 8 |
| अफगानिस्तान | 6 | 3 | 3 | ` | 6 |
| श्रीलंका | 6 | 2 | 4 | ` | 4 |
| पाकिस्तान | 6 | 2 | 4 | ` | 4 |
| नीदरलैंड | 6 | 2 | 4 | ` | 4 |
| बांग्लादेश | 6 | 1 | 5 | ` | 2 |
| इंग्लैंड | 6 | 1 | 5 | ` | 2 |

## दानिश कनेरिया ने पीसीबी पर लगाए गंभीर आरोप

**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। पूर्व स्पिनर दानिश कनेरिया ने मौजूदा विश्व कप 2023 में क्रिकेट पर कम और राजनीति पर अधिक ध्यान केंद्रित कर पाकिस्तानी खिलाड़ियों के मनोबल को कम करने के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की आलोचना की है। भारत में खेले जा रहे वर्ल्ड कप में लचर प्रदर्शन को लेकर पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को अपनी कप्तानी कौशल और अपनी बल्लेबाजी को लेकर काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है। बाबर आजम की कथित व्हाट्सएप चैट सामने आई, जिसके बाद इंजमाम-उल-हक ने राष्ट्रीय पुरुष टीम के मुख्य चयनकर्ता के पद से इस्तीफा दे दिया। दानिश कनेरिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीसीबी की आलोचना करते हुए अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, जहां एक तरफ अफगानिस्तान क्रिकेट पर अधिक और राजनीति पर कम ध्यान दे रहा है, वहीं, पाकिस्तान क्रिकेट पर कम और राजनीति पर अधिक ध्यान दे रहा है। बाबर आजम की निजी चैट लीक हो गई हैं और इंजमाम उल हक ने खिलाड़ी प्रबंधन कंपनी में उनकी कथित भागीदारी के बाद मुख्य चयनकर्ता के रूप में पद छोड़ दिया है। पाकिस्तान की टीम बुरे दौर से गुजर रही है। यह पीसीबी के साथ-साथ टीम में भी कुछ बड़े बदलावों का समय है। इस सारी उथल-पुथल के बीच, बाबर की सफेद गेंद की कप्तानी को लेकर भी संदेह बढ़ रहा है, जो मौजूदा वनडे विश्व कप में उनकी टीम के प्रदर्शन के बाद दांव पर है। पाकिस्तान इस समय टूर्नामेंट में सातवें स्थान पर है।

# विश्व कप में न्यूजीलैंड का पलड़ा दक्षिण अफ्रीका पर रहा है भारी




**पुणे** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। आंकड़ों के हिसाब से आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका पर न्यूजीलैंड का पलड़ा भारी रहा है। एकदिवसीय विश्व कप मुकाबलों में दोनों टीमों के बीच आठ मैच खेले गए हैं। जिनमें से छह मुकाबलों में न्यूजीलैंड ने जीते है है और दो मैच दक्षिण अफ्रीका को जीत मिली।

आईसीसी एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप 2023 के 32वां मुकाबला दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के बीच एक नवंबर को खेला जाएगा। मौजूदा विश्वकप में न्यूजीलैंड चार मुकाबले जीते हैं और अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका को पांच मैच में जीत मिली है और वह दूसरे स्थान पर है।

न्यूजीलैंड की टीम अपने पिछले दो मुकाबले भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार चुकी है। ऐसे में सेमीफाइनल में उन्हें जगह बनाने के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबला जीतना होगा। टीम की गेंदबाजी इन दोनों मैच में अच्छी नहीं रही थी। कल का मुकाबला जितने के लिए तेज गेंदबाज मैट हेनरी और ट्रेंट बोल्ट को बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

दक्षिण अफ्रीका इस विश्व कप में अच्छी फार्म में चल रही है। उनके बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक, एडेन मार्करम और हेनरिक क्लासेन शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार देखा जाये तो विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा न्यूजीलैंड पर भारी रहा है।

आंकड़ों के अनुसार न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच 71 एकदिवसीय मुकाबले खेले गए हैं। जिसमें से न्यूजीलैंड ने 25 मुकाबलों में जीते है। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने 41 मैच अपने नाम किए हैं। पांच मैच में कोई नतीजा नहीं निकल पाया है। न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र ने पिछले 10 मैच में 59.65 की औसत से 477 रन बनाए हैं। डेरिल मिचेल के बल्ले से पिछले सात मैच में 326 रन बनाये है। एडेन मार्करम ने पिछले 10 मैच में 62.44 की औसत से 562 रन बनाए हैं। मिचेल सैंटनर ने पिछले छह मैच में 14 विकेट झटके हैं। मैट हेनरी के नाम पिछले सात मैच में 13 विकेट है। मार्को जानसन ने पिछले 10 मैच में 20 विकेट लेने वाले खिलाड़ियों पर नजर रहेगी।

# राष्ट्रीय खेलों का मेरे दिल में विशेष स्थान है : रानी रामपाल

**राष्ट्रीय खेलों का मेरे दिल में एक विशेष स्थान है। मैंने पहली बार 2007 में राष्ट्रीय खेलों में भाग लिया था और वहां मेरे प्रदर्शन के आधार पर मुझे राष्ट्रीय शिविर के लिए चुना गया था। यह वही टूर्नामेंट है जिसने मेरे लिए राष्ट्रीय टीम के दरवाजे खोले। अपने देश के लिए खेलना किसी भी खिलाड़ी के जीवन का सबसे गौरवपूर्ण क्षण होता है: रानी रामपाल**




**पणजी,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने कहा है कि उनका राष्ट्रीय खेलों से विशेष जुड़ाव है क्योंकि इन खेलों में उनके प्रदर्शन के कारण ही उन्हें राष्ट्रीय शिविर में जगह मिली।

भारतीय सीनियर टीम के लिए डेब्यू करने वाली सबसे कम उम्र की महिला हॉकी खिलाड़ी होने का रिकॉर्ड रखने वाली रानी को पहली बार 2007 में राष्ट्रीय टीम के लिए चुना गया था, जब वह असम के गुवाहाटी में आयोजित खेलों में सिर्फ 14 साल की थीं और उनका करियर इसके बाद तेजी से आगे बढ़ा।

28 वर्षीय खिलाड़ी ने तब से भारत के लिए 250 से अधिक मैच खेले हैं और अपने शानदार करियर के दौरान 120 से अधिक गोल किए हैं। लेकिन राष्ट्रीय खेलों का मंच अभी भी रानी के जीवन में एक विशेष स्थान रखता है। रानी अपना चौथा राष्ट्रीय खेल खेल रही है। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय खेलों का मेरे दिल में एक विशेष स्थान है। मैंने पहली बार 2007 में राष्ट्रीय खेलों में भाग लिया था और वहां मेरे प्रदर्शन के आधार पर मुझे राष्ट्रीय शिविर के लिए चुना गया था। यह वही टूर्नामेंट है जिसने मेरे लिए राष्ट्रीय टीम के दरवाजे खोले। अपने देश के लिए खेलना किसी भी खिलाड़ी के जीवन का सबसे गौरवपूर्ण क्षण होता है। लेकिन यह याद रखना हमेशा विशेष होता है कि यह सब कहां से शुरू हुआ। उन्होंने पिछले साल टोक्यो ओलंपिक खेलों में भारतीय टीम को चौथे स्थान पर पहुंचाने के तुरंत बाद गुजरात में राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा टीम का नेतृत्व किया था।

अपने राज्य की टीमों के लिए वरिष्ठ अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के खेलने के महत्व के बारे में बोलते हुए रानी ने कहा, जब हम उभरते हुए खिलाड़ी थे, तो टीम में एक वरिष्ठ अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी होने से हमें अतिरिक्त प्रेरणा मिलती थी। हरियाणा की इस टीम ने युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बनाया है और अगर मैं उपस्थिति उन्हें उत्कृष्टता हासिल करने में किसी भी तरह से मदद कर सकती है तो हॉकी के लिए इससे बेहतर योगदान क्या हो सकता है।

रानी इस बात से खुश थी कि गोवा इस साल राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी कर रहा है और उन्होंने कहा कि यह देश भर में बढ़ती खेल संस्कृति को दर्शाता है और उम्मीद है कि राज्य निकट भविष्य में अंतर्राष्ट्रीय सितारे पैदा करेगा।

## सार संक्षेप

### पेरिस 224 क्वालीफायर को लेकर कैमरून के कोच आशावादी

**याउंडे।** मुख्य कोच जीन बैप्टिस्ट बिसेक ने कहा कि कैमरून पर कोई दबाव नहीं है और वह मंगलवार को पेरिस 224 ओलंपिक खेलों के महिला फुटबॉल क्वालीफायर में युगांडा के खिलाफ क्वालीफाई करने की उम्मीद कर रहे हैं। पिछले हफ्ते क्वालीफायर के दूसरे दौर के पहले चरण में युगांडा ने कैमरून को 2-` से हराया। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कैमरून मंगलवार को रीयूनिफिकेशन स्टेडियम में वापसी चरण में युगांडा क्रेस्टेड क्रेन्स की मेजबानी करेगा। बिसेक ने सोमवार शाम प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मेरे पास कोई परियोजना नहीं है। हमें दबाव के बिना, दृढ़ संकल्प के साथ खेलना होगा। कैमरून के डिफेंडर इलियाने माम्बोलाम्बो ने कहा, समूह की मानसिक स्थिति को जानते हुए, मैं कहूंगा कि जीत का प्रतिशत 2` है। युगांडा के अंतरिम मुख्य कोच चार्ल्स अयीकोह लुकुला ने कहा, हमें स्कोर करना चाहिए और जब हम स्कोर कर लेते हैं तो हम बचाव करते हैं।

### पॉल स्टर्लिंग बने आयरलैंड के वाइट बॉल कप्तान

**डबलिन।** पॉल स्टर्लिंग को तत्काल प्रभाव से आयरलैंड के पुरुषों की सफेद गेंद का स्थायी कप्तान नियुक्त किया गया है, जबकि एंड्रयू बालबर्नी उनके रेड बॉल के कप्तान बने रहेंगे। स्टर्लिंग, जिन्हें एंड्रयू बालबर्नी के इस भूमिका से हटने के बाद जुलाई में अंतरिम सफेद गेंद का कप्तान नियुक्त किया गया था। उन्होंने सभी प्रारूपों (6 वनडे, 16 टी2) में 22 बार आयरलैंड का नेतृत्व किया है। स्टर्लिंग ने 376 मौकों पर आयरलैंड के लिए प्रदर्शन किया है और सभी प्रारूपों में 11,756 रन बनाए हैं, वो आयरलैंड के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। वह तीनों प्रारूपों में शतक बनाने वाले केवल 25 क्रिकेटरों में से एक हैं। अपनी स्थायी नियुक्ति के बारे में बात करते हुए स्टर्लिंग ने कहा, आयरलैंड के लिए खेलना हमेशा मेरे लिए गर्व की बात रही है और स्थायी सफेद गेंद कप्तान के रूप में पुष्टि होना एक ऐसी मान्यता है, जिसे मैं हल्के में नहीं लेता।

### शूटर श्रीयांका सदांगी ने भारत के लिए जीता 13वां ओलंपिक कोटा

**चांगवोन (एस कोरिया)।** श्रीयंका सदांगी ने मंगलवार को चल रही एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में महिलाओं की 5 मीटर राइफल 3 पोजीशन (3पी) स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहकर भारत के लिए 13वां पेरिस 224 ओलंपिक कोटा स्थान हासिल किया। श्रीयंका सदांगी फाइनल में 44.5 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहीं। दक्षिण कोरिया की यूनसेओ ली (468.5) ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि चीनी निशानेबाज जियायु हान (463.3) और सियू ज़िया (453.3) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक अपने नाम किया।

# अमनदीन की हैट्रिक से भारत की जूनियर हॉकी टीम न्यूजीलैंड को 6-2 से हरा सेमीफाइनल में

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। ड्रैग फ्लिकर अमनदीप लाकरा (दूसरे, सातवें और 35 वें मिनट) की हैट्रिक , अरुण साहनी (12 वें 53वें) के दो और पुवन्ना चंडुरा बॉबी (42 वें मिनट) के एक गोल की बदौलत मौजूदा चैंपियन भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम न्यूजीलैंड पर पूल बी में सोमवार को जोहोर बाहरू में 6-2 की धमाकेदार जीत के साथ 11 वें सुलतान ऑफ जोहोर कप 2023 में सेमीफाइनल में स्थान बनाने के साथ अपना खिताब बरकरार रखने की ओर बढ़ गई। पराजित न्यूजीलैंड की ओर से दोनों गोल ल्युक अल्ड्रेड (29 वें और 60 मिनट) ने दागे। भारत ने पाकिस्तान से अपना पहला पूल मैच तीन- तीन से ड्रॉ खेलने के बाद मेजबान मलयेशिया को 3-1 से हराया।



अमनदीप लाकरा ने मैच के दूसरे मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर अचूक और दमदार ड्रैग फ्लिक पर न्यूजीलैंडके गोलरक्षक ल्यूक एल्मस को छका गोल कर भारत की जूनियर टीम कर खाता खोला। अमनदीप लाकरा ने पांच मिनट बाद एक मिले पेनल्टी कॉर्नर पर एक और तेज फ्लिक पर गोल कर भारत की जूनियर टीम के 2-0 कर दिया। कप्तान उत्तम सिंह की अगुवाई मे मौजूदा चैपियन भारत की अग्रिम पंक्ति ने शुरू से ही न्यूजीलैंड के गोल पर दबाव बनाया। अरुण साहनी मैच के 12 वें मिनट मे गोल कर भारत की बढ़त 3-0 कर दी। न्यूजीलैंड के ल्युक अल्ड्रेड हाफ खत्म होने से मिनट भर पहले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल स्कोर 1-3 कर दिया। अमनदीप लाकरा ने तीसरे क्वॉर्टर के पांचवें मिनट में गोल कर भारत की बढ़त 4-1 कर दी।

अमनदीप लाकरा ने तीसरे क्वॉर्टर के पांचवें मिनट में गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी करने के साथ भारत की बढ़त 4-1 कर दी। चौथे और आखिरी क्वॉर्टर के अधबीच पुवम्मा ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर और अगले ही मिनट अरुण साहनी ने मैच काअपना दूसरा गोल कर भारत को 6-1 से आगे कर दिया। मैच के आखिरी क्षणों में न्यूजीलैंड के ल्यूक अल्ड्रेक ने तेज फ्लिक से गोल कर स्कोर 2-6कर दिया। भारत ने इस जीत के साथ सेमीफाइनल में स्थान बना लिया।

# मैंने इतने शतक बनाने के बारे में कभी नहीं सोचा था : विराट

**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली सचिन तेंदुलकर के 49 शतकों के वनडे रिकॉर्ड की बराबरी करने की कगार पर हैं। उन्होंने कहा है कि इन 12 वर्षों में इतने शतक बनाने के बारे में कभी नहीं सोचा था। मौजूदा वनडे विश्व कप में कोहली का प्रदर्शन शानदार रहा और उन्होंने छह मैचों में 354 रन बनाए हैं। जिसमें पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ एक शतक (48वां शतक) भी शामिल है। हालांकि, रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ मैच में वनडे विश्व कप के इतिहास में पहली बार शून्य पर आउट होने के बाद कोहली ने अपने वनडे विश्व कप करियर में यह अनचाहा रिकॉर्ड जोड़ दिया है। स्टार स्पोर्ट्स से खास बातचीत में कोहली ने अपने विचार रखे कि उनका करियर कैसा रहा। कोहली ने कहा, अगर हम क्रिकेट के बारे में बात करें तो मैंने कभी भी सब कुछ हासिल करने के बारे में नहीं सोचा था। इस समय जहां मेरा करियर है ऐसा मैंने कभी नहीं सोचा था। यह ऊपर वाले की देन है जिसने मुझे इतनी लंबी अवधि के करियर से नवाजा। मैंने केवल सपना देखा था कि मैं ऐसा करूंगा, लेकिन कभी सोचा नहीं था कि चीजें इस तरह से होंगी, कोई भी इन चीजों की योजना नहीं बना सकता। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इन 12 वर्षों में इतने सारे शतक और इतने रन बना पाऊंगा। कोहली क्रिकेट करियर में सबसे तेज 26,000 रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए। उन्होंने 567 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की। अपने पूरे करियर के दौरान विराट का पूरा फोकस अपने गेम को बेहतर करने पर था।



# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| अल्ट्रासिमको | 2.44 प्रतिशत |
| रिलायंस | 2.04 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.30 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 1.24 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 1.04 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाटा मोटर्स | 1.94 प्रतिशत |
| मारुति | 1.52 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.31 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 0.82 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.72 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव



**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां) इजराइल-हमास युद्ध को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उबाल के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## इस साल अप्रैल से सितम्बर तक भारत का राजकोषीय घाटा 7.02 लाख करोड़ रहा

**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। चालू वित्तवर्ष के पहले छह महीनों (अप्रैल-सितंबर) में भारत का राजकोषीय घाटा 7.02 लाख करोड़ रुपए था, जो पूरे साल के अनुमान का 39.3 फीसदी है। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। राजकोषीय घाटा उस राशि को दर्शाता है, जिससे सरकार का खर्च आय से ज्?यादा हो जाता है और इस अंतर को उधार के जरिए पूरा किया जाता है। अप्रैल-सितंबर के दौरान सरकार द्वारा जुटाया गया शुद्ध कर राजस्व 11.6 लाख करोड़ रुपये या वार्षिक अनुमान का 49.8 प्रतिशत था, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 10.12 लाख करोड़ रुपये था।



आंकड़ों से पता चलता है कि कॉर्पोरेट टैक्स संग्रह साल दर साल 20 फीसदी बढ़कर 4.51 लाख करोड़ रुपये हो गया। इस अवधि के दौरान कुल व्यय 21.19 लाख करोड़ रुपए था जो वार्षिक लक्ष्य का 47.1 प्रतिशत है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि के 18.24 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े से अधिक था। वित्तीय वर्ष के पहले छह महीनों में सरकारी पूंजीगत व्यय, जिसमें राजमार्ग, बंदरगाह और रेलवे जैसे बुनियादी ढांचे के निर्माण पर खर्च 4.91 लाख करोड़ रुपए या वार्षिक लक्ष्य का 49 प्रतिशत शामिल है, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में आए 3.43 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा है। वित्त मंत्रालय का लक्ष्य चालू वित्तवर्ष के अंत तक देश के राजकोषीय घाटे को पिछले वर्ष के 6.4 प्रतिशत के आंकड़े से घटाकर सकल घरेलू उत्पाद के 5.9 प्रतिशत पर लाना है। अत्यधिक राजकोषीय घाटा मुद्रास्फीति को बढ़ाता है और अर्थव्यवस्था के बुनियादी सिद्धांतों को कमजोर करता है, इसलिए सरकार इसे नियंत्रण में रखने के लिए उत्सुक है। इससे कॉरपोरेट्स के लिए उधार लेने के लिए बैंकिंग प्रणाली में कम पैसा बचता है जिससे निवेश पर असर पड़ता है और विकास धीमा हो जाता है। हालांकि, अर्थशास्त्रियों का मानना है कि अगले साल की शुरुआत में लोकसभा चुनावों के बाद प्रमुख राज्यों में विधानसभा चुनाव होंगे, मतदाताओं से किए जाने वाले वादों के मद्देनजर खर्च को नियंत्रण में रखना आसान काम नहीं होगा।

## नीतिगत निश्चितता से भारत में निवेश के व्यापक अवसर: सीतारमण


**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि सरकार कुशल जनशक्ति और उच्च डिजिटल तकनीक के साथ नीतिगत निश्चितता और राजनीतिक स्थिरता प्रदान करती है जिसके परिणामस्वरूप भारत में निवेश के व्यापक अवसर मिलते हैं।



श्रीमती सीतारमण ने यहां यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम के अध्यक्ष जॉन टी चैंबर्स के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान यह बात कही। बैठक के दौरान भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा की गयी। वैश्विक सुरक्षा, स्थिरता और आर्थिक समृद्धि में साझा हितों के आधार पर व्यापार और निवेश माहौल को बढ़ावा देने पर भी विचार विमर्श किया गया। श्रीमती सीतारमण ने इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा की गई विभिन्न पहलों पर प्रकाश डाला, जिन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था को अपनी पूरी क्षमता से विकास का समर्थन करने की नींव रखी है। उन्होंने पेरिस समझौते के अनुरूप जलवायु परिवर्तन से निपटेन में राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में भारत की सफलता का भी उल्लेख किया। वित्त मंत्री ने कहा कि बुनियादी ढांचा क्षेत्र में निवेश के महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध हैं और सरकार ने बुनियादी ढांचे और राष्ट्रीय महत्व के अन्य क्षेत्रों में निवेश की सुविधा के लिए कई कदम उठाए हैं।

## वर्ल्ड फूड इंडिया में टेट्रा पैक देगा इनोवेटिव खाद्य एवं पेय पदार्थों का सॉल्युशन

**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान में तीन नंवबर से आयोजित हो रहे वर्ल्ड फूड इंडिया के दूसरे संस्करण में खाद्य एवं पेय उद्योग में अग्रणी एंड-टू-एंड सॉल्युशन्स प्रदाता टेट्रा पैक इनोवेटिव खाद्य एवं पेय पदार्थों का सॉल्युशन प्रदर्शित करने जा रहा है। कंपनी ने आज यहां कहा कि भारत में अपनी 35 से ज्यादा वर्षों की कामयाबी का प्रदर्शन करने के लिए वह तैयार है।




कंपनी न सिर्फ फूड और प्रोसेसिंग सॉल्युशन्स में अपने नवीनतम नवाचारों को प्रदर्शित करने के लिए तैयार है बल्कि निरंतरता और पर्यावरण पूरक दायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर भी जोर दे रही है। इस वैश्विक कार्यक्रम में 81 देशों के 1,000 से ज्यादा खरीददार और 950 प्रदर्शक शामिल होंगे, जिससे फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में अग्रणी भारतीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों में निवेश और व्यापार दोनों को बढ़ावा मिलेगा। टेट्रा पैक की प्रस्तुति का एक मुख्य आकर्षण यह होगा कि इसके नवीनतम नवाचार, टेट्रा रिकार्ट की पहचान कराई जाएगी, जो पारंपरिक कैन और ग्लास जार का एक अभूतपूर्व व पर्यावरण पूरक विकल्प है। टेट्रा रिकार्ट प्यूरी, सॉस, फल और रेडी टू ईट भोजन जैसे दाल मखनी, राजमा, सूप आदि विभिन्न शेल्फ-स्टेबल खाद्य पदार्थों के लिए एक कुशल, फ्यूचर-रेडी पैकेजिंग सॉल्युशन के रूप में काम करता है। खास बात यह है कि यह अनूठा पैकेजिंग सॉल्युशन बहुत कम कार्बन उत्सर्जन का दावा करता है, जो स्टील कैन्स और ग्लास जार की तुलना में 81 प्रतिशत कम हो सकता है। इसके साथ ही उत्पादन, वितरण और अपशिष्ट प्रबंधन के विभिन्न चरणों के दौरान ऊर्जा खपत भी 40 प्रतिशत कम होगी। टेट्रा रिकार्ट के अलावा टेट्रा पैक ग्राहकों की बढ़ती उम्मीदों को देखते हुए अपने विविधतापूर्ण पैकेजिंग पोर्टफोलियो का प्रदर्शन करेगा ताकि बगैर प्रीजर्वेटिव्ज और रेफ्रिजिरेशन के खाद्य पदार्थों को देश भर में सुरक्षित रूप से पहुंचाया जा सके। इसके साथ ही कंपनी हम्मस, क्रीम चीज, रेडी मील्स, टोमेटो केचप और लजीज मिठाइयों जैसे विभिन्न तैयार खाद्य पदार्थों के प्रसंस्करण में भी अपनी क्षमताएं साबित करेगी।

## दूसरी तिमाही में 70 फीसदी की वृद्धि के साथ गेल को 2,405 करोड़ का शुद्ध लाभ

**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। सरकारी स्वामित्व वाली नैचुरल गैस की दिग्गज कंपनी गेल (इंडिया) ने मंगलवार को चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ में 70 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 2,405 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की, जो पिछली तिमाही में 1,889 करोड़ रुपए थी। परिचालन से कंपनी का राजस्व वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 31,823 करोड़ रुपये बताया गया, जबकि पहली तिमाही में यह 32,227 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन की मात्रा 120.31 एमएमएससीएमडी रही, जबकि वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही में यह 116.33 एमएमएससीएमडी थी। गैस मार्केटिंग वॉल्यूम 96.96 एमएमएससीएमडी रहा, जो पिछली तिमाही में 98.84 एमएमएससीएमडी था। पिछली तिमाही की तुलना में एलएचसी की बिक्री 247 टीएमटी की तुलना में 242 टीएमटी और पॉलिमर की बिक्री 162 टीएमटी की तुलना में 168 टीएमटी रही। तिमाही आधार पर परिचालन से कुल राजस्व 33,049 करोड़ रुपये रहा, जबकि पहली तिमाही में 32,849 करोड़ रुपये था। पीबीटी 37 प्रतिशत की वृद्धि से 3,138 करोड़ रुपए हो गया, जबकि पिछली तिमाही में यह 2,283 करोड़ रुपये था। गेल के चेयरमैन संदीप कुमार गुप्ता ने कहा, 'तिमाही के दौरान कंपनी ने खासकर गैस ट्रांसमिशन सेगमेंट में अच्छा प्रदर्शन किया और आगे भी बेहतर प्रदर्शन जारी रहेगा।'

## कोलकाता में प्याज की कीमतें एक हफ्ते में हुई दोगुनी

**कोलकाता,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। कोलकाता में प्याज की कीमतें पिछले एक हफ्ते में दोगुनी हो गई हैं और खुदरा बाजारों में प्याज 75-80 रुपए प्रति किलोग्राम पर बिक रहा है। एक हफ्ते पहले ही दरें 35 से 40 रुपए प्रति किलोग्राम के बीच थीं। कीमतों में हालिया उछाल ने खुदरा बाजार में आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण रखने के लिए गठित राज्य सरकार की टास्क फोर्स के सदस्यों को भी हैरान कर दिया है।



टास्क फोर्स के एक सदस्य ने कहा, त्योहारी सीजन के कारण पिछले दो हफ्तों में कम आपूर्ति और उत्पाद की मांग में अचानक वृद्धि का दोहरा कारक खुदरा बाजारों में कीमत के अचानक दोगुना होने का कारण हो सकता है। टास्क फोर्स के सदस्यों को आशंका है कि चालू माह के दौरान प्याज की कीमत में नरमी की ज्यादा संभावना नहीं है, लेकिन आगामी काली पूजा, दिवाली और भाई फोटा (भाई दूज) त्योहारों के कारण उत्पाद की कीमत में और बढ़ोतरी की आशंका है।

इस बीच, राज्य सरकार के सूत्रों ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से उत्पाद का अपना स्टॉक जारी कर खुदरा बाजारों में प्याज की कीमतों को नियंत्रण में रखने का प्रयास किया जा सकता है। टास्क फोर्स के सदस्यों और राज्य पुलिस की प्रवर्तन शाखा (ईबी) के अधिकारियों को प्याज के साथ-साथ अन्य सब्जियों की कीमतों को कृत्रिम रूप से बढ़ाने के किसी भी प्रयास को रोकने के लिए खुदरा बाजारों पर कड़ी नजर रखने के लिए कहा गया है।

### सार संक्षेप

## बंगाल में दुर्गा पूजा उत्सव के 4 दिनों के दौरान शराब की बिक्री 6 करोड़ के आंकड़े को छू गई

कोलकाता। पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य में हाल ही में संपन्न दुर्गा पूजा उत्सव के चार दिनों के दौरान शराब की बिक्री से 6 करोड़ रुपए की राज्य उत्पाद शुल्क आय अर्जित की है। लंबी दुर्गा पूजा की छुट्टियों के बाद सोमवार को राज्य सरकार के लिए पहला कार्य दिवस था। राज्य में शराब की बिक्री और राज्य उत्पाद शुल्क के रूप में राज्य के खजाने में आने वाली राशि की गणना ने राज्य के वित्त विभाग के अधिकारियों को काफी उत्साहित कर दिया है। राज्य के वित्त विभाग के अधिकारियों की गणना के अनुसार, राज्य उत्पाद शुल्क कलेक्शन पहले ही लगभग 8` करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो 223-24 के बजट अनुमान के अनुसार 17,921.56 करोड़ रुपये के लक्षित कलेक्शन का लगभग 45 प्रतिशत है। दुर्गा पूजा के चार दिनों के दौरान चलन को देखते हुए, राज्य के उत्पाद शुल्क अधिकारियों को चालू माह में काली पूजा, दिवाली के अवसर पर और फिर दिसंबर में क्रिसमस से शुरू होने वाले तथा नए साल की पूर्व संध्या के साथ समाप्त होने वाले एक और लंबे त्योहारी सीजन के कारण शराब व बीयर की इसी तरह की बिक्री की उम्मीद है। राज्य वित्त विभाग के एक अधिकारी ने कहा, 'आम तौर पर, अक्टूबर और जनवरी के बीच के समय में शराब की बिक्री और राज्य उत्पाद शुल्क कलेक्शन के संबंध में तेजी से बढ़ोतरी होती है क्योंकि छोटे अंतराल पर दो लंबे त्योहारी सीजन होते हैं।


## स्ट्रॉक्चर, एनलाइट और सुपर बोल्टर शीर्ष प्रॉपटेक स्टार्टअप विजेता

नई दिल्ली, 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। रियल ऐस्टेट कंसल्टिंग कंपनी सीबीआरई साउथ एशिया प्राइवेट लिमिटेड ने भारत के सबसे बड़े प्रॉपटेक चैलेंज 'डिसरपटेक 2.' के दूसरे संस्करण के विजेताओं की आज घोषणा की जिसमें दिल्ली की स्ट्रॉक्चर विजेता बन कर उभरी, जबकि मुंबई में एनलाइट और बेंगलुरु की सुपरबोल्टर पहली व दूसरी उपविजेता रहीं। कंपनी ने इस चैलेंज का आयोजन नैस्कॉम स्टार्टअप्स के सहयोग से किया। यह आयोजन इनोवेशन, उद्यमिता और जज्बे का एक अद्भुत प्रदर्शन रहा और यहां पर ऐसे क्रांतिकारी समाधान प्रस्तुत किए गए जो भारतीय रियल ऐस्टेट इंडस्ट्री के भविष्य को नए आयाम प्रदान करने को तैयार हैं। इंडस्ट्री के अनुभवी एवं विशेषज्ञ पेशेवरों ने टॉप 11 फाइनलिस्टों की समीक्षा की जिनमें से शीर्ष 3 विजेताओं को सीबीआरई के भारत, दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य पूर्व व अफ्रीका के अध्यक्ष एवं सीईओ अंशुमान मैगज़ीन ने सम्मानित किया। स्ट्रॉक्चर ईको अनुसंधान-चालित बायोमैटेरियल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी है जो फंक्शनल मैटेरियल बनाती है, जो ज्यादा इंसुलेटिड और 1` प्रतिशत कार्बन निगेटिव भवन निर्माण सामग्री होती है। इन्हें वेस्ट फाइबरों से बनाया जाता है जो कि उत्पाद निर्माण हेतु कच्चे माल का प्रमुख स्त्रोत हैं।

## शेयर बाजार की तेजी थमी

**मुंबई,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। चीन के विनिर्माण पीएमआई में गिरावट के कारण एशियाई बाजार के कमजोर पड़ने से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, हेल्थकेयर, ऑटो और सर्विसेज समेत बारह समूहों में हुई बिकवाली के दबाव में आज शेयर बाजार की पिछले दो दिन की तेजी थम गई। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 237.72 अंक का गोता लगाकर 63874.93 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 61.30 अंक टूटकर 19079.60 अंक रह गया। वहीं दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली हुई, जिससे बीएसई का मिडकैप 0.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 31,245.10 अंक और स्मॉलकैप 0.02 प्रतिशत बढ़कर 36,919.10 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3760 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1738 में बिकवाली जबकि 1902 में लिवाली हुई वहीं 120 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 23 कंपनियां गिरावट जबकि 26 तेजी पर रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे। चीन का विनिर्माण पीएमआई इस वर्ष अक्टूबर में 50.02 से घटकर 49.5 रह गया, जिसका असर बाजार पर पड़ा। इससे बीएसई के 12 समूहों में बिकवाली हुई। इस दौरान ऊर्जा 0.43, वित्तीय सेवाएं 0.12, हेल्थकेयर 0.41, इंडिस्ट्रियल्स 0.16, आईटी 0.19, ऑटो 0.58, बैंकिंग 0.32, कैपिटल गुड्स 0.28, धातु 0.24, तेल एवं गैस 0.18, टेक 0.29 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.53 प्रतिशत उतर आई।




अंतरराष्ट्रीय बाजार में मिलजुला रुख रहा। इस दौरान हांगकांग का हैंगसेंग 1.69 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.09 प्रतिशत की गिरावट रही। वही, ब्रिटेन का एफटीएसई 0.39, जर्मनी का डैक्स 0.43 और जापान का निक्केई 0.53 प्रतिशत बढ़ गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 337 अंक की तूफानी तेजी के साथ 64,449.65 अंक पर खुला और लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 64,452.32 अंक के निचले स्तर तक गिर गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में यह लगातार गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 63,812.53 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 64,112.65 अंक के मुकाबले 0.37 प्रतिशत उतरकर 63,874.93 अंक रह गया। इसी तरह निफ्टी भी 92 अंक चढ़कर 19,232.95 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,233.70 के उच्चतम जबकि 19,056.45 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,140.90 अंक की तुलना में 0.32 प्रतिशत गिरकर 19,079.60 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की गिरावट पर रही 14 कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा ने सबसे अधिक 2.59 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही सन फार्मा 2.39, भारती एयरटेल 1.18, आईसीआईसीआई बैंक 1.01, रिलायंस 0.99, एक्सिस बैंक 0.68, इंफोसिस 0.63, एचडीएफसी बैंक 0.55, आईटीसी 0.43, टाटा स्टील 0.34, टीसीएस 0.32, विप्रो 0.01 और मारुति के शेयर 0.01 प्रतिशत गिरे।

वहीं, टाइटन 2.47, कोटक बैंक 1.17, एशियन पेंट 0.97, एचसीएल टेक 0.97, पावर ग्रिड 0.65, टेक महिंद्रा 0.63, नेस्ले इंडिया 0.58, एनटीपीसी 0.58, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.26, एलटी 0.09, एसबीआई 0.05 और टाटा मोटर्स के शेयरों ने 0.04 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## इंडियन ऑयल का शुद्ध लाभ दूसरी तिमाही में बढ़कर 12,967 करोड़ रुपए हुआ

**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 12,967.3 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया, जबकि पिछले वर्ष की समान तिमाही में 272 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। चालू वित्त वर्ष में मुनाफा उच्च रिफाइनिंग मार्जिन के कारण आया है। तिमाही के दौरान कुल राजस्व 1.8 लाख करोड़ रुपये रहा।




हालांकि, क्रमिक रूप से तेल विपणन दिग्गज का लाभ 5.7 प्रतिशत गिर गया, क्योंकि पिछली तिमाही (अप्रैल-जून) में इसने 13,750 करोड़ रुपए का लाभ कमाया था और राजस्व में 9 प्रतिशत की गिरावट आई थी। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में इंडियन ऑयल का कुल मुनाफा 27,600 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। इंडियन ऑयल का परिणाम बीपीसीएल के वित्तीय वर्ष 23-24 की दूसरी तिमाही के लिए समेकित शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 22-23 की दूसरी तिमाही में 338 करोड़ रुपये के घाटे की तुलना में 8,244 करोड़ रुपये के साथ वापस लौटने के ठीक बाद आया है। सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ने 19,052 करोड़ रुपये का अपना अब तक का सबसे अधिक अर्धवार्षिक लाभ भी कमाया है। सरकारी तेल दिग्गजों का उच्च मुनाफा अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत है क्योंकि यह देश को वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में अचानक उछाल के झटके सहने में सक्षम बनाता है।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली**, 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की गिरावट के दबाव में दिल्ली थोक बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में नवंबर का पाम ऑयल वायदा 55 रिंगिट गिरकर 3570 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.28 सेंट की गिरावट लेकर 52.11 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिकी रही।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## यूपी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए करीब 6.8 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट्स तैयार

**लखनऊ,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से रिकॉर्ड तोड़ 38 लाख करोड़ से ज्यादा के एमओयू करने वाली योगी सरकार अब ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के माध्यम से इस निवेश को धरातल पर उतारने के लिए तैयार है। जिसके सापेक्ष अब तक करीब 6.80 लाख करोड़ रुपए के 8 हजार से अधिक प्रोजेक्ट्स ऐसे हैं जो जीबीसी के माध्यम से धरातल पर उतरने के लिए बिल्कुल रेडी हैं। सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए सभी विभागों के लिए लक्ष्य निर्धारित किया था, जिसके सापेक्ष अब तक करीब 6.80 लाख करोड़ रुपए के 8 हजार से अधिक प्रोजेक्ट्स ऐसे हैं जो जीबीसी के माध्यम से धरातल पर उतरने के लिए बिल्कुल रेडी हैं। इनमें 6 हजार से ज्यादा प्रोजेक्ट्स हैं जिनके एमओयू हो चुके हैं, जबकि करीब 2 हजार प्रोजेक्ट्स नॉन एमओयू वाले भी हैं। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने करीब 8 हजार एमओयू को जीबीसी के लिए शॉर्टलिस्ट किया है, जिनकी कुल निवेश क्षमता 9 लाख करोड़ से ज्यादा की है। योगी सरकार ने अब तक 26 हजार से ज्यादा एमओयू साइन किए हैं, जिनके माध्यम से 38 लाख करोड़ से ज्यादा का निवेश उत्तर प्रदेश में संभावित है। सरकार की ओर से कुल 33 विभागों को 9 लाख करोड़ से ज्यादा के एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए लक्ष्य दिया गया था। इसमें से सर्वाधिक एक लाख करोड़ से ज्यादा के एमओयू को जीबीसी के लिए रेडी करने में एडिशनल सोर्सेज ऑफ एनर्जी ने सफलता हासिल की है। विभाग ने कुल 503 एमओयू किए थे, जिनकी कुल निवेश क्षमता 8 लाख करोड़ से ज्यादा की थी।

विभाग को जीबीसी के लिए 1.25 लाख करोड़ का लक्ष्य दिया गया था, जिसके सापेक्ष 1.04 लाख करोड़ के 111 प्रोजेक्ट्स ने जीबीसी के माध्यम से निवेश के लिए हामी भर दी है। इस तरह विभाग ने जीबीसी के लिए दिए गए लक्ष्य का 83 प्रतिशत से ज्यादा हासिल कर लिया है। इसी तरह यूपीसीडा ने भी 94 हजार करोड़ से ज्यादा के एमओयू को जीबीसी के लिए रेडी कर लिया है। यूपीसीडा ने कुल 625 एमओयू किए थे, जिनकी निवेश क्षमता 3.45 लाख करोड़ से ज्यादा की है। यूपीसीडा को जीबीसी के लिए 2 लाख करोड़ का लक्ष्य दिया गया था, जिसमें वह अब तक 47 प्रतिशत से ज्यादा लक्ष्य हासिल करने में सफल रहा है।

इसी तरह नोएडा अथॉरिटी भी भारी निवेश कराने के लिए तैयार है। उसने 54 हजार करोड़ के 115 प्रोजेक्ट्स को जीबीसी के लिए रेडी कर लिया है। नोएडा अथॉरिटी ने कुल 426 एमओयू किए थे, जिनकी निवेश क्षमता एक लाख करोड़ से ज्यादा की थी। जीबीसी के लिए उसे 90 हजार करोड़ का लक्ष्य दिया गया था, जिसमें वह 61 प्रतिशत को हासिल करने में सफल हो चुका है।

# जोनल स्टेशन में यात्रियों ने मचाया हंगामा खाने पीने के स्टालों में मची भगदड़





**बिलासपुर** ,31 अक्टूबर (देशबन्धु)। आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले में हुए भयंकर ट्रेन हादसे के बाद इस रूट की कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। इसके साथ ही कई ट्रेनों को रूट में बदलाव किया गया है। डाइवर्ट रूट से चलने वाली गाड़ियों में लंबी दूरी की गाड़ियां है इन गाड़ियों के यात्रियों ने मंगलवार को बिलासपुर रेलवे स्टेशन में जमकर हंगामा मचाया।

आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले के कंटाकपल्ली के पास ट्रेन दुर्घटना को देखते हुए, ईस्ट कोस्ट रेलवे ने कई ट्रेनों को रद्द कर दिया है और उनका मार्ग बदल दिया है। हादसे में मरने वालों की संख्या अब तक 14 हो गई है। राहत और बचाव कार्य अभी भी जारी है। घटना के बाद 45 ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं।वहीं कुछ ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया गया आपको बता दे की मंगलवार को इस हादसे की वजह से परिवर्तित मार्ग होकर तीन ट्रेन बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहुंची। इन ट्रेनों के यात्री इतने आक्रोशित थे कि बिलासपुर रेलवे स्टेशन ट्रेन पहुंचते ही यहां यात्रियों ने जमकर हंगामा मचा दिया। यात्रियों का कहना है कि डाइवर्ट रूट से चलने के कारण उन्हें ट्रेन में पीने का पानी तक नहीं मिल पाया, भोजन की तो बात दूर थी,पेंट्रीकार में एक भी सामान उपलब्ध नहीं था। ट्रेन को आउटर में घंटो रोक दिया गया था,जिसके चलते यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जब ट्रेनें बिलासपुर पहुँची तब स्टेशन के भेड़ बकरियों की तरह खाने पीने का सामान झपटते यात्री नजर आये। ट्रेन के रुकते ही स्टालों में ऐसे जमावड़ा लगा लिए कि उन्हें वर्षों से भोजन और पीने की पानी नहीं मिला है। स्टालों में सभी सामान समाप्त हो गए। आनन फानन में स्टाल संचालकों द्वारा तुरंत खाद्य सामग्री मंगाई गई जिसके बाद दूसरे ट्रेनों के यात्रियों को सामान परोसा गया।कन्याकुमारी से डिब्रूगढ़ के बीच चलने वाली विवेक एक्सप्रेस ईस्ट कोस्ट हैदराबाद शालीमार एक्सप्रेस और बेंगलुरु हावड़ा एक्सप्रेस मंगलवार को बिलासपुर रेलवे स्टेशन डायवर्ट होकर पहुंची। विवेक एक्सप्रेस के यात्रियों हंगामे के बीच भोजन और पानी की उपलब्धता कराई गई। जिसके बाद अन्य डाइवर्ट ट्रेन के बाथरूम में भी खाना पानी की व्यवस्था रेलवे द्वारा कराई गई। फिर ट्रेन को यहां से रवाना किया गया कुछ समय के लिए स्टेशन में तो अफ़रातपरी का माहौल मचा हुआ था।

■ **विजयनगरम ट्रेन हादसे के बाद ट्रेनों के बदले गए रूट, डाइवर्ट रूट से चलने के कारण यात्रियों कों ट्रेनों में पीने का पानी तक नहीं मिला**

# जोर-शोर से जारी है मतदाता जागरूकता अभियान

## कलेक्टर ने युवा मतदाताओं एवं नव वधुओं का किया सम्मान

### घर-घर पहुंचकर मतदान के लिए प्रेरित करें बीएलओ

### तखतपुर में आयोजित स्वीप अभियान में शामिल हुए कलेक्टर

**बिलासपुर** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वीप अभियान अंतर्गत कलेक्टर अवनीश शरण की अध्यक्षता में तखतपुर में मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्व सहायता समूह की दीदीयां शामिल हुईं।




कलेक्टर ने स्वीप के आकार में सजाई गई मोमबत्तियों को प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। उन्होंने 18 वर्ष की उम्र पूर्ण कर पहली दफा मतदान की पात्रता पाने वाले 8 युवा मतदाताओं एवं आधा दर्जन नववधुओं का सम्मान किया। कलेक्टर ने अपने सम्बोधन में स्वीप के अंतर्गत महिला समूहों द्वारा किये जा रहे कार्यक्रमों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका है। नाम वापसी के बाद वे वोटर पर्ची मतदाताओं के घर पहुंचाएंगी। पर्ची यदि सही मतदाता तक पहुंचे तो वोटिंग प्रतिशत काफी बढ़ जायेगा। कलेक्टर ने बीएलओ के रूप में दायित्व निभा रहे कार्यकर्ताओं को घर-घर पहुंचकर प्रेरित करने की अपील भी की। कलेक्टर ने शतप्रतिशत मतदान के लिए जारी अभियान में पूर्ण सहयोग के लिए शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में मेगा स्वीप रंगोली का निर्माण किया गया जो कि लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा। स्वीप अभियान को गति प्रदान करने के लिए स्काउट गाईड द्वारा लगभग 20 हजार से ज्यादा रंग बिरंगे पतंगों का निर्माण किया गया है। उन्होंने कलेक्टर को पतंग की प्रतियां भेंट की। जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी अजय अग्रवाल ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने जिले में संचालित स्वीप गतिविधियों से सभा को अवगत कराया।

# सार-संक्षेप



## प्रचार के दौरान भाजपा व छजकां के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में कांग्रेस में हुए शामिल

**बिलासपुर**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोटा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी अटल श्रीवास्तव आज रतनपुर ग्रामीण के दौरे पर रहे। जनसंपर्क के दौरान अटल श्रीवास्तव को प्रत्येक गांव में भरपूर जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है। आज जनसंपर्क के दौरान बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी एवं छत्तीसगढ़ जोगी कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं समर्थक बड़ी संख्या में कांग्रेस प्रवेश कर, कांग्रेस का हाथ थामा। भाजपा से दुर्गा साहू, गणेश साहू, विकास जायसवाल, परस गिरि साह, दरस सिंह शाह, माखन सिंह भानू, ईतवार सिंह, श्यामा बाई साहू ने भाजपा छोड़ कांग्रेस प्रवेश किया वही छजकां से अशोक कुमार राज, रामलाल मार्को, नीलकमल गंधर्व, सुरेश मरावी, गोपाल साहू, दुखीराम गंधर्व, सावन सिंह गंधर्व, संतोष कुमार राज, रामस्नेही राज, भागीरथी मरकाम, कुशल प्रजापति, आयुष गंधर्व, अनिल यादव ने जोगी कांग्रेस छोड़कर, कांग्रेस का हाथ थामा। अटल श्रीवास्तव ने सभी का स्वागत किया। और कहा कांग्रेस सभी को सम्मान देने वाली पार्टी है। कोटा विधानसभा कांग्रेस का गढ़ रहा है। आप सब के आने से कांग्रेस भारी बहुमत से चुनाव जीतेगी। अटल श्रीवास्तव ने आज दोनासागर, डोंगी, पंडरा-पथरा, महोदा, नेवार बहरा, जामुनाही, नवागांव, पोड़ी, सहित रतनपुर ग्रामीण के घांसीपुर, पोड़ी आदि का भी दौरा किया। अटल श्रीवास्तव के साथ रतनपुर और आसपास के कार्यकर्ता, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, महिला कांग्रेस के सेवा दल के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अटल श्रीवास्तव ने कहा कि किसानों की सरकार हैं और 2023 में पुनः सरकार बनेगी और स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में काम किया जावेंगा। रतनपुर इलाका पर्यटन के रूप में अपनी पहचान बनायेंगा।

## शराब के साथ युवक पकड़ाया

**बिलासपुर** , 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीमती अर्चना झा, पुलिस उप अधीक्षक (मुख्यालय) उदयन बेहर के मार्गदर्शन में अवैध शराब पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में थाना मस्तूरी द्वारा टीम बनाकर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अवैध शराब बिक्री की सूचना मिलने रेड कार्रवाई किया गया । कृत कार्यवाही के दौरान ग्राम आकडीह में सतीश टंडन अपने घर के पास आंगन में अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब कुल मात्रा 15 लीटर किमती 3000 रुपए को बिक्री करने के नियत से छिपाकर रखा था।उक्त आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर केंद्रीय जेल बिलासपुर भेजा गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र अनंत,प्रधान आर.तेजकुमार रात्रे आर. कृष्ण कुमार माहिलांगे ,शशि करण कुर्रे ,सुरेंद्र जांगड़े का विशेष योगदान रहा।

## नॉन इंटरलॉकिंग कुछ ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

**बिलासपुर,** 31 अक्टूबर(देशबन्धु)। अधोसंरचना विकास हेतु उत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के अंतर्गत वाराणसी रेलवे स्टेशन के यार्ड का आधुनिकरण का कार्य किया जायेगा । इस कार्य के लिए नॉन इंटरलोकिंग कार्य किया जाएगा । यह कार्य दिनांक 02 सितम्बर से 29 अक्टूबर, 2023 तक किया जा रहा है । इस कार्य का विस्तार कर दिनांक 05 नवम्बर, 2023 तक किया गया है । इस कार्य होने कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली कुछ गाड़ियो का परिचालन प्रभावित रहेगा ।इस कार्य के फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा । जिसका विवरण इस प्रकार है।

**परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाडियाँ**

1 एवं 3 नवम्बर को दुर्ग से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18201 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग प्रयागराज जंक्शन-सुल्तानपुर-अयोध्या कैंट-अयोध्या-नौतनवा होकर रवाना होगी । 3 एवं 5 नवम्बर को नौतनवा से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18202 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग नौतनवा-अयोध्या-अयोध्या कैंट-सुल्तानपुर-प्रयागराज जंक्शन होकर रवाना होगी ।

# हत्या के प्रयास करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर** , 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। हत्या के प्रयास के मामले में कोटा पुलिस ने तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है। वही इस मामले का एक फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी रंजय कुमार दुबे साकिन गोबरीपाठ थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की मैं अपना काबिज जमीन में कलम खोदने के लिए अपने जेसीबी मशीन में साफ सफाई कर रहा था जेसीबी मशीन को ऑपरेटर अवध चल रहा था। इसी समय सतीश पात्रे, संतोष पात्रे, जितेंद्र पात्रे एवं अन्य लोग डंडा,टगिया पत्थर लेकर आए और गंदा गंदा गाली गुप्तार करते हुए हमारे जमीन में कब्जा कर रहे हो बोलकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिए मारपीट करने से मेरा सिर और मेरे पुत्र शिवम दुबे का सिर पीठ में चोट लगा है खून निकल रहा है। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद कर विवेचना में लिया गया है। उक्त मामले में सूचना दौरान डॉक्टर साहब द्वारा सीटी स्कैन, कयुरी रिपोर्ट के आधार पर चोट गंभीर किस्म होने से धारा 307 भा.द.वी. जोड़ी गई। मामले में तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपीगणों की पता तलाश हेतु ग्राम गोबरीपाठ जाकर आरोपीगणों का पता तलाश कर आरोपीगण



सतीश कुमार पात्रे, संतोष कुमार, जितेंद्र कुमार पात्रे के मिलने पर घटना में प्रयुक्त डंडा , टंगिया को जप्त कर 03 आरोपीगणों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजी गई है। मामले में 01 फरार आरोपी की पता तलाश जारी है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी टी.एस. नवरंग, स.उ.नि. मेलाराम कठौतिया, आरक्षक खिलावन नेताम का सराहनीय योगदान है।

# समय व लाइन में लगने की झंझट से बचने यूटीएस मोबाइल ऐप का करें उपयोग

## स्टेशनों से 25 किमी की दूरी से भी बुक कर सकते हैं यूटीएस टिकट

**बिलासपुर** , 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। डिजिटल टिकटिंग मोड को प्रोत्साहित करने, सेल्फ टिकटिंग को बढ़ावा देने तथा यात्री कतारों की परेशानी का सामना किए बिना टिकट खरीद सकें, इसी उद्देश्य से रेलवे प्रशासन द्वारा घर बैठे अनारक्षित टिकट बुकिंग हेतु यूटीएस मोबाइल ऐप की सुविधा प्रदान की गई है। अनारक्षित टिकट पर यात्रा करने वाले यात्री अपने मोबाइल पर इस ऐप को डाउनलोड करके वांछित गाड़ी में यात्रा के लिए अनारक्षित टिकट बुक कर सकते हैं। इस ऐप के द्वारा किसी भी स्टेशन के लिए अनारक्षित टिकट प्राप्त किया जा सकता है। इस एप को बिना लाइन लगाये घर बैठे सभी स्टेशनों का अनारक्षित टिकट की बुकिंग, मासिक सीजन टिकट का नवीनीकरण एवं प्लेटफार्म टिकट की बुकिंग हेतु विशेष रूप से तैयार किया गया। यह एप स्टेशन परिसर से 25 किमी की दूरी तक कार्य करती है।बिलासपुर मंडल के सभी स्टेशनों पर ऑनलाइन अनारक्षित रेल टिकट बुकिंग के लिए यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप (ञ्जस् ह्ठ स्भ्ङ्खद्घद्यद्ग श्च्थ्) की सुविधा उपलब्ध है। बिना लाइन लगे रेल टिकट लेने का यह साधन रेल यात्रियों के बीच लोकप्रिय होने लगा है। काफी संख्या में लोग इस मोबाइल ऐप का उपयोग कर रहे हैं, जिससे ऐप से रेल टिकट बिक्री में




उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई है ।इस सुविधा के लिए यात्रियों को अपने इंटरनेट सुविधा वाले मोबाइल फोन के प्ले स्टोर में जाकर ञ्जस् श्च्थ् को इंस्टाल करना है, इंस्टाल के पश्चात् अपने मोबाइल नंबर को रजिस्ट्रेशन कराना होता है इसके पश्चात् टिकट बुकिंग हेतु पेपरलेस टिकट विकल्प पर जाकर अनारक्षित टिकट बुक किया जाता है। टिकट का भुगतान हेतु आर-वाल्टर क्यूआर कोड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग, यू.पी.आई की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। ऋ-वालेट के रिचार्ज पर 03 प्रतिशत तक का अतिरिक्त बोनस की सुविधा भी उपलब्ध है ।

इस सुविधा का सीधा लाभ यात्रियों को लाइन में लगने वाली समय के बचत के रूप में हो रही है जिसका उपयोग वे अन्य कार्यों के लिए कर रहे हैं ।वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक विकास कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में मंडल वाणिज्य विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है । इसके अंतर्गत वाणिज्य विभाग के पर्यवेक्षकों व कर्मचारियों द्वारा मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों में हेल्प डेस्क का प्रावधान कर यात्रियों को यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है जिससे यात्रीगण इस सुविधा का सरलता के साथ उपयोग कर इसका लाभ उठा सकें।रेल प्रशासन यात्रियों से आग्रह करता है घर बैठे इस एप के माध्यम से टिकट खरीदने की इस सुविधा का अधिकाधिक लाभ उठावें एवं अपना समय बचाकर अन्य जरूरी कार्यो में लगायें।

# राष्ट्र को श्रेष्ठतम बनाने के लिए राष्ट्र सेवा में पूर्ण समर्पित होना होगा-प्रो. चक्रवाल

## सीयू में सरदार पटेल जयंती और राष्ट्रीय एकता रैली निकाली गई

**बिलासपुर**,31 अक्टूबर (देशबन्धु)। गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई। इस मौके पर गुरु घासीदास प्रतिमा से रजत जयंती सभागार तक राष्ट्रीय एकता रैली निकाल कर एकता का परिचय भी दिया गया। वहीं एक भारत श्रेष्ठ भारत की विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल हुए छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहर के सुप्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ व समाजसेवी डॉ. ललित माखीजा, मुख्य वक्ता डॉ. आवा शुक्ला ज़ विभागाध्यक्ष पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर मुक्त विश्वविद्यालय, अहमदाबाद, विशिष्ट अतिथि डॉ. परेश जी. खताना, निदेशक और संरक्षक, श्रीं ओम महाविद्यालय, राजकोट, विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर मनीष श्रीवास्तव तथा एक भारत भारत के नोडल अधिकारी राजेंद्र मेहता उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने की।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विश्वविद्यालय के मुखिया कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर उनके जीवन से जुड़े किस्से का जिक्र करते हुए बताया कि अंग्रेजी हुकूमतों ने अपनी षड्यंत्रकारी नीतियों से देश का विभाजन किया। देश की रियासतों को स्वतंत्र फैसला लेने का अधिकार दे दिया कि वो भारत या पाकिस्तान किसी के भी साथ जा सकते हैं। सरदार वल्लभभाई पटेल ने उन रियासतों का एकीकरण कर एक सुदृढ़ भारत बनाया जिसमें हम और आप निवास करते हैं।




सरदार पटेल नहीं होते तो एक राज्य से दूसरे राज्य में जाने के लिए वीजा लेना पड़ता, लेकिन आज हम सुखी और स्वतंत्र रूप से इस राष्ट्र में रह रहे हैं। यह उनकी ही देन है। उन्होंने गांधी जी द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल को लिखे गए चिट्ठी के बारे में भी जिक्र किया। कुलपति प्रो चक्रवाल ने बताया कि सरदार पटेल ने मनखे मनखे एक समान का काम किया और लोगों को एक सूत्र में पिरोया। राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका अग्रणी थी। उनके किए गए कार्यों को देश कभी नहीं भूल सकता। उन्होंने कहा कि अगर सरदार पटेल के जीवन आदर्शों को समझेंगे तो भारतीयता को समझ जायेंगे। कोई भी व्यक्ति अपने समाज और राष्ट्र को दिए योगदान के कारण याद रखा जाता है। उन्होंने कहा कि सभी को राष्ट्र को अग्रणी और श्रेष्ठतम राष्ट्र बनाने के लिए कर्तव्य पथ पर चलना होगा।

इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. आवा शुक्ला ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर उनके राष्ट्र के प्रति किए गए कार्यों, समर्पण और उनकी शिक्षा दीक्षा पर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश को आकार देने का काम किया है। आजादी की लड़ाई में उनका विशेष योगदान रहा है। उन्होंने पद की लालसा न रखते हुए राष्ट्र को सर्वोत्तम समझा। सरदार वल्लभभाई पटेल को आज पूरा देश लौह पुरुष के नाम से जानता है। उनकी सोच दूरगामी थी । उन्होंने देश का एकीकरण किया इसलिए उन्हें लौह पुरुष का दर्जा दिया। गया।

मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए नगर के सुप्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. ललित माखीजा ने सरदार चल्लभभाई पटेल के जयंती के अवसर पर राष्ट्र के प्रति उनके किए गए क्रियाकलापों को आत्मसात करते हुए छात्रों को सरदार पटेल के जीवन से शिक्षा लेने की बात कही। वहीं उन्होंने बताया कि वल्लभभाई पटेल ऐसे व्यक्तित्व थे, जिन्होंने सभी को साथ लेकर चलने की बात कही है। वहीं, उन्होंने गुरु घासीदास विश्वविद्यालय की तुलना छोटे भारत के रूप में की और कहाँ कि यहां के छात्रों में बहुत अधिक क्षमताए हैं। आगे चलकर यहाँ के बच्चे को-ऑपरेटिव मॉडल को फॉलो करते हुए राष्ट्र को और अधिक दिशा दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय चिंतन जरूरी है, क्योंकि सरदार वल्लभभाई पटेल की भी सोच यही थी।इससे पूर्व कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती व संत गुरु घासीदास एवं सरदार पटेल जी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पण किया। विश्वविद्यालय के तरंग बैंड ने सरस्वती वंदना व अपने सुमधुर गीतों से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अतिथियों का स्वागत नन्हें पौधों से किया गया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. शैलेन्द्र कुमार नै स्वागत भाषण दिया तथा कुलसचिव प्रो मनीष श्रीवास्तव ने धन्यवाद प्रेषित किया। इस मौके पर अतिथियों को शॉल,श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गरिमा तिवारी ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के संकाय अध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण अधिकारीगण समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर विश्वविद्यालय में सतर्कता सप्ताह तीस अक्टूबर से 5 नवंबर तक मनाया जा रहा है। सतर्कता सप्ताह के दौरान विश्वविद्यालय में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसके तहत 30 अक्टूबर को भ्रष्टाचार के खिलाफ शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने शपथ ग्रहण किया।

**देशबन्धु**

**पाठकों के लिए सूचना**

| माह अक्टूबर 2023 का अखबार बिल | | |
|---|---|---|
| दिन | दर | रू. पै. |
| 30 दिन | 4.00 | 120.00 |
| 01 दिन अवकाश | | |
| कुल 31 दिन | | रू. 120.00 |

कृपया अपने अभिकर्ता को उपरोक्तानुसार बिल का भुगतान 7 ता. तक करने का कष्ट करें।

**प्रसार व्यवस्थापक**

**NECC**

| 01.11.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 533 | 92 | 170 |
| चिल्हर | 6.25 | 107 | 195 |

डिलीवरी 548 सैकड़ा

दर्जन अंडा 75 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.

CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188